प्रभास की फिल्म से डर रहे हैं शाहरुख ... पेज 09 पर



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 14 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-01 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

विशेष संपादकीय

## 29 वर्ष का सफरनामा व 30वें वर्ष में प्रवेश

# नया संसार खामोशी से रचने में लगा है आपका राष्ट्रीय नवीन मेल



सुरेश कुमार बजाज

हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल खामोशी से नया संसार रचने में लगा हुआ है। इसने 29 वर्ष की अपनी यात्रा पूरी कर ली है। आज 30वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। यह काम स्थानीय स्तर पर कर रहा है, पर सोच ग्लोबल है। यही कारण है कि झारखंड के अलावे देश-दुनिया में सराहा जा रहा है और मुकाम भी मिल रहा है। बहरहाल 29 वर्ष की यात्रा किसी अखबार के लिए आसान नहीं होती है। उसके रगों में दौड़ते रक्तों का हीमोग्लोबिन सहिष्णुता और धैर्य का है। इसकी पगडंडियों में फूल नहीं, अपितु अनेक रोड़े बिखरे पड़े हैं। हम भौतिक व बौद्धिक संभावनाओं से बात करते रहते हैं। अपने मनोबल पर लगी खरोंच के बारे बहुत कुछ बताना ऐसे मौके पर मुझे सही नहीं लगता है। बावजूद हौसलों की उड़ान जारी है। जीवन में कुछ बड़ा पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है और संघर्ष करने के लिए हौसले का होना जरूरी है। यही कारण है कि मेरे सपनों की उड़ान आसमान तक है। यह हौसला आपके प्यार और स्नेह की वजह से है। 14 अक्टूबर 1994 का दिन मुझे याद है। जब पलामू से इस दैनिक अखबार का प्रकाशन हुआ था। उस जमाने में कई प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म था। उसकी एक खास वजह यह थी कि यहां अखबार का कल्चर नहीं के बराबर था। आज से 29 वर्ष पहले यहां बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव था। यह जिला अत्यंत पिछड़ा माना जाता था। यह नक्सलवाद के गढ़ के रूप में पूरे देश दुनिया में जाना जाता था। बंधुआ मजदूरी और सामंतवाद का बोलबाला था। यहां घटने वाली घटनाओं से लोग अनजान रहते थे। उस जमाने में एक या दो दिन विलंब से अखबार आते थे। यह मन को कचोटता था। एक प्रकार से यहां अघोषित कर्फ़्यू का दृष्य था। ऐसे में मेरे मन में यहां की गरीबी, लाचारी, विवशता देखकर दुखी होना स्वभाविक था। कारण बीआईटी मेसरा से 1979 में इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर लौटने के कुछ दिन पूर्व से पलामू से व्यवसायी नाता जुड़ गया था। साथ ही जन्मभूमि रांची होने की वजह से अधिकांश समय वहीं पर गुजरा था। देश विदेश भ्रमण करने के बाद पारिवारिक जवाबदेही और व्यापार के सिलसिले में पलामू आना पड़ा। ऐसा पिताजी का आदेश भी था। जब मैं यहां पहली बार आया तो मुझे आश्चर्य हुआ कि मेदिनीराय की इस धरती की कोख ने कई ऐसे रत्नों को जन्म दिया है, जिसकी धमक पूरे देश में सुनाई पड़ती है। दूसरी तरफ ज्ञानमय कोष के दृष्टिकोण से यह धरती काफी उर्वरा रही है। बावजूद यह इलाका काफी पिछड़ा हुआ था। गोलियों की आवाज और बारूद की गंध ने इसकी खुशी को छीन ली थी। स्वार्थ की चाशनी में यहां के जनप्रतिनिधि मशगूल थे। ऐसे में मैं कुछ दिनों तक किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में यह सोचता रहा कि मैं क्या करूं? बाद में मैंने संकल्प लिया कि यहां के लिए कुछ करना है। बार-बार अपने शुभचिंतकों के मना करने के बावजूद मैंने 14 अक्टूबर 1994 को राष्ट्रीय नवीन मेल की नींव रखी। पलामू की गंगा कोयल के तट पर अवस्थित गांधी स्मृति सभा भवन इसका गवाह बना। विजयादशमी के मौके पर इस लोकार्पण समारोह में पूरा पलामू उमड़ पड़ा था। मुझे जहां तक याद है मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रख्यात पत्रकार एस.एन.विनोद, लोकसभा सदस्य सूरज मंडल, विनोद नारायण दीक्षित, राधाकृष्ण किशोर, अवधेश सिंह, पूरनचंद, ईश्वर चंद पांडे समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। पंडित विजयशंकर चतुर्वेदी बाल व्यास ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया था। उस दिन के बाद से आज तक की खबरें पलामू का यह अखबार पूरे देश में पहुंचा रहा है। इस प्रकार पलामू का वर्षों का सपना साकार हुआ। वादे के अनुसार यहां की खुशी निगलने वाले वैसे हर एक शख्स की पड़ताल होती रही। ऐसे में नाराजगी स्वभाविक है, जिसका दंश मैं झेलता रहा, लेकिन अखबार को आंच नहीं आने दिया। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हमारा संकल्प आज भी वही है। यही कारण है कि इसके दो-दो संस्करण मेदिनीनगर और रांची से बदस्तूर जारी हैं। जीवन की सांध्य बेला में मेरी इच्छा इसके और विस्तार की है। प्रभु की इच्छा और आप सब के प्यार की बदौलत मैं इस कार्य में भी लगा हुआ हूं। आशा ही नहीं, पूरा विश्वास है कि ईश्वर इस कार्य के लिए मुझे माध्यम बनायेंगे। यह इसलिए मैं कह रहा हूं कि बाल्यकाल से मुझे उस परमपिता परमेश्वर पर पूरा भरोसा रहा है। इसे आप जो सोचें, समझें। जो सच है वह मैं आपके सामने रख रहा हूं। जीवन ने मुझे बहुत कुछ दिया है, मैं उसे अखबार के माध्यम से लौटाने के लिए प्रयासरत हूं। मेरा मानना है कि अखबार व्यवसाय नहीं, बल्कि एक सेवा है। यही कारण है कि लाख परेशानियों के बावजूद अखबार के प्रति मेरी संवेदनायें बरकरार हैं। आगे प्रभु की इच्छा। कारण मैं मानता हूं कि यह राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ईश्वर में मेरा विश्वास के मंत्र से चल रहा है। इसका श्रेय मैं नहीं लेना चाहता। कारण आज जो कुछ भी मैं हूं, वह सब ऊपर वाले की कृपा से है। ऐसे में आज से 29 वर्ष पूर्व और आज को जब मैं देखता हूं तो विश्वास ही नहीं होता है कि इतना लंबा समय कैसे गुजर गया। तमाम बाधाओं के बावजूद 29 साल के सफरनामे में आपका साथ मेरी पूंजी है। इसकी बदौलत मेरे हौसले आज भी वही हैं, जो पहले थे। आज यह जानकर खुशी होती है कि हमारे संस्थान में कार्यरत कर्मी दूसरे संस्थानों में हमारे यहां से प्रशिक्षण लेकर पत्रकारिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं। उनके उज्ज्वल भविष्य की मैं कामना करता हूं। आज इस खुशगवार मौके पर मैं अपने तमाम पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंटो को हार्दिक शुभकाना देता हूं कि उन्होंने हमारा साथ हर पल दिया है। आगे मेरे पुत्र हर्ष इसे और आगे लेकर जायेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

## गागर में सागर

### सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ , कई नक्सली घायल

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी में कई नक्सली घायल हो गए। हाथीबुरू कुरिया के जंगली क्षेत्र में मुठभेड़ होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों के जवानों ने एंटी नक्सल अभियान शुरू किया। इस दौरान माओवादियों ने एकतरफा फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जबाबी कार्रवाई में कई माओवादी घायल हो गए है। फिलहाल मुठभेड़ जारी है। पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर से संपर्क न हो पाने की वजह से सही स्थिति का पता नहीं चल पाया है।

### गिरिडीह में 20 हजार रुपये रिश्वत लेता कर्मचारी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिला शिक्षा अधीक्षक ऑफिस के कर्मी मिथलेश गौतम को एसीबी की टीम ने शुक्रवार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम गौतम को अपने साथ धनबाद ले गयी है। बताया जाता है कि डीएसई विनय कुमार के कार्यालय में कार्यरत मिथिलेश गौतम एक शिक्षक से पेंशन की स्वीकृति दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी, जिसके बाद शिक्षक ने इस मामले की शिकायत एसीबी धनबाद से की थी। एसीबी धनबाद की टीम ने गिरिडीह के पपरवाटांड स्थित समाहरणालय में स्थित डीएसई के कार्यालय में गौतम को गिरफ्तार कर लिया।

### गिरिडीह में ट्रेन की चपेट में आने से दिव्यांग की मौत

**गिरिडीह।** न्यू गिरिडीह - कोडरमा रेल लाइन पर शुक्रवार को इस ट्रेन से कटकर दिव्यांग आबिद अंसारी की मौत हो गई। बताया जाता है कि पति - पत्नी में कुछ दिन से विवाद चल रहा था। इसके कारण गुरुवार को भी अपनी जान देने के लिए गया था तो ग्रमीण ने उसे देख तो उसे समझा - बुझा कर घर ले गया। लेकिन कोडरमा से न्यू गिरिडीह तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन सुबह करीब आठ बजे सलैया स्टेशन के समीप पहुंची।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

बाग्लादेश -245/9 (50 ओवर)

न्यूजीलैंड - 248/2 (42.5 ओवर)

**आज का मैच**

भारत बनाम पाकिस्तान अहमदाबाद (2 बजे से)

## दुर्गा पूजा से पहले मुख्यमंत्री ने की विधि व्यवस्था को लेकर बैठक, कहा-

# शांति से संपन्न हों पर्व-त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में दुर्गा पूजा और आगामी अन्य पर्व-त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हों। कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई हिंसा और उपद्रव की घटना नहीं हो, इसे सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सुनिश्चित करें। इस क्रम में सारी प्रशासनिक तैयारियां समय पर हो जानी चाहिए। मुख्यमंत्री राज्य मंत्रालय में शुक्रवार को दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व समेत अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। उन्होंने सुरक्षा, साफ सफाई, स्वच्छता, बिजली-पानी, यातायात व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी लेने के साथ उन्हें कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरते। विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं नहीं हो, ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान कई बार पावर कट की वजह से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है । ऐसे में सभी हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइट्स दो दिनों के अंदर दुरुस्त हो जानी चाहिए। उन्होंने जिलों के उपायुक्त से कहा कि बिजली आपूर्ति को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखें। बेहतर होगा कि इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था रखें। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण और बड़े पूजा पंडालों और जुलूस विसर्जन मार्ग में सभी सीसीटीवी फंक्शनल होनी चाहिए ताकि यहां की गतिविधियों की सतत निगरानी हो सके। इसके साथ पूजा पंडालों में जवानों की 24 घंटे तैनाती रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विसर्जन जुलूस मार्ग में कहीं भी ईंट-पत्थर जमा नहीं रहना चाहिए। डिवाइडर में लगे लोहे के तार भी दुरुस्त कर लिए जाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे विभिन्न पूजा समितियां को इको फ्रेंडली पूजा आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करें। पूजा के दौरान प्रदूषण नहीं हो, इसके लिए जागरूक करें। यह भी योजना बनाएं कि जो पूजा समिति सरकार के गाइडलाइन का पालन करेंगी उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री कहा कि सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखें। यदि कोई सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रम फैलाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों- तालाबों और अन्य जलाशय को स्वच्छ रखना आज बहुत बड़ी चुनौती है। नदियों का प्रदूषण स्तर बढ़ना काफी खतरनाक है। ऐसे में पूजा को स्वच्छता अभियान से जोड़ने की पहल करें और इसके लिए सभी पूजा समितियां से सहमति बनाने का प्रयास करें।

इस मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डीजी फायर सर्विसेज अनिल पाल्टा, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबु बकर सिद्दीक, एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, आईजी ऑपरेशन होमकर अमोल विणुकान्त, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार और आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

## बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि के कुलपति को किया पदमुक्त

■ **राज्यपाल ने कहा विश्वविद्यालयों में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति प्रो सुखदेव भोई को कुलपति के पद से पदमुक्त करने का आदेश दिया है। राजभवन से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार प्रो सुखदेव भोई के विरुद्ध विभिन्न स्तरों से कई गंभीर शिकायतें कुलाधिपति कार्यालय को प्राप्त हुई, जिस पर राज भवन की ओर से जांच का आदेश दिया गया। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आरोपों की जांच के लिए एक टीम गठित की गई। राज्यपाल के निर्देश के बाद टीम की ओर से गहन जांच कर जांच प्रतिवेदन समर्पित किया, जिसमें बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति की ओर से प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता बरतने की कई गंभीर शिकायतों की पुष्टि की गई। समीक्षा के बाद कुलपति का आचरण और कृत्य विश्वविद्यालय के हित में नहीं पाया गया। इसके राज्यपाल महोदय ने प्रो. सुखदेव भोई को कुलपति पद की गरिमा के विरुद्ध कार्य करने के लिए पदमुक्त करने का आदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार क्षम्य नहीं है, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हाईकोर्ट से सीएम हेमंत को झटका, ईडी के समन के खिलाफ याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने शुक्रवार को ईडी के समन के खिलाफ हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने अपनी दलील में कहा कि सीएम सोरेन ने समन का पहले ही उल्लंघन किया है। वे ईडी के किसी भी समन पर उपस्थित नहीं हुए। ऐसे में उनका समन को चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं है, इसलिए उन्हें राहत नहीं दी जा सकती। ईडी की ओर से यह भी कहा गया कि प्रार्थी ने जो पीएमएलए एक्ट की धारा 50 और 60 को चुनौती दी है, उसे सुप्रीम कोर्ट विजय मदन लाल चौधरी के केस में डिसाइड कर चुका है। इसके तहत एजेंसी को समन और बयान लेने का अधिकार है। ऐसे में हाई कोर्ट इस मामले में कोई आदेश नहीं दे सकता। वहीं सीएम की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि सीएम के खिलाफ किसी तरह का कोई मामला दर्ज नहीं है। ऐसे में उन्हें ईडी द्वारा समन दिया जाना उचित नहीं है।

## J-GURUJI APP से पढ़ेंगे सरकारी स्कूल के बच्चे

# डिजिटल शिक्षा की दिशा में सरकार की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार निजी स्कूलों के तर्ज पर राज्य के सरकारी स्कूल को इन दिनों आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ शिक्षा देने की तैयारी में जुट गई है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के खोले जाने के बाद अब राज्य सरकार ऑनलाइन डिजिटल शिक्षा देने पर जुटी है। इसी कड़ी में 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन J-GURUJI APP की शुरूआत करेंगे। झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा तैयार J-GURUJI APP मोबाइल ऐप सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा मुहैया करायेगा। खास बात यह है कि इस ऐप में बच्चों को स्कूल के साथ साथ घर में भी ऑडियो वीडियो के साथ डिजिटल स्क्रिप्ट के साथ पढ़ाई कर सकेंगे। शिक्षा सचिव के रवि कुमार के अनुसार आम तौर पर सरकारी स्कूलों के बच्चे कई तरह के ऑनलाइन ऐप सब्सक्राइब नहीं कर पाते थे, जिस वजह से नयी टेक्नोलॉजी के साथ पढ़ाई से वे वंचित रह जाते थे। इस ऐप में ऐसे कई फीचर्स हैं जिसमें वे पढ़ाई के साथ साथ मूल्यांकन भी कर सकेंगे।

**इस ऐप की खासियत :** इस ऐप के माध्यम से डिजिटल कंटेंट के साथ ऑडियो-वीडियो माध्यम से बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे। पढ़ाई के साथ साथ बच्चे खुद का मूल्यांकन भी कर सकेंगे। गलत उत्तर की समुचित व्याख्या के साथ सही उत्तर इस ऐप के जरिए मिलेगा। छुट्टी के दिन घर बैठे यूजर पासवर्ड के माध्यम से बच्चे लॉगिन कर पढ़ाई कर सकेंगे। स्कूली बच्चों की पढ़ाई और मूल्यांकन की मॉनिटरिंग टीचर कर सकेंगे। J-GURUJI APP स्मार्ट फोन के प्ले स्टोर से बिल्कुल मुफ्त डाउनलोड किया जा सकता है। डिजिटल शिक्षा देने को लेकर सरकार के द्वारा की गई इस तैयारी से झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लाभान्वित होने की उम्मीद जताई जा रही है। जिसे ध्यान में रखते हुए 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन J-GURUJI APP लॉन्च करने जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का किया अनावरण, बोले

# हमारे खिलाड़ी खनिज संपदा से ज्यादा मूल्यवान

### रांची की मेजबानी में 27 अक्टूबर से चैंपियनशिप का होगा आगाज



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में खेल एक अहम हिस्सा है। खेलों में झारखंड एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरे। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग मुकाम हासिल करें। इसके लिए खेलों से जुड़ी व्यवस्थाओं और संसाधनों को मजबूत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी खेल के लिए टीम तैयार हो उसमें झारखंड के खिलाड़ी हमेशा शामिल रहें। मुख्यमंत्री ने यह बात शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 के इवेंट मैस्कोर्ट ₹जूहीर₹ और ट्रॉफी का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में सभी खेलों में अपनी अलग पहचान बनाई है। यदि हम क्रिकेट खेल की भी बात करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी हमारे राज्य से ही आते हैं। राज्य में विमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी-2023 की शुरूआत 27 अक्टूबर से हो रही है। आने वाले दिनों में अन्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का मेजबानी झारखंड करेगा, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा के लिए अधिक जाना जाता रहा है। यहां सभी तरह के खनिज का मिलना आम बात है। यह राज्य देश को अलग ताकत प्रदान करता है। राज्य सरकार की ओर से जब यहां के खिलाड़ियों को तराशने का कार्य प्रारंभ हुआ तब पता चला कि खिलाड़ियों को तराशना यहां की खनिज संपदा से कहीं अधिक मूल्यवान है। इस मौके पर अंतराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल सचिव मनोज कुमार, हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन सहित कई पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी, वर्तमान खिलाड़ी सहित अन्य मौजूद थे।

### हॉकी इंडिया के प्रति जताया आभार

मुख्यमंत्री ने झारखंड राज्य में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का आयोजन करने के लिए हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों के बीच नई रोशनी फैलेगी। मैं हॉकी फेडरेशन को आश्वस्त करता हूं कि इस आयोजन में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। चैंपियन ट्रॉफी में सरकारी व्यवस्था का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। आयोजन से राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैयब इकराम एवं उनकी पूरी टीम को सहदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लिथआनिया से हैक किया गया था झारगोव टीवी का फेसबुक

## इंस्टाग्राम, मेटा की रिपोर्ट का इंतजार

**रांची।** झारखंड सरकार की झारगोव टीवी के फेसबुक और इंस्टाग्राम को हैक कर अश्लील वीडियो और तस्वीरें डालने के लिए यूरोप के लिथआनिया के सर्वर का इस्तेमाल किया गया था। जांच के क्रम में साइबर टीम को यह जानकारी मिली है। मामले में जांच की दिशा को आगे बढ़ाने के लिए साइबर टीम ने मेटा को पत्र भेज कर पूरी जानकारी मांगी है।

**साइबर ब्रांच ने मेटा को लिखा पत्र :** झारखंड सरकार की झारगोव टीवी के फेसबुक और इंस्टाग्राम एकाउंट का पासवर्ड और यूजर नेम रिकवर कर रांची की साइबर टीम अब मामले में आगे की तफ्तीश में जुट गई है। जांच में साइबर टीम को यह जानकारी मिली है कि झारगोव टीवी के फेसबुक और इंस्टाग्राम को हैक कर अश्लील वीडियो और तस्वीरें डालने के लिए यूरोप के लिथआनिया के सर्वर का प्रयोग किया गया था। इस मामले में रांची साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा मेटा को पत्र भेजा गया है ताकि पूरे मामले का खुलासा हो सके। मिली जानकारी के अनुसार मेटा से रिपोर्ट आने में 21 दिनों का समय लगता है। मामले में मेटा के साइबर एक्सपर्ट जब अपनी रिपोर्ट रांची साइबर टीम को सौपेंगे उसके बाद ही मामले में आगे की करवाई की जाएगी।

**फेसबुक और इंस्टाग्राम दोनो हैक किए गए थे :** पूरा मामला झारखंड सरकार के अधिकृत सरकारी ब्रॉडकास्टिंग चैनल झारगोव टीवी से जुड़ा हुआ है। अज्ञात साइबर अपराधियों के झारगोव टीवी का फेसबुक और इंस्टाग्राम एक साथ हैक कर लिया गया था। हैक करने के बाद उसमें अश्लील वीडियो और फोटो डाले जा रहे थे। मामला सामने आने के बाद रांची के गोंदा थाने में इस संबंध में मंगलवार को एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

## गागर में सागर

### तहसील भवन बनना जरूरी : विधायक



**पांकी।** प्रखंड के तेतराई में विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पूजा पाठ कर एवं नारियल फोड़कर तहसील भवन का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने कहा कि तहसील भवन बनने से अब तेतराई के लोगों को राजस्व से जुड़े कार्यो के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में विकास कार्य हो रहा है। क्षेत्र के सभी गांव पक्की सड़क से जुड़ रही है। कुछ सड़के नही बन पाई है। उसकी भी स्वीकृति कराई जा रही है और कुछ सड़के का स्वीकृति हो चुका है। दुर्गा पूजा बाद सड़क का कार्य करवाया जायगा। मैं हमेशा संघर्ष कर रहा हूं की पांकी विधानसभा विकास के मामले में अव्वल रहे। मौके पर प्रोफेसर बचन ठाकुर ,कमेश यादव, मुखिया पति अनुज सिंह, वशिष्ठ सिंह, चंदन मौर्या, श्रीकांत सिंह, बजरंगी सिंह, हरवंश सिंह, ज्ञानी सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीणों के ऊपर लाइसेंसी हथियार से फायरिंग

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के करर में माइंस संचालक और ग्रामीणों में झड़प हो गई। इस झड़प में माइंस संचालकों की तरफ से लाइसेंसी हथियार से फायरिंग की भी जानकारी मिल रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पूरे मामले की छानबीन कर जारी है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में तनाव जारी है। दरअसल, पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के करर इलाके में चार से पांच माइंस संचालित हैं। माइंस से स्टोन ट्रांसपोर्टिंग के लिए ग्रामीण सड़क का ही इस्तेमाल किया जाता है। ग्रामीण सड़क पर हाईवा चलता हैं जिस कारण रोड टूट गई है। ग्रामीण रोड टूटने का विरोध कर रहे हैं और उनका आरोप है कि हाईवा चलने के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। शाम दो दिन पहले बीच रोड पर एक हाईवा खराब हो गया था, जिस कारण गांव के बच्चे स्कूल नहीं जा पाये थे। गुरुवार ग्रामीणों ने रोड पर हाईवा का परिचालन रोक दिया था। पूरे मामले में जानकारी मिलने के बाद माइंस संचालक मौके पर पहुंचे थे और दोनों तरफ से तू-तू मैं-मैं हो रही थी। इसी क्रम में दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी पथराव के बीच एक माइंस संचालक की तरफ से फायरिंग की गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद नौडीहा बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के साथ बातचीत कर समझौते की कोशिश में लगी रही।

### अघोर आश्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**मेदिनीनगर।** अघोर आश्रम रोड स्थित अप्सरा नवजात शिशु केयर सुदना में 15 अक्टूबर को बच्चों का निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें डॉ. अंजनी बाला अपना बहुमूल्य समय देकर शिविर में बच्चों का ईलाज करेंगी। इस संबंध में अप्सरा नवजात शिशु केयर के निदेशक बिगन मेहता ने बताया कि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अंजली बाला द्वारा बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। कैंप के लिए वृहद प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यह टाइम सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 तक लगाकर निशुल्क इलाज किया जायेगा।

विधायक ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र-

# हुसैनाबाद के मजदूर का शव श्रीलंका से भारत मंगाने का किया आग्रह

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद भगवान बिगहा निवासी मजदूर युगल राम की मौत श्रीलंका में हो गई है। उनकी मौत पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गहरी दुःख व्यक्त करते हुए श्रीलंका से शव मंगाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर मजदूर का शव श्रीलंका से भारत मंगाने का आग्रह किया है। उन्होंने पीएम को ई मेल संदेश भेजकर कहा है कि झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत उनके हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र



हुसैनाबाद के भगवान बिगहा निवासी 33 वर्षीय मजदूर की मौत श्रीलंका में हो गई है। मृतक की पत्नी व अन्य

परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। इसे देखते हुए मजदूर युगल राम का शव श्रीलंका से हुसैनाबाद लाना जरूरी है। उन्होंने श्रीलंका की कंपनी जिसमें मजदूर काम करता था उससे और केंद्र सरकार से परिजनों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि पीएम इस मामले में संज्ञान लेकर मजदूर का शव श्रीलंका से भारत मंगाने का काम करेंगे। मजदूर की मौत पर एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह ने पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद की जायेगी।

# जनवितरण प्रणाली का डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम फेल

## 62 डीलरों के लिए एक मात्र मिनी ट्रक

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** प्रखंड में जन वितरण प्रणाली का डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। जिसके चलते जनवितरण प्रणाली के दुकानों तक न तो खाद्यान्न पहुंच रहा है और न ही कार्डधारियों के बीच वितरित हो पा रहा है। कई डीलर दो माह से और कई डीलर तीन माह से राशन का वितरण नहीं किये हैं। जबकि प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई का गोदाम खाद्यान्न के बोरों से लबालब भरा पड़ा है। लगातार तीन माह से राशन नहीं मिलने से जहां एक ओर लाभुक फाकाकस्सी में जी रहे हैं। वहीं उनमें डोर स्टेप डिलीवरी ठेकेदार के खिलाफ रोष भी व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार विश्रामपुर प्रखंड में कुल 62 जनवितरण प्रणाली की दुकान है। गोदाम से दुकान तक खाद्यान्न पहुंचाने का ठेका पाटन के शक्ति शंकर प्रसाद गुप्ता को मिला है। विश्रामपुर में डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम के सफल संचालन हेतु काम से काम छः ट्रक का होना अनिवार्य है। लेकिन ठेकेदार ने इस यहां मात्र



एक मिनी ट्रक ही इस कार्य में लगाया है। वह भी काफी पुराना है। जिसके चलते आये दिन वह मिनी ट्रक खराब हो जाता है। और खाद्यान्न का परिवहन ठप हो जाता है। डोर स्टेप डिलीवरी ठेकेदार की लापरवाही से गरीबों को कभी भी समय से राशन नहीं मिल पा रहा है। अगर यही स्थिति रही तो दशहरा पर्व पर भी लाभुकों को अनाज नहीं मिल पायेगा। इस संबंध में पूछे जाने पर सहायक गोदाम प्रबंधक इम्तियाज हुसैन ने कहा कि डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार को ट्रक की संख्या बढ़ाने को कहा गया है। पूरे मामले से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# पोल खोल -हल्ला बोल अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के जेपी चौक पर कांग्रेस पार्टी के युवा नेता सह प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा पोल खोल-हल्ला बोल अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता लल्लू सिंह ने की। जबकि संचालन अवध बिहारी सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा के संयोजक कुमार उपस्थित थे।इस मौके पर पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी मोर्चे पर लगातार विफल रही है, चाहे वह सुरक्षा की बात हो या फिर रोजगार की। मोदी सरकार ने जो वादा किया था वह पूरा करने में नाकाम साबित हुए हैं। पलामू लोकसभा प्रभारी भीम कुमार ने अपने बात रखते हुए कहा की ग्रामीण परिवेश में रोजगार की रीढ़ कहे जाने वाले मनरेगा योजना का केंद्र की मोदी सरकार ने बजट कम कर लोगो को ठगने का काम किया है। प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि भाजपा ने एक बेहद महत्वपूर्ण वादा महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने का किया था। परंतु सच्चाई ये है कि महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार भाजपा शासित राज्यों में ही हो रहा है। इनके विधायक और सांसद पर महिलाओं के शोषण के आरोप लगते हैं। धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान ने किया।मौके पर मुख्य रूप से रूप से पार्टी के वरीय नेता सत्यनारायण सिंह, विमला कुमारी ,अरविंद तूफानी, सत्यानंद दुबे, नवल किशोर पाठक, मशरुर अहमद, शैलेश सिंह ,अर्जुन सिंह, अवधेश सिंह, गुप्तेश्वर पांडेय ,नदीम खान, अवध बिहारी सिंह, मीना देवी, अंबिका सिंह ,सत्येंद्र सिंह, रामजीत सिंह सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# पूर्व सांसद ने गांव का दौरा करते हुए लोगों की सुनी समस्या

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** नगर पंचायत के बारा गांव में पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने बस्ती भ्रमण के दौरान कई गांवों का दौरा किया। तथा लोगों के समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में चर्चा करते हुए भाजपा के कार्यकाल पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भ्रमण के दौरान यह जानने की कोशिश किया की पेंशन आवास जैसे जरूरी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिला या नहीं। कई लोगों ने अपनी समस्या उनके समक्ष रखा। मनोज कुमार ने लोगों को आश्वस्त भी किया कि अगर प्रशासनिक लापरवाही के चलते कोई काम अधूरा रह गया हो या किसी योजना का लाभ उस जरूरतमंद व्यक्ति का न मिला हो तो उन्हें भी निपटारा किया जायेगा।

### पिपरा में अवैध शराब के खिलाफ चला छापेमारी अभियान

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना पुलिस के द्वारा अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पिपरा और सीमावर्ती बिहार के टंडवा थाना क्षेत्र के घने जंगलों के बीच दो अवैध शराब निर्माण के भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान आठ ड्राम में करीब चार क्विंटल जावा महुआ, निर्मित शराब के साथ ही कई उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। छापेमारी अभियान में एसआई पिनियस मुंडा, एएसआई अनिल कुमार नायक सहित आईआरबी 3 व जिला बल के कई जवान शामिल थे।

Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

झारखण्ड-सरकार
श्रम, नियोजन, एवं प्रषिक्षण विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, गढ़वा
प्राचार्य का कार्यालय

Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

रोजगार भर्ती कैम्प संबंधी सूचना का शुद्धि पत्र

पलामू प्रमंडल डालटनगंज में 30 अक्टूबर को रोजगार मेला के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में आयोजित रोजगार मेला की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है 30 अक्टूबर को रोजगार मेला में माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा ऑफर लेटर का वितरण किया जाना है। दिनांक–16.10.2023 को गढ़वा जिले में स्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, से पास युवकों को नियोजन/रोजगार हेतू एक दिवसीय रोजगार भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसकी सूचना PR308440, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण(23–24)#D के द्वारा विज्ञापन प्रकाशित हुआ था। अब उसमें अपरिहार्य कारणों से आंशिक संसोधन करते हुए भर्ती तिथि–16.10.2023 के बदले अब दिनांक– 28.10.2023 को आयोजित किया जाना है इसलिए युवक/आवेदक दिनोक –16.10.2023 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में न आकर दिनांक–28.10.2023 को भर्ती कैम्प में उपस्थित होना सुनिशिचित करेंगे शेश सभी सुचनाऐ पूर्ववत् रहेंगे। पहले मात्र एक कंपनी को आना था अब एक और कंपनी जिसका नाम ATOMONE TECHNOLOGIES मेहसाना, गुजरात को भी आना है जिसकी विवरणी निम्नलिखित है:–

व्यवसाय–विद्युत, फिटर, मशिनिश्ट एवं वेल्डर।

Age Limit - 18 वर्ष से 25 वर्ष तक

Salary ITI Pass - 13000 / PER MONTH

कार्य समय– 8 घंटा

Helpline No. - 6207501651

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गढ़वा।

PR.NO.309089 Labour Employment and Traning(23-24):D

मेरी माटी, मेरा देश के तहत भाजपा ने किया कलश संग्रह

# मोदी सरकार ने वीर शहीदों को दिया उचित सम्मान : चंद्रवंशी



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के वार्ड 17 स्थित वार्ड भवन में मेरा माटी मेरा देश के तहत भाजपा ने शुक्रवार को कलश संग्रह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें विश्रामपुर नगर और ग्रामीण मंडल से संग्रहित मिट्टी से भरे कलश का संग्रह किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि देश के वीर सपूतों को नमन करते हुए केंद्र की मोदी सरकार शहीदों को उचित सम्मान दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर सुख दुख में सहयोग का भरोसा भी दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, देवनारायण सिंह, मनीष कुमार, संजय शाह, संजय ठाकुर, किरण शर्मा, अर्चना देवी, राधा कृष्ण साव, रामानन्द तिवारी, नरसिंह चौबे, सत्यनारायण सोनी, बेबी देवी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, किरण देवी, संगीता देवी, गुड्डी देवी, मीरा देवी, विश्वनाथ विश्वकर्मा, राजीव कुमार सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला बनाने को लेकर एसडीओ को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

**छतरपुर।** छतरपुर को जिला बनाने की मांग छतरपुर अनुमंडल के इलाके में तेज हो गयी है। इलाके के नौडिहा बाजार, हरिहरगंज, पिपरा, सरैडीह, नावा बाजार, पांडु, लठेया, सुल्तानी के लोगों में जिला बनाने को लेकर गजब का उत्साह है। इसे लेकर छतरपुर इलाके के युवा भी काफी सक्रिय हैं। अनुमंडल स्तर पर जिला बनाने के ऑपरेशन को गति देने के लिए छतरपुर को जिला बनाओ अभियान शुरू किया गया है।

कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक– 921 न0पं0/दिनांक– 12.10.2023

आवश्यक सूचना

PR 308738 Urban Development (23-24)_D के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना सं0 22/2023–24 में भाग लेने वाले सभी संवेदकों/कोटेशनदाताओं को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना सं0 22/2023–24 को तत्काल स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 309034 (Urban Development) 23-24 (D)

यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
(CIN: U 12000 JH 1967 GOI 000806)
पीओः जादुगोड़ा माइंस, जिला : पूर्वी सिंहभूम, झारखंड-832102
फोन नंबर 0657-2730122, वेबसाइटः www.uraniumcorp.in

विज्ञापन नं. 05/2023

यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड [यूसीआईएल], अप्रेंटिस अधिनियम-1961 के तहत ट्रेड अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए पूर्व-आईटीआई [एनसीवीटी] उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रितकरता है, जिसे अप्रेंटिस शिप नियम 1992 के साथ पढ़ा जाता है। कुल 243 [दो सौ तैंतालीस] रिक्तियां हैं। नीचे दिए गए रिक्ति विवरण का वितरण (झारखंड क्षेत्र में यूसीआईएल की सभी इकाइयों के लिए):

1. पूर्व-आईटीआई एक वर्षीय ट्रेड अपरेंटिस प्रशिक्षण

| क्र. सं. | नामित ट्रेड | योग्य आईटीआई ट्रेड | पदोंकी संख्या | इकाईवार रिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिटर | फिटर | 82 | जादुगुडा इकाई = 102 नरवापहाड़ इकाई = 51 और तुरामडीह इकाई = 90 |
| 2 | बिजली मिस्त्री | बिजली मिस्त्री | 85 | |
| 3 | वेल्डर (गैस एवं इलेक्ट्रिक) | वेल्डर (गैस एवं इलेक्ट्रिक) | 40 | |
| 4 | टर्नर/मशीनिस्ट | टर्नर/मशीनिस्ट | 12 | |
| 5 | उपकरण मैकेनिक | उपकरण मैकेनिक | 05 | |
| 6 | मेक. डीजल/मैक. एमवी | मेक. डीजल/मैक. एमवी | 12 | |
| 7 | बढ़ई | बढ़ई | 05 | |
| 8 | प्लंबर | प्लंबर | 05 | |
| | कुल | | 243 | |

विस्तृत विज्ञापन के लिए वेबसाइट : www.uraniumcorp.in पर जा सकते हैं।

सीबीसी 48134/12/0033/2324
प्रबंधक (कार्मिक)

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण

एतद् द्वारा गढ़वा जिले के स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0–12 रा0(वि0)/दिनांक 06.07.2023 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु जिले में अवस्थित छोटे–बड़े जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन के लिए भारतीय मेजर कॉर्प/ग्रास कार्प के तीन इंच से बड़े आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है। गढ़वा जिले को 13.00 लाख भारतीय मेजर कार्प एवं 3.00 लाख ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है।

इच्छुक स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दिनांक **28.10.2023 के अपराह्न 5.00 बजे** तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्न शर्तों के साथ स्वीकार किया जाएगा।

आवश्यक शर्तें:–

1. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में आपूर्ति करना होगा।
2. भारतीय मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 750 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) तथा ग्रास कार्प का निर्धारित दर मो0 1500 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) है।
3. एक स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 2 लाख मत्स्य अंगुलिका का ही क्रय किए जाएंगे।
4. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण एवं पता से कार्यालय को अवगत करना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच की जा सके। साथ ही मत्स्य अंगुलिकाओं की उपलब्धता का भी उल्लेख करना होगा।
5. समान मूल्य दर पर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के इच्छा की अभिव्यक्ति के आलोक में प्राप्त आवेदन को जाँचोपरांत स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताये किसी भी आवेदन को रद्द/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 309088 Fish(23-24)#D

कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति,पलामू।
पलामू जिला के प्रत्येक पंचायत में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त निबंधन हेतु आवेदन

आमंत्रण सूचना

झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के माध्यम से मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्ष तक के बीमार शिशुओं को निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। इस क्रम में राज्य की प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक ममता वाहन को उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। तद्नुसार जिले की प्रत्येक पंचायत, जिनकी विवरणी सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है, में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

राज्य में ममता वाहन संचालन की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के लिए निम्नांकित व्यवस्थाएँ गई है:–

:– प्रशिक्षण :–

सभी ममता वाहन चालकों को प्राथमिक उपचार तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

:– भुगतान की प्रक्रिया :–

ममता वाहन के इस्तेमाल के उपरान्त ऑनलाईन/डी0बी0टी0 के माध्यम से तुरंत भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

ममता वाहन हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया

गूगल प्ले स्टोर से ममता वाहन ड्राइवर ऐप्लिकेशन को अपने Android फोन में इंस्टॉल करें, ऐप्लिकेशन को इंस्टॉल कर के ओपन करने पर ममता वाहन रजिस्ट्रेशन के लिए एक फॉर्म दिखेगा। इसमें अपनी जानकारी, जैसे अपना नाम तथा कुछ अन्य जानकारी, वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर, ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी अपलोड करें, रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म को सबमिट करें। आपका फॉर्म स्वीकृत/अस्वीकृत हो जाएगा।

यहाँ संपर्क करें

अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के सिविल सर्जन, पलामू कार्यालय/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (मो0 नम्बर 8651245970) से सम्पर्क करें। जिला स्तरीय कॉल सेंटर नम्बर 7277538942 पर कॉल के द्वारा।

ममता वाहन की सुविधा प्राप्त करने के लिए 104 कॉल सेंटर पर कॉल सेंटर पर कॉल कर सकते हैं।

ममता वाहन आवेदन करने की अंतिम तिथि

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अक्टुबर 2023 तक।

PR 309046 District(23-24)D
जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू।

कार्यालयः–जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार।
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com.

राज्य योजना अन्तर्गत झाखण्ड राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करानें के निमित "चलन्त ग्राम क्लीनीक" के संचालन–प्रबंधन हेतु अनुबंध आधारित बैकलॉग रिक्ति के विरूद्ध चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन सं0–04/2023(DHS)

झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) जो सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं, इन आदिम जनजाति समुदाय के परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करानें हेतु आदिम जनजाति समुदाय बाहुल्य आबादी वाले समस्त ग्रामों एवं जिलों में आवासित लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करानें के लिए "चलन्त ग्राम क्लीनिक" स्थापित कर संचालित किये जानें की योजना की स्वीकृति विभागीय स्तर से प्रदत्त है। इस क्रम में लातेहार जिले के लिए कुल 02 (दो)"चलन्त ग्राम क्लीनक" के संचालन की स्वीकृति प्राप्त है।

उपरोक्त आलोक में लातेहार जिला अन्तर्गत "चलन्त ग्राम क्लीनक" के संचालन–प्रबंधन हेतु स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के अधीन नीचे अंकित जिला स्तरीय अनुबंध आधारित रिक्त (बैकलॉग) पदों पर Walk in Interview के आधार पर चयन/नियुक्ति हेतु निम्नवत् रूप से विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है:–

01. "चलन्त ग्राम क्लीनक" योजना के तहत लातेहार जिले के अंतर्गत 02 (दो) "चलन्त ग्राम क्लीनक" के संचालन–प्रबंधन हेतु बैकलॉग रिक्तयों/मासिक परिलब्धि/शैक्षणिक योग्यता आदि का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 | पद का नाम | संख्या | | | कुल | अनुमानित मासिक परिलब्धि | शैक्षणिक योग्यता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | ST | SC | | | | |
| 01 | आयुष चिकित्क | 00 | 01 | 0 | 01 | 21000.00 | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of Computer | Walk in Interview के अधार पर |

नोटः–

➤ इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु दिनांक–31.10.2023 को सिविल सर्जन कार्यालय, लातेहार के कार्यालय वेश्म में अपनें सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/अनुभव/पहचान पत्रों की मूल एवं छाया प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

➤ उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्ते, अर्हता आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर की जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
लातेहार।

PR 309038 Health Med
Edu and Family Welfare(23-24)D

### उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

# लापरवाह बीपीएम का कटेगा सात दिनों का वेतन

**लेमनग्रास की खेती से आमदनी बढ़ाने की कार्ययोजना करें तैयार : डीसी**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम सभी बीपीएम से उनके पंचायतों की संख्या,एसएचजी की संख्या,सीएलएफ सहित अन्य आवश्यक क जानकारी ली। इसके बाद मुद्रा लोन, क्रेडिट लिंकेज, लाइवलीहुड फार्म,ऑर्गेनिक फार्मिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना,जोहार परियोजना, उड़ान परियोजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, दीदी बगिया, आदि की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीपीएम से पीपीटी के माध्यम से उनके द्वारा बनाये गये एक्शन प्लान की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान कई बीपीएम द्वारा पीपीटी बनाने में शिथिलता बरतने का मामला सामने आने पर एक्शन लेते हुए उपायुक्त ने कई बीपीएम का 7 दिनों का सैलरी काटने का निर्देश दिया । उन्होंने लेमनग्रास की खेती से कैसे ज्यादा से ज्यादा आमदनी हो इस ओर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये, साथ ही बागवानी, मुर्गी पालन, लाह की खेती, सहित अन्य पर भी फोकस करने के निर्देश दिये। उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम व डीएलएम को सभी बीपीएम को अलग-अलग विषयों पर ट्रेनिंग कराने की बात कही। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जेएसएलपीएस के डीपीएम बिमलेश कु शुक्ला, सभी प्रखंडों के बीपीएम, बीपीओ, वाईपी समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**तस्वीर झूठ ना बोले**



पेट्रोल पंपों पर जनसुविधा के लिए संबंधित कंपनियों द्वारा कई तरह की व्यवस्था के निर्देश दिये जाते हैं। इसपर भारत, हिंदुस्तान या रिलायंस आदि कम्पनियाँ साधनों को स्थापित करने के नाम पर पम्प संचालकों को पैसा भी उपलब्ध कराती हैं। इसके बाद भी अधिकांश पेट्रोल पम्पो पर सुविधाओं का घोर अभाव है। जन सुविधाओं में मुख्य रूप से वाश रूम और शौचालय की व्यवस्था पेट्रोल पम्प पर हो, इसपर खास बल दिया जाता हैं। क्योंकि वाहनों में पेट्रोल या डीजल भरवाने पुरुष के साथ बड़ी संख्या में महिलायें भी आती हैं। जिन्हें सुविधा के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि कई पम्पो पर सुविधा स्थापित की गई है, लेकिन संचालकों की अनदेखी के कारण या तो शौचालय गंदगी से भरे पड़े हैं या फिर उसपर कब्जा जमा लिया गया है। उक्त तस्वीर चैनपुर थाना के पास स्थित एक पेट्रोल पम्प की है, जहां शौचालय के सामने स्टेण्ड बना दिया गया है। छाया -भोला

## गागर में सागर

### 15 अक्टूबर को भोजपुरी फिल्म सितमगर का प्रीमियर शो




**मेदिनीनगर।** पलामू में नाटक की दुनिया का सबसे बड़ा नाम पुलिन मित्रा हैं। अब इन्होंने फिल्म निर्माण में जोरदार कदम रखा है। लगातार सामाजिक समस्याओं और बेहतर समाज निर्माण की प्रेरणा देनेवाली कहानियों पर शॉर्ट फिल्म बनाने वाले पुलिन मित्रा अब बड़ी फिल्में भी बना रहे हैं। धमाकेदार शुरूआत इन्होंने की फिल्म डिफरेंट से की। आगामी 15 अक्टूबर को इनकी भोजपुरी फिल्म सितमगर का प्रीमियर शो है। एक और फिल्म लगभग तैयार हो चुकी है जिसका नाम है काली। इस फिल्म का प्रिमियर गांधी स्मृति टाउन हॉल में 15 अक्टूबर को शाम पांच बजे से है। इसके लिए सहयोग राशि मात्र 99 रुपए रखी गई है। टिकट कल्याण फामेर्सी, छमुहान चौक स्थित माँ सर्वेश्वरी मोबाइल, साईं चौक नावाटोली के साईं हार्डवेयर में उपलब्ध है। टाऊन हॉल में स्थान सीमित है। पलामू की धरती पर बनी इस फिल्म में ज्यादातर कलाकार पलामू के ही हैं। कुछ कलाकार मुंबई और कोलकाता के हैं। ज्यादातर लोकेशन भी पलामू का ही है।

### माइंस संचालक पर कार्रवाई हो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अन्तर्गत नौडीहा बाजार क्षेत्र के झरहा में माइंस संचालकों के द्वारा ग्रामीणों को पीटने और फायरिंग करने की घटना पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहां कि पलामू जिले में अवैध खनन के बारे में हाई कोर्ट ने पहले भी इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था । दोषी माइंस चालकों पर अभिलंब मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर उनको जेल भेजा जायें।

### सम्पूर्ण स्वास्थ्य का अहम चिकित्सा है योगा



**मेदिनीनगर।** रोजमर्रे की जिंदगी में दुनिया की तीव्रता से आदमी को नहीं चल पाने के कारण कई तरह की स्वाभाविक रोग घर कर रहा है। जिसमें अवसाद, उच्च रक्तचाप,मधुमेह,गैस इत्यादि हो रहे हैं। आदमी को पता भी नहीं चलता है और जिंदगी तबाह हो जाता है। इन सबसे निबटने के लिए प्रातःकालीन योगा शिविर आवश्यक है। संत मरियम आवासीय विद्यालय में योग शिक्षक राजीव शरण के द्वारा योग का क्लास लिया जा रहा है। जिससे बच्चे इसका लाभ ले रहे हैं। यह जानकारी स्कूल प्रबंधन ने दी।

## हैदरनगर देवी धाम न्यास बोर्ड का गठन

### गुरु प्रताप अध्यक्ष व रामाश्रय बने सचिव



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** झारखण्ड राज्य हिन्दू न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव कुमार तिवारी ने जिले के हैदरनगर देवी धाम के लिए 11 सदस्यीय न्यास बोर्ड का गठन किया है। इसमें गुरू प्रताप शाहदेव को अध्यक्ष, विवेकानंद सिंह को उपाध्यक्ष, रामाश्रय सिंह को सचिव एवं रविंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। न्यास के सदस्य सत्येंद्र दूबे, बिपिन बिहारी दूबे, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, अशोक चंद्रवंशी, धीरज सिंह, जितेंद्र सिंह एवं संतोष कुमार सिंह शामिल हैं।

# शहर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च सौहार्द बनाये रखने की अपील

**आलाधिकारियों की ओर से संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर शुक्रवार की शाम सार्जेंट मेजर आशीष मोमित कुजूर एवं शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के संयुक्त रूटचार्ट के अनुसार शहर में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से शातिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने की अपील की गई । यह फ्लैग मार्च थाना रोड, पंचमुहान, सतार सेठ चौक, मुस्लिम नगर, कन्नीराम चौक, धोबी मोहल्ला व छह मुहान समेत पूरे बाजार क्षेत्र के हर गली मोहल्लों से गुजरा और वापस शहर थाना पहुंचकर सम्पन्न हुआ। पूजा के दौरान विधिव्यवस्था कायम रखने तथा असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों को सबक सिखाने की नियत से निकाले गए इस फ्लैग मार्च में सशस्त्र जवान सड़क पर कतारबद्ध होकर चल रहे थे। बता दें कि दुगार्पूजा को लेकर इलाके के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बलों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। मौके पर सार्जेंट विमल कुमार, सार्जेंट मेरी खलखो, पुलिस निरीक्षक कमलेश कुमार, एसआई ऋषिकेश राय, राजेश लोहरा, जितेंद्र कुमार, महावीर एक्वा, टीओपी-1 के प्रभारी रेवा शंकर राणा, एएसआई जैनेंद्र कुमार पांडे, अनिल कुमार, शिव कुमार, समाल अहमद आदि शामिल थे।

## पलामू में ट्रेन की चपेट में आकर हवलदार की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आकर पलामू पीसीआर में तैनात हवलदार हीरा लाल प्रधान की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना की पुलिस, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, मेजर अनिश मोहित कुजूर, एएसआई नबी अंसारी, टाइगर मोबाइल का जवान शारिक इरशाद, संतन कुमार, राकेश सिंह, रोहित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनी नगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं इस घटना के बाद से जीआरपी थाना की पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि हवलदार हीरालाल प्रधान कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है। सूचना मिलने के बाद परिजन पलामू के लिए रवाना हो चुके हैं। वहीं शव को पोस्टमार्टम के बाद उसे सलामी के लिए पुलिस लाइन लाया गया। सलामी के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

## सात लाभुकों को मुर्गी पालन योजना का लाभ मिला



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला पशुपालन कार्यालय परिसर पलामू में सात लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत मुर्गी पालन योजना का लाभ दिया गया। जिसमें सतबरवा के विकेश कुमार रवि को 90 प्रतिशत पाँकी के निरंजन कुमार नवडीहा बाजार के दो लाभुक क्रमशः सन्जू देवी ,सुरेन्द्र दास नवाबजार के एक अमित कुमार राम ,छतरपुर के ब्रह्मदेव कुमार इत्यादि को परिसम्पति दिया गया । इस कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी ड़ा प्रभाकर सिन्हा, पशुशल्य चिकित्सक डा. दीनबन्धु गुप्ता, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, सदर डा. अनुप विलियम लकड़ा,सतबरवा के प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी तौफीक अहमद और नीलाम्बर पीतम्बर के प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा दिलीप महतो, पशु पक्षी बिक्रेता गणेश राम मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने दिया धरना



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने सात सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय परिसर में शुक्रवार को धरना दिया। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के प्रमण्डलीय संयोजक अरविन्द कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सूबे के मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र आयुक्त को सौपकर कार्रवाई की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा में वर्ष 2020 में एक सदस्य के सवाल के जवाब में सीएम ने वित्तरहित शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था। इस आलोक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने कार्रवाई शुरू की थी, किन्तु अब तक कोई परिणाम नहीं निकलने से राज्यभर के करीब दस हजार शिक्षक व शिक्षकोतर कर्मचारियों में निराशा व आक्रोश है। वित्तरहित संस्थानों में 25से 30वर्षो से शिक्षक व कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं। बताया गया कि राज्य में 178 प्रस्वीकृत इंटर कॉलेज,106 प्रस्वीकृत एवं सरकार से मान्यता प्राप्त 207उच्च विद्यालय के अलावे 33 संस्कृत एवं 46 मदरसा विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 4 लाख बच्चे पढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें सुविधा प्राप्त नहीं है। कहा गया कि सेवा शर्त नियमावली नहीं होने के कारण काफी कठिनाई हो रही है। वक्ताओं ने अपने आंदोलनों की चर्चा करते हुए मांगो को पूरा करने की मांग की। मौके पर दिनेश कुमार, अनिल कुमार तिवारी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्टेशन पर बाल विवाह को लेकर जागरूकता अभियान



स्वीटी वर्मा

**मेदिनीनगर।** अग्रग्ति संस्थान ने आज डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर एक शानदार जागरूकता अभियान चलाया। यह जागरूकता अभियान मुख्य रूप से बाल विवाह के विरुद्ध था। अग्रग्ति एक मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश सत्यार्थी के एक बड़े संगठन का एक महत्वपूर्ण अंग है। अग्रग्ति की एक काउंसलर निकूह पाठक ने प्रेस को बताया के अग्रग्ति जिसमें 17 सदस्य हैं। पलामू में इसी साल जून से कार्यरत और क्रियाशील हुए हैं। निकूह पाठक ने बताया कि हमारी संस्था बाल विवाह ,बल मजदूरी ,बाल श्रमिकों की तस्करी के विरुद्ध देशव्यापी जागरूकता अभियान चला रहे हैं। लड़की पक्ष को क्यों अपने लाडली को जो 18 साल से नीचे की है शादी के बंधनों में डालते हैं। यह सरासर गलत है। अग्रग्ति जो इसी साल जून 23 से शुरू हुई है। इसे काफी सफलता मिल रही है। चैनपुर प्रखंड तीन बाल विवाह को यह संस्था अभी तक रूकवा चुकी है। संस्था के द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है। बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल श्रमिकों की मानव तस्करी के खिलाफ रोकथाम में अग्रग्ति की भूमिका पलामू में बढ़ रही है।

## विधायक ने कलश में माटी भरकर दिल्ली किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** वीर शहीद पुरुषों और महिलाओं के सम्मान में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान पाटन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार, विधायक पुष्पा देवी और पाटन प्रभारी भाजपा नेता विनोद सिंह उपस्थित रहे। मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर पड़वा मंडल से मिट्टी संग्रह कर दो व्यक्ति मंडल उपाध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय और अभय मिश्रा दिल्ली के लिए संगठन की तरफ से रवाना किए गए। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' के तहत 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का भव्य प्रतीक बनेगी अमृत वाटिका। कलशों में आने वाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार, विधायक पुष्पा देवी, पाटन प्रखंड प्रभारी विनोद सिंह, प्रखंड के प्रवासी प्रभारी अविनाश वर्मा, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, किशनपुर मंडल विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, जिला कार्यकारी सदस्य वशिष्ठ पांडे, निरंजन पासवान, श्यामदेव सिंह, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पाटन मंडल विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, पाटन मंडल महामंत्री धीरेंद्र सिंह, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, किशनपुर महिला मंडल अध्यक्ष निरमा झा, पाटन मंडल महामंत्री अर्जुन तिवारी, पाटन मंडल पशुपतिनाथ शर्मा, पाटन मंडल प्रदीप चंद्रवंशी, सुनील पांडे, बैजनाथ विश्वकर्मा, मुमताज अंसारी, पंचायत प्रभारी गुड्डू सिंह,उमा सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने की परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में सत्र 18-21 एवम 19- 22 की जेनेरिक पेपर की परीक्षा की समस्या को लेकर नीलांबर -पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात की। बताते चलें की सत्र 18-21 और सत्र 19-22 के जेनेरिक पेपर की परीक्षा नहीं आयोजित की गई है। जिससे संबंधित विद्यार्थियों को समस्याएं हो रहीं थी। विपिन यादव ने परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक को विद्यार्थी की समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि यथासंभव जल्द से जल्द इनकी परीक्षा आयोजित की जाये। ये परीक्षा नहीं होने के कारण कई छात्र परेशान हैं। विश्वविद्यायलय ऐसे छात्रों को परेशान ना करे नहीं तो हमारा संगठन आगे आंदोलन को विवश होगा। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के समन्वय ना मिल पाने के कारण छात्र -छात्राओं को हमेशा से परेशानी होती रही है। इस पर अंकुश लगाने की अत्यंत आवश्यकता है। विश्वविद्यालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए को परीक्षाएं उचित समय पर आयोजित हो। जिस पर परीक्षा नियंत्रक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा की हम जल्द से जल्द इस परिक्षा को आयोजित करेंगे।

## इस बार 'कांटा लगा गर्ल' का शहर में दिखेगा डांडिया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग के अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर 18 और 19 अक्टूबर को होने वाली डांडिया नाइट ऐतिहासिक होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में मिस इंडिया सिमरन आहूजा और शेफाली जरीवाला (कांटा लगा गर्ल) मुंबई से सबों के साथ डांडिया खेलने आ रही हैं। इनके अलावे अहमदाबाद के डांडिया डांसर ग्रुप एवं मुंबई के जाने-माने डीजे शिरकत करेंगे। अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि स्थान सीमित होने के चलते मात्र 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। शर्मिला वर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग देने के लिए प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं कार्यक्रम के स्पॉन्सर हेरीटेज टोयोटा ,प्रेमसंस मोटर, आनंद मोटर्स, मां शारदा टाटा मोटर्स, रिपब्लिक हुंडई, रतनलाल हीरो, आनंद ऑटो बाइक्स, श्री दुर्गा ऑटोमोबाइल्स, पलामू स्वराज ट्रैक्टर्स, जॉनडियर ट्रैक्टर, अर्जुन ऑटोमोबाइल, रोटरी स्कूल,रेशम डिजाइनर बुटीकस, ओसम डेयरी एवं लाइंस फेमिना को विशेष बधाई दी है । श्रीमती वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सुरक्षा हेतु जिला प्रशासन को लिखा गया है। कार्यक्रम के कुछ प्रवेश पत्र गांधी उद्यान दिल्ली दरबार में उपलब्ध है।

**अव्यवस्था** शहर का जीएलए कॉलेज फील्ड अंधेरे में, एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं

# मोबाइल व टॉर्च के सहारे दौड़ लगाते हैं सुबह बच्चे

**कभी-कभी अंधेरे में गड्ढे मिलने के कारण बुजुर्ग वह बच्चे गिर भी जाते हैं**



ओपी प्रजापति

**मेदिनीनगर।** पलामू में एक ऐसा फील्ड मैदान है जहां शाम ढलते अंधेरा छा जाता है। इस शहर के 30 प्रतिशत बच्चे व बड़े बुजुर्ग यहां स्वास्थ्य के लिए दौड़ लगाते हैं। यह स्थान है जीएलए कॉलेज का मैदान। यहां किसी प्रकार की स्ट्रीट लाइटें नहीं हैं। इस फील्ड में सैकड़ों लोगों का प्रतिदिन सुबह-सवेरे मॉनिंग वॉक होता है। बावजूद लाइट का नहीं होना शहर के सुन्दरीकरण की पोल खोलता है। निगम के द्वारा यहां एक भी स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाई गयी है। जिस कारण यहां लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। लोगो ने अपना नाम नहीं बताते हुए कहा है कि शुक्र है कि इस मैदान में पुलिस कैंप है। नहीं तो हर समय असुरक्षित महसूस करते। क्योंकि यहां पर 3:00 बजे सुबह से ही लोगों का आना-जाना लग जाता है। सुबह-सुबह सैर करने वाले मोबाइल व टॉर्च के सहारे दौड़ लगाते हैं। कभी-कभी अंधेरे में गड्ढे मिलने के कारण बुजुर्ग वह बच्चे गिर भी जाते हैं। जिससे कई बार लोग घायल हो चुके हैं। हैरानी की बात कि यहां पर हर तपके के लोग दौढ़ लगाते हैं। लेकिन आज तक एक स्ट्रीट लाइट यहां तक लगवाने की कोशिश किसी ने नहीं की।

## गागर में सागर

### मुखिया ने युवक के दाशकर्म के लिए उपलब्ध कराई खाद्यान्न सामग्री

**चंदवा।** शहर के कुसुमटोली निवासी शिवनंदन लोहरा पिता गोखुल लोहरा का बीते दिनों असामयिक निधन हो गया। युवक के निधन पर चंदवा पूर्वी मुखिया सह झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। युवक पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था जिसका इलाज के क्रम में निधन हो गया। मृतक की तीन बेटियां हैं। युवक के दाशकर्म हेतु मुखिया द्वारा पीड़ित परिवार को खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया है। साथ ही पारिवारिक लाभ योजना के तहत मदद दिलाने का भरोसा दिलाया है। परिजनों ने बताया कि मृतक ग्रीन फील्ड एकेडमी में कई वर्षों से स्कूल वैन चलाने का कार्य करता था। स्कूल प्रबंधन की तरफ से किसी प्रकार की मदद मिली है या नहीं पूछे जाने पर मृतक की पत्नी ने बताया कि अभी तक स्कूल प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की कोई मदद नहीं मिली है। मौके पर समाजसेवी मो सरफराज, संवयसेवक राजन कुमार, निमन कुजूर समेत कई लोग मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने बीडीओ से की मुलाकात

**बालूमाथ।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के नेतृत्व में भाजपा मंडल परिवार ने नव नियुक्त बीडीओ सोमा उरांव से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार,भाजपा मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, झाबर मुखिया पति बासुदेव उरांव, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, बरियातू एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान, गजेंद्र, हिमांशु, बालूमाथ पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, राजेश सिंह, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर, महजू मुंडा, मनोज राम, निर्मल उरांव, ईश्वरी महतो आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों व आवास मित्रों ने किया नव पदस्थापित बीडीओ का स्वागत

**बालूमाथ।** नव पद स्थापित बीडीओ सोमा उरांव को बालूमाथ स्वयंसेवक एवं आवास मित्र कर्मियों ने बुके देकर स्वागत किया है। मौके पर बीडीओ ने धन्यवाद करते हुए सभी लोगों का परिचय जाना। क्षेत्र को समुचित विकास के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास का योजना पहुंचना है जिसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। मौके पर बालूमाथ पंचायत स्वयंसेवक आवास मित्र खुर्शीद आलम, सेरेगड पंचायत से अब्दुल अफीज, सुदेश राम बालू से बेरेंदर पर्जपति, चेताग से सुभाष यादव, बसिया से मो खालिद, बिजय परसाद, मारंगलोया से परमोद यादव और सभी पंचायत से स्वयंसेवक आवास मित्र उपस्थित रहे।

### अमृत कलश यात्रा का किया आयोजन




**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित बनवारी शाहू महाविद्यालय में शुक्रवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय कर्मियों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। अमृत कलश यात्रा ग्राम बानपुर में निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता एनजीओ के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद गुप्ता, नेहरू युवा केंद्र लातेहार के जिला अधिकारी कंचन कुमारी, प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी, प्रोफेसर सीमा संजीत कुमार, रंजीत कुमार, योगेश्वर महतो, रेणु कुमारी, चंदा कुमारी, इशरत बानो एवं अनु कुमारी, आरती कुमारी, उषा कुमारी चौहान, कविता कुमारी, अंजू कुमारी, सुकांति कुमारी आदि मौजूद रहे।

### स्कूली शिक्षा पर निकली जागरूकता रैली




**हेरहंज।** सक्षम ग्राम पंचायत तासु में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहयोग से पिरामल फाउंडेशन की एबीसी (एस्पिरेशनल भारत कॉलबोरटिव) फेलो गायत्री कुमारी ने दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व के लिए जागरूकता रैली निकाली, जिसमें गायत्री कुमारी ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का बच्चा कल का भविष्य तय कर सकता हैं इसीलिए अपने बच्चों को जरूर से जरूर पढ़ायें। विभिन्न प्रकार के जागरूकता से संबंधित नारे भी लगाए गए, जिसमें पंचायत की मुखिया सुकनी देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगन सिंह, सहायक शिक्षक नीरज कुमार, सहिया पुष्पा देवी एवं विशेषकर बच्चों ने प्रमुख रूप से भाग लेकर जागरूकता रैली को सफल बनाया।

### वॉटरवेज की भूमि को लेकर पुनः सक्रिय हुआ अंचल कार्यालय

# डंडई में अंचल निरीक्षक ने गुमटी व ठेला को हटाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड मुख्यालय के अंबेडकर चौक स्थित वॉटरवेज की भूमि का अतिक्रमण के खिलाफ अंचल कार्यालय डंडाई पुनःसक्रिय हो गया है। अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव ने उक्त भूमि पर पूर्व से स्थापित दो दर्जन से भी अधिक ठेला वह गुमटी को अविलंब स्थल खाली करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि दो दिनों के अंदर अतिक्रमित भूमि को खाली नहीं करने पर दल बल के साथ उक्त दुकानों को वहां से हटा दिया जाएगा। बताया जाता है कि बैलाझाखरा गांव निवासी नसीरुद्दीन हाफी द्वारा उक्त भूमि पर पूर्व से स्थापित गुमटी के पीछे उनके द्वारा नए सिरे से लोहयुक्त गुमटी का निर्माण कराया गया था, जिसकी शिकायत अंचल अधिकारी तक पहुंच चुकी थी। उन्हीं के निर्देश पर उक्त स्थल पहुंचे अंचल निरीक्षक ने शुक्रवार को दुकानदारों को वॉटरवेज की भूमि से दुकानें हटाने का निर्देश दिया है। अंचल निरीक्षक ने कहा कि गैर मजरुआ जमीन का मालिकाना हक सिर्फ और सिर्फ सरकार को होता है। वॉटरवेज भी एक सरकार का ही अंग है। उन्होंने कहा कि उक्त विभाग की भूमि पूरी तरह भूमानचित्र पर अंकित है। बावजूद उक्त भूमि को अतिक्रमण कर लोगों के द्वारा उपयोग किया जा रहा गया है। उधर प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष भोलाराम ने कहा कि दो दर्जन से भी अधिक ठेला और गुमटी भी वॉटरवेज की चहारदीवारी के अंदर हैं। साथ ही कहा कि विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही के कारण वॉटरवेज की भूमि अतिक्रमण का शिकार हो गई है। भोलाराम ने कहा कि विभागीय पदाधिकारी सक्रिय नहीं हुए तो बची खुची वॉटरवेज की भूमि का भी अतिक्रमणकर लिया जाएगा।




## सीओ ने अतिक्रमण हटाने का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

सीओ बासुदेव राय एवं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने रमना मुख्य पथ एन एच -75पर अस्थाई अतिक्रमण को लेकर शुक्रवार को शहीद भगत सिंह चौक से लेकर गुलरही बांध तक अभियान चलाकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को दो दिनों के अंदर अस्थायी अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है।

बासुदेय राय व कृष्ण कुमार कुशवाहा ने बताया कि उपायुक्त शेखर जमुआर से प्राप्त आदेश एवं पाल्हे-जतपुरा में आयोजित होने वाले लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ को लेकर मुख्य पथ पर यातायात बाधित न हो इसको लेकर अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमणकर्ता को दो दिनों के अंदर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। निर्देश का अनुपालन नहीं करने वाले लोगों पर नियमाकुल



कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य पथ पर पार्किंग करने वालों, ऑटो चालकों, मोटरसाइकिल और अन्य वाहनों के मालिकों और चालकों को पार्किंग के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया है। मुख्य पथ पर वाहन पार्किंग कर यातायात को अवरुध करने वाले वाहन चालकों, मालिकों पर कारवाई करते हुए वाहन को जब्त किया जाएगा। अभियान में अंचल निरिक्षक राजकुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी दिवाकर सिंह, अंचल अमीन कुंदन कुमार ठाकुर शामिल थे।

## प्रयास कार्यक्रम गंभीरता से लागू करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड के सभी मध्य, उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीईईओ पांडेय ने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम गंभीरता से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुये विद्यालय में नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग समन्वय बनाकर कार्य करें तो बच्चों की उपस्थिति बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को विद्यालय में वापस लाना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने ई विद्या वाहिनी में सभी बच्चों का नियमित उपस्थिति दर्ज करने, एमडीएम का एसएमएस प्रतिदिन करने, सभी बच्चों का डाकघर या बैंक में खाता खुलवाने का निर्देश दिया। बीपीओ तहमीना प्रवीण ने शिक्षक सहायक और डीजी वीकली प्रैक्टिस चैट बोट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी शोभा पांडेय, संजय कुमार सिंह, सुबोध कुमार, अजय कुमार, शक्तिदास सिन्हा, बिरेंद्र प्रजापति, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, अरुण कुमार, सुधीर चौबे, अखिलेश प्रसाद, नित्यानंद तिवारी, नरेंद्र श्रीवास्तव आदि प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## नव पदस्थपित बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को नव पदस्थपित बीडीओ नंदजी राम ने अपना पदभार ग्रहण किया। उन्हें निवर्तमान बीडीओ जयपाल महतो ने पदभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण के बाद नव पदस्थापित बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि निवर्तमान बीडीओ जयपाल जी ने कर्मियों, जनप्रतिनिधियो व जनता के साथ जो समन्वय स्थापित किया है, वह सराहनीय है। कहा कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा पूरा करने के लिए प्रयासरत रहूंगा। कहा कि समाज के दबे कुचले



लोगों तक सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का पहुचाने का कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि अगर प्रखंड मुख्यालय से जुड़ी लोगों को किसी तरह की शिकायत व समस्या हो तो वे बेझिझक मेरे पास आयें उनका अविलंब समाधान किया जायेगा।

### दुर्गा पूजा पंडाल के पास मांस-मछली व अंडे की दुकानें बंद करने की मांग

**श्री बंशीधर नगर।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा पूजा पंडाल के आसपास मांस मछली व अंडे की बिक्री की जाती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। इसे लेकर शहर के युवा समाजसेवी सह सब्जी बाजार स्थित जय भामा शाह क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र में सभी मांस मछली व अंडे की दुकानों को बंद करने की मांग की है।



उन्होंने बताया की 15 अक्टूबर से नवरात्र का पावन पर्व शुरू हो रहा है। इसमें श्रद्धालुओं द्वारा नौ दिनों तक पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने कहा कि शहर के सब्जी बाजार, चेचरिया स्थित अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के बगल में, भवनाथपुर मोड़ हनुमान चौक स्थित धमनी पुल के निकट आदि कई स्थानों पर मीट, मुर्गा, मछली व अंडे की दुकानें लगती हैं। वहीं आसपास दुर्गा पूजा महोत्सव का भी आयोजन किया जाता है, जहां से श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। मांस मछली की दुकानों के खुलने तथा पानी के दुर्गंध से लोगों को पूजन सामग्री की खरीदारी व व्रत उपवास रखने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। पूजा के लिए जाने पर महिलाओं को मुंह ढकना पड़ता है। नवरात्रों में लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नवरात्र समाप्त होने तक क्षेत्र में सभी मांस मछली व अंडे की दुकानों को बंद कराने का आग्रह किया। इस संबंध में नपं के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी ने मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित दुकानों को बंद कराने का आश्वासन दिया। कहा कि नवरात्र तक शहर के सभी मांस मछली व अंडे की दुकानें बंद रहेंगी। इन सभी विक्रेताओं को नोटिस भेजा जाएगा।

# कटौती कर राशन देने पर लाभुकों ने किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडाई गांव के पीडीएस दुकानदार ज्वाला महिला समूह की दुकान पर कटौती कर खाद्यान्न वितरण होने को लेकर शुक्रवार को लाभुकों ने खूब हो हंगामा किया। साथ ही दुकानदार से लाभुकों ने मानक के अनुसार खाद्यान्न देने की मांग की। लाभुकों का आरोप है कि किसी भी कीमत पर हम कटौतीकर खाद्यान्न नहीं लेंगे। दुकानदार का कहना है कि पहले 100 ग्राम प्रति किलो कटौती कर आप सभी को खाद्यान्न दिया जा रहा था, लेकिन इस बार मात्र 50 ग्राम कटौती कर ही आप सभी को खाद्यान्न देने का काम कर रहे हैं। मामले को लेकर लाभुकों और दुकानदार के बीच काफी कहासुनी हुई लेकिन लाभुक कटौती कर खदान लेने को तैयार नहीं हुए।



समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष अपनी-अपनी बातों पर अडिग थे। खाद्यान्न लेने उक्त दुकान पर पहुंचे लाभुक दुखन राम, विजय साहू, तेतरी देवी, फुलेहन बेबी, साजदा खातून, अकबर अंसारी इत्यादि लोगों ने बताया कि दुकानदार का कहना है कि पहले की अपेक्षा इस बार कम कटौती कर सभी लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। वहीं लाभुकों ने जानकारी देते हुए बताया कि कटौती कर खाद्यान्न वितरण करने के आरोप में ही डीलर पारसनाथ प्रसाद की दुकान निलंबित हो गई है। मामले की शिकायत लाभुकों ने विभागीय अधिकारियों के पास करने की बात कही। खाद्यान्न प्राप्त लाभुक रानी देवी ने बताया कि हमको भी 50 ग्राम प्रति किलो के अनुसार कटौती कर खाद्यान्न दिया गया है। उधर सितंबर और अक्टूबर माह का खाद्यान्न वितरण नहीं होने की शिकायत पर गुरुवार को एमओ चुनाराम हेंब्रम बैरिया दामर के पीडीएस दुकानदार सफीक अंसारी के दुकान पर पहुंचे। पाधिकारियों को घर आने की भनक लगते ही दुकानदार सफीक वहां से भाग खड़ा हुआ। पदाधिकारी के चार-छह घंटे के इंतजार के बाद भी वह दुकान पर नहीं पहुंचा। उक्त दुकान पर पहुंचे एम ओ को लाभुकों ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी को सितंबर और अक्टूबर माह का भी खाद्यान्न डीलर द्वारा नहीं दिया गया है। लाभुकों ने एमओ से अविलंब दोनों माह का खाद्यान्न दिलाने की मांग की।

## कराटे प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी कोलकाता रवाना

**बरवाडीह।** कोलकाता में 14 व 15 अक्टूबर को होने वाली नेशनल कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बरवाडीह से सुरज टोपनो, रमनदीप टोप्पो, ईत्थैन आशय टोप्पो एवं नेशनल जज व रेफरी सेन्सेई मदन लाल, कोच में सेम्पाई संगीता टोपनो शुक्रवार को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से रवाना हुए। इससे पूर्व सुबह प्रखंड के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान में प्लस टु उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनिता टोप्पो,



जितेंद्र टोप्पो व लातेहार जिला कराटे डु एसोसिएशन सचिव जंग बहादुर सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामना देकर विदा किया। ये खिलाड़ी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# एंबुलेंस नहीं मिली, आहर में डूबे युवक की इलाज के अभाव में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

काण्डी-हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के बत्तो गांव निवासी 40 वर्षीय भरोसा रजवार की मौत इलाज के आभाव में कांडी अस्पताल में हो गयी। मृतक भरोसा आहर में नहाने के क्रम में डूब गया था। आनन फानन में पांच लोगों ने आहर से निकालकर मोटरसाइकिल के माध्यम से अस्पताल लाये लेकिन यहां पर कोई डॉक्टर नहीं था। इलाज के लिए बाहर ले जाने के लिए एंबुलेंस भी नहीं मिली और उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

लोगों ने बताया कि मृतक भरोसा को आहर से निकालकर 3:20 बजे अस्पताल लेकर आये थे लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं था। एक एनएम सोनी कुमारी, एक जीएनएम ममिता कुजूर और एमपीडब्ल्यू अर्जुन राणा उपस्थित थे, जिन्होंने पीड़ित को ऑक्सीजन लगाया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. गोविंद सेठ ने बताया कि शुक्रवार को 3 बजे के बाद सीएचओ सोनिया कुमारी की ड्यूटी है, लेकिन वो भी उपस्थित नहीं थी। शुक्रवार सुबह ओपीडी में 9 बजे से 3 बजे तक डॉ विरेंद्र कुमार ड्यूटी में थे, जो तीन बजे ड्यूटी ऑफ कर चले गए थे। अस्पताल में उपस्थित कांडी पंचायत मुखिया



विजय राम ने बताया कि यहां आने के बाद 108 एंबुलेंस को फोन किया गया लेकिन वह भी बार-बार कहता रहा कि थोड़ा इंतजार कीजिए तुरंत भेज रहे हैं लेकिन दो घंटे बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंचा। भरोसा रजवार ने इलाज के इंतजार में साढ़े चार बजे दम तोड़ दिया।

मृतक भरोसा अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ कांडी बाजार आया था। बाजार करने के बाद वह अपनी पत्नी के साथ वापस घर जा रहा था। रास्ते में नैनाबार आहर के पास पहुंचने के बाद भरोसा ने पत्नी से कहा कि पांच मिनट रुको मुझे गर्मी लग रही है। नहाकर आते हैं। वह नहाने चला गया। नहाने के क्रम में अधिक गहराई में चला गया और वह डूबने लगा। पत्नी अपने पति को डूबते देखी तो शोर मचाने लगी। शोर सुनकर लोग दौड़े और बड़ी मुश्किल से उसे पानी से बाहर निकाला गया। मृतक की पत्नी सुनीता देवी, मां फुलेसरी देवी व पिता भोला रजवार व पुत्र मिथुन अस्पताल के बाहर रोते रहे। अस्पताल में उपस्थित मुखिया विजय राम व सैकड़ों ग्रामीणों ने अस्पताल की कुव्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी ने अस्पताल की व्यवस्था को सुधारने की मांग की है।

एसआई ऑगस्टिन टेटे और एएसआई संजय राम ने अस्पताल पहुंच कर शव को कब्जा मव लेकर पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी दीपक राणा ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चे के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गया है।

## धर्म-कर्म

### घर का कामकाज करते समय भी ईश्वर का स्मरण करते रहना चाहिए

# गाना ही है तो भगवान का भजन गाएं : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहास कि भोजन बनाते समय फिल्मी गीत गाना निषेध होता है। गाना ही है तो भगवान का भजन गाएं। श्री राम, भगवान कृष्ण का गीत गुनाइए। जिससे भोजन में स्वाद बढ़ेगा। वह भोजन जो पाएगा वह संस्कारवान होगा। श्रीमद्भागवत महापुराण में लिखा हुआ है कि यशोदा मईया जब भगवान कृष्ण के लिए दही का मंथन करती थी तो भगवान कृष्ण के गुण को गुनगुनाती रहती थी। आठ नियमों का पालन करने वाला



व्यक्ति ही राजयोग अधिकारी होता है। पहला है यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि, इसी को राजयोग और अष्टांग योग कहा जाता है। इन आठ सिस्टम को जब हम जीवन में उतारते हैं तब सही मायने में हम राजयोग के अधिकारी होते हैं। यम का मतलब होता है अपने में संयमित होना। जब संयमित होंगे तब बताया गया है कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हचर्य, यदि विवाह शादी हुआ हो तो पत्नी के मयार्दा में रहें, यदि विवाह शादी नही हुआ हो पूरी दुनिया की माताओं को माता समझ कर जीवन जीना यह ब्रह्मचर्य है। पांचवां है अपरिग्रह। परमात्मा को कभी उलाहना मत दीजिए। उन्होंने हमारे लिए क्या किया है। परमात्मा ने जो किया है बहुत किया है। इसी का नाम संतोष है। योग शास्त्र में 84 आसन प्रसिद्ध बताए गए हैं। इसमें दस आसन प्रसिद्ध है। इसमें से तीन आसन प्रसिद्ध है। सिंहासन, पद्मासन, सुखासन। चुकामुका बैठा जाता है उसका नाम है दरिद्राशन। इसको बनाया गया है शौच करने के लिए। यदि इस आसन में बैठकर पूजा करेंगे तो बताया गया है कि इन्द्र के समान भी धनी रहेंगे तो पद, गति और धन जाने में देर नही लगेगी। सबसे अच्छा है सुखासन, पद्मासन। जिसने आसन को जीत लिया वह कठिन से कठिन काम भी पुरा कर लेता है।

## गागर में सागर

### एक्सिस बैंक की शाखा का हुआ उद्घाटन



**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के इटखोरी चतरा रोड स्थित डाक घर के सामने एक्सिस बैंक की शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जोनल मैनेजर सौरभ दत्ता, ब्रांच मैनेजर प्रशांत कुमार एवं डूप्टी मैनेजर अभिशेक सिंह संयुक्त ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, श्याम सिंह, मुखिया बद्री यादव, सिंधू सिंह, शेखर सिंह, लालन सिंह, आकाश कुमार, रंजन कुमार मौजूद थे।

### आम्रपाली परियोजना का किया निरीक्षण

**टंडवा।** सीसीएल की केंद्रीय विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना का दौरा किया। जीएम ने विजिलेंस प्रमुख ब्रजेश कुमार त्रिपाठी व सीवीओ पंकज कुमार का स्वागत किया। वहीं क्षेत्रवासियों को जागरूक करने हेतु सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वधान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं उत्तर झारखंड के अरविंद कुमार ने बताया की इस प्रतियोगिता में सौ, दो सौ, चार सौ मीटर, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गिद्धौर मुखिया निर्मला देवी व विशिष्ट अतिथि प्रेम राणा, एकल अभियान के रामनिवास पांडेय, मोहित कुमार महतो, अमन कुमार पांडेय, किरण देवी व 25 गांवों के आचार्या उपस्थित थे।

### लावारिस पशुओं पर कार्रवाई हुई शुरू

**लातेहार।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर घूम रहे लावारिस पशुओं के मालिकों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि लातेहार जिला मुख्यालय की मुख्य सड़क पर बड़ी संख्या में लावारिस पशुओं का जमावड़ा रहता है। सड़क पर लावारिस पशुओं के कारण अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने लातेहार नगर पंचायत के नवनियुक्त कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार को दी। इस कार्यपालक पदाधिकारी ने सबसे पहले माइकिंग के माध्यम से सभी को सूचित किया कि जिनके जानवर लावारिस हालत में सड़क पर घूमते मिलेंगे, उन पर कार्रवाई की जायेगी। लगातार तीन बार लोगों को सूचना देने के बाद शुक्रवार से लावारिस पशु मालिकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। कांजी हाउस के ठेकेदार अयोध्या प्रसाद (करकट, लातेहार) ने नगर पंचायत कर्मियों की मदद से सड़क पर जमे कई लावारिस पशुओं को पकड़ा। लावारिस पशुओं को कांजी हाउस में रखा जा रहा है। पशु मालिकों पर जुर्माना लगाया जायेगा।

### घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया

**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत बालू ग्राम निवासी झनी देवी (35 वर्ष) पति परमेश्वर प्रजापति बालूमाथ लातेहार मार्ग के बालू ग्राम के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ी थी, जिसे एक समाचारपत्र के संवाददाता ने लातेहार से चतरा जाने के क्रम में निजी वाहन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बताया जाता है कि महिला लकड़ी लेकर घर जा रही थी कि इसी दौरान एक मोटरसाइकिल चालक उसको पीछे से धक्का मारते हुए आगे निकल गया। इसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। डॉक्टर के मुताबिक महिला का सिर फट गया है और आंतरिक छोटें भी आई हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-माल्हन मैकलुस्कीगंज मुख्य पथ पर एकमहुआ के समीप शुक्रवार देर शाम बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान महेश गंझु व सरजू गंझु दोनों बारीटांड़ माल्हन (चंदवा) के रूप में हुई है। दोनों को झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, मिमशाद आलम, आजाद आलम ने अस्पताल पहुंचाया, जहां से महेश को रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना में सड़क किनारे मौजूद ग्रामीण तिरकन तिर्की भी घायल हो गया है।

### प्रशासक ने पंडालों का किया निरीक्षण

**लातेहार।** नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन ने श्रीरामचरित मानस नवाह्य परायण पाठ महायज्ञ समिति समेत शहर के अन्य पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। उन्होंने पूजा पंडालों की सुरक्षा के सभी इंतजाम करने का निर्देश दिया। प्रशासक ने राजा दुर्गा बाड़ी, सोमेश्वर साईं मंदिर डुरूआ, नवयुवक संघ नवरंग चौक व धर्मपुर पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। मौके पर सिटी मैनेजर जया भगत, नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, कनीय अभियंता संदीप बेदिया व संजीव कुमार, क्षेत्र पर्यवेक्षक रंधीर कपूर व राजस्व संग्रहणकर्ता राजू कुमार के अलावा श्रीराम चरित मानस नवाह्य परायण महायज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका, संतोष अग्रवाल, राजू सिंह सिंह आदि उपस्थित थे।

## शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग समापन, रास सदस्य साहु, विधायक सिंह रहे मौजूद

# शहीद क्लब को हरा संत जोसेफ +2 विद्यालय ने जीता टूर्नामेंट

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समापन हुआ। फाइनल मैच संत जोसेफ विद्यालय +2 विद्यालय महुआडांड बनाम शहीद क्लब महुआडांड के बीच खेला गया, जिसमें संत जोसेफ +2 विद्यालय ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा किया।



इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, विधायक रामचंद्र सिंह व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने संयुक्त रूप से किया। राज्यसभा सांसद ने विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप नकद 25000 रुपये, जबकि उपविजेता टीम को 15000 रुपये दिये। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायतीराज के प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मदन मोहन शर्मा, सच्चिदानंद पांडेय, महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, बीडीओ अमरेन डांग, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, 20सूत्री सदस्य सह उपप्रमुख अभय मिंज, पंचायतीराज के प्रदेश के जोनल कॉडिनेटर अजीत पाल कुजूर, फादर दिलिप तिर्की, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो, रामनरेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, वार्ड सदस्य अलिका एक्का, रानू खान, नुरूल अंसारी, शफरूल अंसारी, किशोर तिर्की, मुखिया रेणु तिग्गा, उषा खलखो, रोशनी कुजूर, सुषमा कुजूर, कमला किंडो आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट के अध्यक्ष सह प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमीर सोहेल, उपाध्यक्ष नितिन टोप्पो, कोषाध्यक्ष पप्पू खान, सचिव सद्दाम खान, जावेद अख्तर, राजेश ठाकुर, शहीद अख्तर, नवीन प्रकाश तिर्की, राजा खान, अफरोज खान, खुशदिल खान, अनुरवि खाखा, इरफान, परवेज, निशांत, अजय कुमार शर्मा, राजन खान आदि का योगदान सराहनीय रहा। टूर्नामेंट के समापन समारोह के अवसर पर स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में रंगारंग आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। छनक म्यूजिकल बैण्ड हरमू रांची ग्रुप के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति दी गई। छनक म्यूजिकल बैंड हरमू रांची ग्रुप के कलाकार पवन रॉय, शर्मेश कुमार, सरस्वती ने समां बांध दिया।

# मिड-डे मील में देरी पर बीडीओ के पास पहुंचे स्कूल के बच्चे

## कहा-हमेशा विलंब होता है, इसमें सुधार किया जाए

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड मुख्यालय से सटे मुगीर्डीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चे शुक्रवार को मिड-डे मील देरी से मिलने पर नाराज होकर शिकायत करने प्रखंड कार्यालय पहुंचे। बता दें कि विद्यालयों में प्रति दिन 12.20 से 1 बजे तक बच्चों को मिड-डे मील दिया जाता है, लेकिन शुक्रवार को उक्त विद्यालय के बच्चों को जब दोपहर 1:30 बजे तक भोजन नहीं मिला, तो भूख से बेहाल बच्चे इसकी शिकायत करने विद्यालय से 2 किलोमीटर दूर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय से शिकायत की।



बच्चों का कहना था कि विद्यालय में खाना बनाने में हमेशा विलंब होता है, जिसमें सुधार किया जाए। मामले को गंभीरता देखते हुए बीडीओ ने सभी बच्चों की बातों को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया। वहीं प्रखंड कार्यालय से प्रभारी कृषि पदाधिकारी देवलाल राम एवं पंचायत के मुखिया विपिन बिहारी सिंह को विद्यालय भेज कर विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों को मिड-डे मील का भोजन उपलब्ध कराया। इस दौरान पाया गया कि विद्यालय में सभी बच्चों का भोजन बना हुआ था लेकिन भोजन बनाने में थोड़ी देरी हुई। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि विद्यालय में गैस खत्म होने के कारण खाना बनाने में थोड़ा विलंब हुआ। बाद में विद्यालय में सभी बच्चों को भोजन कराया गया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक केदार सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा विद्यालय में मिड डे मील का भोजन संचालित किया जाता है। अध्यक्ष द्वारा गैस समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाने के बाद मेरे द्वारा गैस उपलब्ध कराकर सभी बच्चों को मिड डे मील का भोजन कराया गया।

# सूरज क्लब बेलखोरी ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
प्रखंड क्षेत्र के बेलखोरी खेल मैदान में आयोजित 59वें नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सिमरिया विधानसभा के पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, डीएसपी केदारनाथ राम, थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, भाजपा नेता अश्विनी सिंह, मुखिया अशोक भुइयां, पंसस सदस्य रामटहल गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह, ईश्वरी मेहता, सतेंद्र कुमार सिंह, रणधीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

फाइनल मैच सूरज क्लब बेलखोरी बनाम सलैया टीम के बीच खेला गया, जिसमें सूरज क्लब की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। विजेता टीम को बड़ा कप व पंद्रह हजार नकद व उप विजेता टीम को छोटा कप व नकद दस हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं चांद क्लब चौया टीम को तृतीय पुरुस्कार के रूप में जर्सी देकर हौसला अफजाई की गई। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज देकर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका हिमांशु कुमार ने निभाई। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री सदस्य जमील अख्तर, सूरज क्लब के अध्यक्ष परमानंद सिंह, नंदकिशोर प्रजापति, कोलेश्वर पांडेय, मुबारक अंसारी, सलीम गुरुजी, नवीन रजक, उमेश पासवान, अनिल भारती समेत खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## बालक वर्ग में लातेहार बना चैंपियन, हेसला ने किया बालिका वर्ग के खिताब पर कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड की मंगरा पंचायत के अमडीहा स्थिति चंद्रदाहा बाजारटांड़ मैदान में गुरुवार की शाम विगत कई दिनों से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। इस दौरान बालक एवं बालिका वर्ग के फाइनल मैच खेले गये। विधायक रामचंद्र सिंह नेफाइनल मैच का शुभारंभ किया। बालक वर्ग में लातेहार एवं छेन्चा के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें लातेहार ने छेन्चा को एक गोल से हरा खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं इससे पहले बालक वर्ग का एक सेमीफाइनल डेमू चुटाई बनाम छेन्चा के बीच खेला गया, जिसमें छेंचा ने जीत दर्ज की थी। वहीं बालिका वर्ग का फाइनल मुगीर्डीह बनाम हेसला के बीच खेला गया। हेसला की टीम फाइनल में एक गोल से जीतकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीमों को विधायक द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, अजय प्रसाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, मुखिया विपिन बिहारी सिंह आदि मौजूद थे।



### शांति समिति की बैठक में त्योहारों पर की गई चर्चा

**बारियातु।** थाना परिसर में दुगार्पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी नंद राम ने की। बैठक में बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी मौजूद रहे। वहीं बारियातु, फुलसु, डाढा, साल्वे, टोंटी हेसला, गोनिया, शिबला, राजगुरु, बालुभांग सहित कई जगहों की पूजा समिति के अध्यक्ष भी शामिल हुए। मौके पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, मिथलेश सिंह, राजकिशोर प्रसाद, संतोष कुमार पाठक, राजेंद्र गंझु, रिगन कुमार, आशिस नाथ शाहदेव, फुलचंद गंझु, अजय यादव, कामेश्वर प्रजापति, राकेश कुमार, इश्वरी प्रसाद, मो ओजैर, छोटु कुमार, आदि उपस्थित रहे।

### त्योहारों को लेकर चंदवा थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक

**चंदवा।** थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को बीडीओ विजय कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, भाकपा नेता प्रमोद साहु, सासंद प्रतिनिधि महेंद्र साहु आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर झामुमो नेता दीपू कुमार सिन्हा, चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, कामता पंसस अयुब खान, चंदवा पश्चिमी पंसस नीलम देवी, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, पूर्व प्रमुख नवाहिर उंराव, पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद, वरिष्ठ कॉंग्रेसी रामयश पाठक, निर्मल भारती, झाविस के रवि डे, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, बाबर खान, मजदूर संघ के सतेंद्र प्रसाद यादव, झामुमो नेता शितमोहन मुंडा, रवि राज, चकला मुखिया रंजीता एक्का व सभी पूजा समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि,पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### बाइक समेत सवार की कुएं में गिरने से मौत

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बोहटा में 22 वर्षीय युवक संदीप उर्फ बजरंगी प्रसाद, पिता अशोक प्रसाद की बाइक समेत कुएं में गिरने से मौत हो गई। युवक महुआडांड़ बाजार से घर लौटने के बाद शाम करीब 6: 30 बजे अपने बच्चे को खोजने के लिए बाइक से घर के पीछे मकई के खेतों से होते हुए मुख्य सड़क की ओर जा रहा था। इसी दरमियान झाड़ियों के बीच कुआं नजर नहीं आने और अंधेरे के कारण बाइक समेत कुएं में गिर गया, जिससे युवक की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया, जहां स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर अमित खालखो ने मृत घोषित किया। वहीं सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंचार्ज संजय रतन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मोटरबाइक को पुलिस के जवानों और ग्रामीणों की सहायता से कुएं से बाहर निकाल कर जब्त किया, साथ ही युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया।

कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।
चतरा जिला के प्रत्येक पंचायत में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त निबंधन हेतु

आवेदन आमंत्रण सूचना

झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के माध्यम से मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्ष तक के बीमार शिशुओं को निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। इस क्रम में राज्य की प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक ममता वाहन को उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।
तदनुसार जिले की प्रत्येक पंचायत, जिनकी विवरणी www.chatra.nic.in पर देखी जा सकती है, में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है।
राज्य में ममता वाहन संचालन की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के लिए निम्नांकित व्यवस्थाएँ, गई है:–
प्रशिक्षण :–
सभी ममता वाहन चालकों को प्राथमिक उपचार तथा बेसिक लाईफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
भुगतान की प्रक्रिया :–
ममता वाहन के इस्तेमाल के उपरान्त ऑनलाईन/डी0बी0टी0 के माध्यम से तुरंत भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।
ममता वाहन हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया
गूगल प्ले स्टोर से ममता वाहन ड्राइवर ऐप्लिकेशन को अपने Android फोन में इंस्टॉल करें, ऐप्लिकेशन को इंस्टॉल कर के ओपन करने पर ममता वाहन रजिस्ट्रेशन के लिए एक फॉर्म दिखेगा। इसमें अपनी जानकारी, जैसे अपना नाम तथा कुछ अन्य जानकारी, वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी अपलोड करें, रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म को सबमिट करें। आपका फॉर्म स्वीकृत/अस्वीकृत हो जाएगा।
यहाँ संपर्क करें
अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के सिविल सर्जन, कार्यालय चतरा/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। जिला स्तरीय कॉल सेंटर नंबर 8083569994,7050779157 पर कॉल के द्वारा।
ममता वाहन की सुविधा प्राप्त करने के लिए, 104 कॉल सेंटर पर कॉल कर सकते है।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 तक।
जिला स्वास्थ्य समिति चतरा

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR 309027 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव
पत्रांक– 920/दिनांक– 12.10.2023
अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या– 26/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।
2. निविदा/कोटेशन प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक– 20.10.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ 5000.00 रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव के नाम से भुगतेय होगा। जो Non Refundable होगा।
3. निविदा/ कोटेशन खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक– 20.10.2023 को अपराह्न 02:30 बजे से।

नगर पंचायत मझिऑंव क्षेत्रांतर्गत अधिश्ठापित High Mast Light हेतु 150W LED Flood Light एवं मरम्मति हेतु अन्य सामग्री कय किया जाना है, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क0 सं0 | सामग्री का विवरण | संख्या | दर प्रति अद्द | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 150W LED Flood Light<br>Voltage- AC 240<br>System Wattage - 150 W<br>System Current in Amps at 240V AC - 063 | 125 Pcs. | | |
| 2 | MCB 40 Amp. DP Triple pole | 15 Pcs | | |
| 3 | Wire 2.5 mm<br>4 phase | 200 mtr. | | |
| 4 | PVC tape | 30 Packet | | |
| 5 | Solding iron 60 watt | 03 pcs. | | |
| 6 | Ranga | 200 Gram | | |
| 7 | Pest | 05 Pcs. | | |
| 8 | 16 mm cable wire 4 Phase | 500 mtr | | |
| 9 | Silcom Paste | 500 Gram | | |
| 10 | इलेक्ट्रीक हैंड ग्लब्स | 06 Pcs. | | |
| 11 | केबल कटर | 02 Pcs. | | |
| 12 | प्लास टपरीया | 02 Pcs. | | |
| 13 | वायर कटर | 03 Pcs. | | |
| 14 | पेचकस 2 इन 1 | 02 Pcs. | | |
| 15 | टेस्टर | 02 Pcs. | | |
| 16 | एम्पीयर/वोल्ट मीटर | 01 Pcs. | | |
| 17 | सेफटी शु 08 नं0 | 02 जोड़ी | | |

कोटेशन / निविदा से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव।

PR 309031 (Urban Development) 23-24 (D)

## शांति समिति की बैठक | डीसी-एसपी ने की सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील

# त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने में करें सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
आगामी त्योहारों के मद्देनजर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अबू इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के अनयुक्त नेतृत्व में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इसमें शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये। विधि व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गयी। सप्तमी से दशमी तक कुछ सड़कों को वन-वे करने, विसर्जन जुलूस की समय सीमा तय करने, सफाईकर्मी नियुक्त करने, बैरिकेडिंग, प्रकाश/पेयजल सहित अन्य सुझावों पर चर्चा की गयी। विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त ने संबंधित बीडीओ, सीओ




एवं थाना प्रभारी को त्योहारों के दौरान मिलने वाली किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के समय से ही त्योहारों का मौसम शुरू हो जाता है। लगभग सभी बुद्धिजीवी शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाते हैं, लेकिन कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र अफवाहें फैलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। ऐसे उपद्रवियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। जिला प्रशासन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी नजर रख रही है। आपत्तिजनक पोस्ट या झूठी अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने त्योहारों के दौरान गड़बड़ी फैलाने और अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी ऐसा कृत्य न करे कि प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर समय रहते इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें। किसी को भी कानून हाथ में लेने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। इसके अलावा सभी तालाबों में डूबाव जलस्तर को चिन्हित कर बैरिकेडिंग करायें ताकि विसर्जन के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके। पंडाल में अग्निशमन यंत्र के साथ ही निकास द्वार को बड़ा और दुरुस्त रखने को कहा गया। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में संबंधित पूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष/सदस्यों पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, एसडीओ सिमरिया सुधीर कुमार दास, एसडीपीओ चतरा अविनाश कुमार, एसडीपीओ सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बिनीता कुमारी, कार्यपालक अभियंता.पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अजय सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य के रूप में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### सेन्हा में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**सेन्हा।** सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना का भौतिक सत्यपन के बारे में गीत संगीत के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड क्षेत्र के उगरा, मुर्की तोड़ार, अरु तथा बुटी सहित अन्य सभी पंचायतों में झारखंड कर नवा मंजर संस्था के कलाकारों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का भौतिक सत्यपन के लिये गीत संगीत के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, एकल महिला पेंशन सहित अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में गीत, संगीत और कला के माध्यम से जागरूक करते हुए पेंशन से संबंधित कागजातों का प्रखंड कार्यालय में सत्यापन कराने के लिये अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम 15 अक्टूबर तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों व गांवों में चलाया जायेगा। मौके पर रमेश राम, गणेश महली, लक्ष्मी देवी, कृषण मुंडा, सरिता देवी, रामचंद्र राम, बुधमनिया देवी, शमत राम आदि मौजूद थे।

### समिति ने दो यूनिट रक्तदान किया

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा दो पीड़ित मरीजों को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया गया। जानकारी के अनुसार भंडरा प्रखंड के मसमानो पंचायत निवासी स्व. चामू राम की पत्नी सुरजी देवी मिशन हॉस्पिटल लोहरदगा एवं रांची जिला के पिठोरिया निवासी जीतू महतो सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत थी। दोनों को डॉक्टर ने खून की कमी बताया। परिवार के लोग काफी परेशान होकर जय श्री राम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य संतु कुमार एवं प्रदीप कुमार ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जिला कार्य अध्यक्ष ओम महतो ने कहा किसी का जीवन बचाना पुण्य का काम है। कोई भी पीड़ित समिति के पास मदद के लिए आता है तो समिति हर संभव उसके दुख का दूर करने का प्रयास करेगी। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, संदीप महतो, मोनू साहू, विक्की लाल, सोनू साहू आदि लोग मौजूद थे।

### भक्ति परिधान प्रतियोगिता का आयोजन



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत कक्षा चौथी व पांचवीं के बच्चों के मध्य भक्ति परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मंच संचालन का कार्य शिक्षिका प्रतिमा साहू द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में छोटे बच्चों द्वारा माता भगवती के नव रूप, भगवान भोलेनाथ, पुत्र कार्तिकेय व गणेश के रूप धारण किए गए जो अत्यंत मनोहारी थे। इस प्रतियोगिता में हर्षिता कुमारी प्रथम, आराध्या मिश्रा द्वितीय व श्रेयसी शर्मा व श्रद्धा दास ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इनके अतिरिक्त श्रद्धा दास, श्रेया कुमारी, अंशिका कुमारी व अव्युक्ता पोद्दार को दर्शकों द्वारा विशेष पुरस्कार हेतु चयन किया गया। मौके पर प्राचार्य जी पी झा ने नवरात्रि का महत्व व सार से बच्चों को अवगत करवाया। प्रतियोगिता में शिक्षिका मीना अखौरी, रोजर बिनी सिन्हा व रीता पांडे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक, परमित कुमार, रुचिर मृगेंद्र व पूनम सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया।

### कई पर नामजद मारपीट का मामला दर्ज

**कैरो।** कैरो थाना क्षेत्र के आकाश सिंह के द्वारा कैरो थाना में लिखित आवेदन देते हुए दो व्यक्तियों पर नामजद मारपीट का मामला दर्ज कराया है। आकाश सिंह ने बताया कि सूरज यादव पिता रेनु यादव ग्राम सढ़ाबे एवं अजय साहू पिता प्रमुख साहू ग्राम सढ़ाबे डूमर टोली द्वारा मारपीट की गई है। थाना पुलिस कांड दर्ज कर आगे की करवाई में जुट गई है। आकाश सिंह ने पुलिस को बताया कि कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे महादेव मैदान में 9 अक्टूबर सोमवार को शहीद हलधर गिरधर फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच देखने के दौरान उक्त दोनों युवकों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया था। घायल युवक को कैरो थाना पुलिस के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए कुडू अस्पताल भेजा गया था। चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए कुडू अस्पताल से रिम्स रेफर कर दिया था।

# पति बना हैवान, पत्नी को उतारा मौत के घाट

## कुडू की घटना, आरोपी पति सहित सास-ससुर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप रहने वाले योगेंद्र साहू के पुत्र नितिंजय साहू द्वारा गुरुवार की रात अपनी पत्नी ज्योति देवी (27) की हत्या गला घोंटकर करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुचे और जांच पड़ताल की। ज्ञात हो कि लोहरदगा जिले के भंडरा थाना अंतर्गत कुम्हारिया गांव निवासी राजेश साहू की बेटी ज्योति का विवाह कुडू जामुनटोली निवासी योगेंद्र साहू के बेटे नितिंजय के साथ लगभग छह साल पहले हुआ था। शादी के बाद से नितिंजय और ज्योति दो बच्चे हुए थे, जिनमें एक बच्चे की मौत हो गयी थी। फिलहाल एक चार साल की बेटी है। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि नितिंजय शादी के बाद से ही बेटा नही होने पर दूसरी शादी करने की बात और अन्य कई आरोप लगाते हुए ज्योति के साथ मारपीट और प्रताड़ित करते रहता था। वहीं मृतक के मामा बलराम साहू ने बताया कि मेरी भांजी को उसके पति नितिंजय साहू, ससुर योगेंद्र साहू, सास महेश्वरी देवी ने मिलकर गला दबाकर मार डाला है।

### लोगों को गुमराह करने का करता रहा प्रयास

हत्यारे पति ने घर का सभी दरवाजा अंदर से बंद करने के बाद अपनी पत्नी का दुपट्टे से गला घोंट दिया। दम घुटने के कारण ज्योति की मौके पर ही मौत हो गई। किसी को उसपर शक न हो इसलिए हत्या करने के बाद कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और छत में लगे एस्बेस्टर को उठाकर खुद बाहर निकल गया। फिर पड़ोसियों को बुलाकर पत्नी दरवाजा नहीं खोल रही है, दरवाजा खोलवा दीजिए कहकर लोगों का ध्यान भटकाने की असफल कोशिश करता रहा। फिर वह खुद पहले से उसके द्वारा ही उखाड़े गए एलबेस्टर को उठाकर अंदर गया और पत्नी द्वारा आत्महत्या कर लेने की जानकारी देकर लोगों और पुलिस-प्रशासन को गुमराह करने का असफल कोशिश की।

# युवा कॉंग्रेस नेता के निधन से कुडूवासी स्तब्ध

**कुडू।** प्रखंड कॉंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह पंचायत के पूर्व मुखिया सुंदरू गांव निवासी स्व. शहादत अंसारी के पुत्र और युवा कॉंग्रेस नेता इरशाद अंसारी का गुरुवार की देर शाम निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से कुडू प्रखंडवासी स्तब्ध हैं। कुडू से लौटकर घर पहुंचे इरशाद अंसारी की अचानक तबीयत बिगड़ी और वे घर पर ही गिर गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उनका देहांत हो गया। उनकी मिट्टी मंजिल बाद नमाज जुमा सुंदरू कब्रिस्तान में हुई। उनके जनाजे में जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष जफर खान, प्रखंड अध्यक्ष सदरुल अंसारी, यूथ कॉंग्रेस के महासचिव फहद खान, कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनीस खान, आजसू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, वरिष्ठ कॉंग्रेसी जमील खान, शमशुल अंसारी, आजसू के शाहिद अंसारी, हारून अंसारी, इकबाल खान, जलील खान सहित सैकड़ों लोग उनके पैतृक गांव सुंदरू पहुंचे।

# पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



लोहरदगा में सड़क दुर्घटना में कमी लाने और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने को लेकर शुक्रवार को बरवाटोली चौक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल के निर्देश पर मजिस्ट्रेट प्रमोद कुमार गुप्ता, मजिस्ट्रेट विजय रंजन तिर्की, ट्रैफिक इंचार्ज सुजीत कुमार व रोड सेफ्टी इंजीनियर अमरेश कुमार की अगुवाई में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों की जांच की गयी। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 38 वाहन चालकों से लगभग 1 लाख जुर्माना वसूला गया। वाहन संबंधी कागजात दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया गया। मिनिमम गति में वाहन चलाने और सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने की हिदायत भी वाहन चालकों को दी गई। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने व सावधानी से बाइक चलाने की चेतावनी दी गई। सड़क में बाइक राइडर्स को दबोच कर उनसे जुर्माना वसूला गया। इस संदर्भ में मजिस्ट्रेट प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का अनुपालन करने के प्रति गंभीर है। इसके तहत जिले के विभिन्न प्रमुख सड़कों पर नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। कहा कि जांच के दौरान लापरवाही बरतने वाले चालकों और वाहन के कागजात दुरुस्त नहीं रखने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध सीधी कार्रवाई की जाएगी।

# 'बच्चों के विरुद्ध लैंगिक अपराध के लिए कठोरतम सजा का प्रावधान'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा जारी 100 दिवसीय विशेष जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम के तहत लोहरदगा जिले के प्रत्येक गांव व पंचायत एवं विद्यालयों में पहुंचकर न सिर्फ कानून संबंधी जागरूकता चलाया जा रहा है बल्कि किसी की समस्या होने पर उनके आवेदन स्वीकार किए जाते हैं और उन पर कार्रवाई की जाती है। सरस्वती शिशु मंदिर बड़की चापी में 500 से अधिक छात्र - छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने हेतु लोहरदगा डालसा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों को डालसा लोहरदगा प्रमाणपत्र प्रदान कर पुरस्कृत करेगी।

मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बच्चों के बीच विभिन्न कानून से संबंधित बातें रखीं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बच्चियां किसी भी तरह के अपराध होने पर खासकर लैंगिक अपराध होने की स्थिति में इसे चुपचाप सहन नहीं करें। जब भी लगे कि उन्हें किसी से खतरा है चाहे वह परिवार के सदस्य ही क्यों ना हो इसकी जानकारी तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या जिनमें उनका विश्वास है उन्हें दें। पोक्सो कानून के तहत लैंगिक अपराधों को लेकर बहुत ही सख्त दंड का प्रावधान है। दोषियों को तुरंत सजा भी दी जाती है। इसके साथ ही बच्चों को 'गुड टच' 'बैड टच' के बारे में भी जानकारी दी गई। विधिक जागरूकता के कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने अनेकों प्रश्न अपने कौतूहल को शांत करने के लिए किया। इसका समुचित उत्तर डालसा सचिव द्वारा दिया गया। डालसा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी भी उपस्थित छात्र- छात्राओं को दिया गया। इसके अतिरिक्त एलएडीसीएस के पैनल अधिवक्ता उमेश कुमार एवं सुदामा साहू ने भी बच्चों को पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, डायन प्रतिषेध अधिनियम एवं अन्य विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मनोहर मोदी के अतिरिक्त सभी शिक्षक शिक्षिकाएं वहां मौजूद थे।

### मौलिक कर्तव्यों की नहीं होनी चाहिए अनदेखी

नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में छात्र - छात्राओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने हेतु लोहरदगा डालसा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों को डालसा लोहरदगा प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने भी बच्चों के बीच कानून से संबंधित बातें रखी। उन्होंने इस बात पर बल दिया की मौलिक अधिकार जीवन को जीने के लिए बहुत आवश्यक है किंतु मौलिक कर्तव्यों की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन छात्र उत्प्रेरक गौतम लेनिन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं प्राचार्या कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने समस्याओं को रखा जिनका उत्तर डालसा के पदाधिकारियों द्वारा दिया गया।

# बीडीओ, पर्यवेक्षकों ने योजनाओं का निरीक्षण किया

**भंडरा।** बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा के द्वारा मसमानो पंचायत में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वीं वित्तीय से संचालित विभिन्न योजनाओं, मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का निरीक्षण प्रखंड के पर्यवेक्षक एवं तकनीकी कर्मियों के साथ किया। निरीक्षण के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना में कई लाभुकों के द्वारा लंबे समय से आवास योजना का काम लंबित रखा गया है जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है। आवास निर्माण कार्य लंबित रखने वाले आवास योजना का निरीक्षण बीडीओ ने किया एवं लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को शीघ्र पूरा करने का निर्देश लाभुकों को दिया। निर्धारित समय में प्रधानमंत्री आवास पूरा नहीं करने पर कार्रवाई करने की बात बीडीओ ने कही। 15वीं वित्त आयोग से संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण बीडीओ ने किया। योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में तकनीकी पदाधिकारी को योजनाओं में गुणवत्ता का पालन करने का निर्देश दिया। मनरेगा के तहत आम बागवानी, सिंचाई कूप योजनाओं का निरीक्षण करते हुए लंबित योजनाओं का काम पूरा करते हुए संचीका बंद करने का निर्देश बीपीओ को दिया। इस मौके पर मुखिया, बीपीओ अभिषेक कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना कोऑर्डिनेटर नितलेंद्र नारायण, जे ई मोहमद रेहान, शिवशंकर भगत, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भंडरा के अखिलेश्वर धाम में जितिया जतरा का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड के भंडरा पंचायत अंतर्गत ग्राम कसपुर मे स्थित प्रसिद्ध अखिलेश्वर में शुक्रवार को अखिलेश्वर जितिया जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गांव के पहान पुजार नेतृत्व में किया गया। वहीं इसमें शामिल आदिवासी समुदाय के लोगों ने परंपरागत तरीके से जितिया जरा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। मौके पर आगंतुक अतिथियों को माला पहनाकर आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। मौके पर कई आदिवासी युवक-युवतियों को मांदर की थाप पर थिरकते, नाचते-गाते देखा गया। वहीं आदिवासियों के परंपरागत नृत्य-संगीत और झूमर लोगों का7 आकर्षण केंद्र रहा। उत्सव को सफल करने में आदिवासी समाज के आंजन उरांव, सूरज उरांव, शंकर उरांव, रामदयाल उरांव, कैलाश उरांव आदि ने अहम भूमिका निभाई।


## कार्यालय-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

पत्रांक 634/D    दिनांक 11.10.2023

**Walk-in-Interview**

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 170(3) ब, यो0 दिनांक 25.02.2023 के अन्तर्गत चलन्त ग्राम क्लीनिक हेतु चतरा जिला के लिए आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक **– 18-10-2023** को स्थान–**Civil sugeon office, Conference Hall, Chatra** में **Walk-in-Interview** आयोजित है।

पदों की संख्या निम्नवत् है :–

Recruitment for Chalant Gram Clinic ( Mobile Village Clinic)

| पद कोड | Name of Post/ पदनाम | Vaca-nt posts | Reservation Category wise | | | | | Essential Qualification | Salary (per month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Programme - RCH | | | UR | BC 1 | BC 2 | SC | ST | | |
| 1 | Ayush Medical Officer | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1. Bachelor in Ayurveda/Homeopathy/Unani with Working Knowledge of Computer | 21000/- |
| 2 | Medical Assistant | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1. B.sc Nursing/GNM or B.sc community Health or Bachelor/Diploma in Pharmacy from recognized University/Institution. | 15000/- |

उम्र सीमा :–

| क्रम | कोटि | न्यूनतम आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा | दिव्यांगों के लिए अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 21 | 35 | 40 |
| 2 | पिछड़ा वर्ग एवं अत्यान्त पिछड़ा वर्ग | | 37 | 42 |
| 3 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति–पुरूष एवं महिला | | 40 | 45 |
| 4 | महिला–सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | | 38 | 43 |

चयन की प्रक्रिया :

चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

I. अभ्यर्थियों का चयन (Walk in Interview) के माध्यम से किया जाएगा।

II. इच्छुक उम्मीदवार दिनांक–18.10.2023 को पूर्वाहन् 9.00 बजे से 10.00 बजे तक निम्नांकित विहित प्रपत्र में आवश्यक अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, जन्म तिथि से संबंधित मैट्रिकुलेशन प्रमाण–पत्र, कम्प्यूटर दक्षता का प्रमाण–पत्र(अगर अनुमेय हो तो) तथा आवेदन पत्र के साथ स्वःअभिप्रमाणित दो पासपोर्ट साईज का फोटो संलग्न करते हुए विहित प्रपत्र में आवोदन के साथ भाग लेंगे।

III. आवेदन पत्र डाउनलोड करने एवं अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट www.chatra.nic.in में देखे जा सकते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

PR 309029 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D



## कार्यालय:-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार

Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

राज्य योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य की शहरी झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में आवासित लोगों को प्राथमिक सेवाएँ उपलब्ध करानें हेतु संचालित योजना के तहत जिला लातेहार अंतर्गत संचालित "अटल मुहल्ला क्लीनिक" के संचालन–प्रबंधन हेतु चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) एवं आयुश चिकित्सक को सूचिबद्ध किये जानें हेतु साक्षात्कार की सूचना।

**Walk In Interview**

राज्य योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य की शहरी झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में आवासित लोगों को प्राथमिक सेवाएँ उपलब्ध करानें हेतु के निमित स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के स्तर से **"अटल मुहल्ला क्लीनिक"** स्थापित कर संचालित किये जानें की योजना संचालित है। इस क्रम में लातेहार जिले के लिए कुल 02 (दो) **"अटल मुहल्ला क्लीनिक" का संचालन डुरूवा एवं बानपुर** में की जा रही है। उक्त आलोक में **"अटल मुहल्ला क्लीनिक"** के संचालन एवं प्रबंधन हेतु चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) एवं आयुश चिकित्सक की सेवा प्राप्त करनें हेतु चिकित्सकों को सूचिबद्ध किया जाना है।

**01.उक्त आलोक में अटल क्लीनिक डुरूवा एवं लातेहार में बैकलॉग रिक्ति के विरूद्ध चिकित्सकों को सूचिबद्ध किये जानें हेतु निम्नरूपेण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वेश्म में Walk In Interview आयोजित की जाती है:–**

| क्र0 | अटल क्लीनिक का नाम | पद का नाम | बैकलॉग रिक्ति | | | कुल | मानदेय प्रतिमाह। | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | | | |
| 01 | अटल क्लीनीक डुरूवा एवं बानपुर | चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) | 01 | 01 | 0 | 02 | 36400/– (1400 रू0 प्रतिदिन) | MBBS |
| 02 | अटल क्लीनीक बानपुर | आयुष चिकित्क | 00 | 01 | 00 | 01 | 20000/– | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of Computer |

नोट:–

- इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु दिनांक–31.10.2023 को सिविल सर्जन कार्यालय, लातेहार के कार्यालय वेश्म में अपनें सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/अनुभव/पहचान पत्रों की मूल एवं छाया प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।
- आयु सीमा –: एम0बी0बी0एस0 चिकित्सा पदाधिकारी हेतु अधिकतम 70 वर्ष एवं आयुष चिकित्सक हेतु अधिकतम 60 वर्ष।
- सूचिबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
- सूचिबद्ध चिकित्सकों की सेवाओं के संदर्भ विभागीय दिशा निर्देश/शर्तें प्रभावी होंगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार

PR 309036 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D



## उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा) लातेहार

**विज्ञापन**

**मिशन वात्सलय योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर नियुक्ति**

केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना, भारत सरकार के एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अहर्ताधारी अभ्यर्थियों से पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या PR 278193 दिनांक 21.09.2022 को रद् करते हुए नयी नियमावली मिशन वात्सल्य योजना के अनुसार पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

(1) जिला बाल संरक्षण ईकाई (DCPU)

| क्र0 | पद का नाम | पदों की संख्या | उम्र | मासिक वेतन/ मानदेय | शैक्षणिक योग्यता कार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Protection Officer-(Institutional Care) Post Code – DCPS 02 | 01 (अनारक्षित) | 30–45 | 27,804/– | Post Graduate degree in social Work/ Sociology/ Child Development/ Human Rights Public Administration/ Psychology/ Psychiatry/ Law/ Public Health/ Community Resources Management from a recognized University. OR Gradute in social Work/Sociology/Child Development/ Human Rights public administration/ Psychology/ Psychiatry / Law/ Public Health/ Community Resources Management from a recognized University with 2 year's experience in project formulation/ implementation, monitoring and supervision in the preferably in the field of Women & Child Development/ Social Welfare Proficiency in computers. |
| 2 | Protection Officer- (Non-Institutional Care) Post Code – DCPS 03 | 01 (अनारक्षित) | 30–45 | 27,804/– | Post Graduate degree in social Work/ Sociology/ Child Development/ Human Rights Public Administration/ Psychology/ Psychiatry/ Law/ Public Health/ Community Resources Management from a recognized University. OR Gradute in social Work/Sociology/Child Development/ Human Rights public administration/ Psychology/ Psychiatry / Law/ Public Health/ Community Resources Management from a recognized University with 2 year's experience in project formulation/ implementation, monitoring and supervision in the preferably in the field of Women & Child Development/ Social Welfare Proficiency in computers. |
| 3 | Social Worker Post Code – DCPS 06 | 02 (01 अनुसूचित जनजाति/01 अनारक्षित) | 30–45 | 18,536/– | Graduate Preferably in B.A in social Work/ Sociology/ Social Sciences from a recognized university. At least 1 year experience of working in desired field computer skills & command on Tally. |
| 4 | Accountant Post Code – DCPS 07 | 01 (अनारक्षित) | 30–45 | 18,536/– | Graduate in Commerce/ Mathematics degree from a recognized university. At least 1 year experience of working in desired field computer skills & command on Tally. |
| 5 | Data Analyst Post Code – DCPS 08 | 01 (अनारक्षित) | 30–45 | 18,536/– | Graduate in Statistics/ Mathematics/Economics/Computer (BCA) from a recognized university. At least 1 year experience of working in desired field computer skills & command on Tally. |
| 6 | Assistant Cum Data Entry Operator (DCPU) Post Code – DCPS 09 | 01 (अनारक्षित) | 21–35 | 13,240/– | 12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma/ Certificate in Computers. Weightage for work experience candidate. |
| 7 | Outreach worker (ORW) Post Code – DCPS 10 | 02 (01 अनुसूचित जनजाति/ 01 (अनारक्षित) | 21–35 | 10,592/– | 12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board Good communication Skills. Weightage for work experience candidate. |

**2. बाल कल्याण समिति (CWC-01)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | Assistant Cum Data Entry Operator Post Code – (CWC- 01) | 01 (अनारक्षित) | 21–35 | 11,916/– | 12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma/ Certificate in Computers. Weightage for work experience candidate. |

**3.किशोर न्याय बोर्ड (JJB-01)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | Assistant Cum Data Entry Operator Post Code – (JJB-01) | 01 (अनारक्षित) | 21–35 | 11,916/– | 12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma/ Certificate in Computers. Weightage for work experience candidate. |

आवेदन करने का पताः– जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन लातेहार, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लातेहार पिन नं0–829206

नोटः– आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट latehar.nic.in एवं कार्यालय सूचना पटट् पर देखी जा सकती है।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार    जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार

PR 309064 Women, Child Development & Social Security (23-24)_D

## गागर में सागर

### औंधे मुंह गिरा बाजार, खुलते ही सेंसेक्स 350 अंक से ज्यादा डाउन



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को कारोबार की खराब शुरूआत की। बाजार में कारोबार की शुरूआत होते ही दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़क गए। आज के कारोबार में आईटी शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है। सेंसेक्स ने करीब 360 अंक के नुकसान के साथ कारोबार की शुरूआत की। हालांकि चंद मिनटों के कारोबार में बाजार ने गिरावट को थामने का प्रयास दिखाया। सुबह के 9 बजकर 20 मिनट पर सेंसेक्स करीब 315 अंक के घाटे के साथ 66,100 अंक से नीचे कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी करीब 80 अंक गिरकर 19,715 अंक के पास था। घरेलू बाजार पर आज प्री-ओपन सेशन से दबाव बना हुआ है। प्री-ओपन सेशन में सेंसेक्स 375 अंक के घाटे में था, जबकि निफ्टी करीब 140 अंक लुढ़ककर कारोबार कर रहा था। गिफ्ट सिटी में निफ्टी का वायदा लगभग स्थिर था। इससे संकेत मिल रहा था कि बाजार पर आज कल की तुलना में ज्यादा प्रेशर दिख सकता है और लगातार दूसरे दिन बाजार घाटे में जा सकता है। इससे पहले गुरुवार को बाजार की लगातार दो दिनों की तेजी पर ब्रेक लग गया था। सेंसेक्स करीब 65 अंक के नुकसान में 66,400 अंक के पास बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 19,800 अंक से नीचे गिरकर बंद हुआ था।

### रिजर्व बैंक ने दिया पेटीएम पेमेंट्स बैंक को झटका, लगाया 5.39 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर अपने ग्राहक को जानो या 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) नियमों समेत कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने पर 5।39 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। देश के सेंट्रल बैंक ने आज यह जानकारी दी है। रिजर्व बैंक ने पाया कि पेमेंट्स बैंकों को लाइसेंस देने के लिए आरबीआई की गाइडलाइंस, बैंकों में साइबर सेफ्टी फ्रेमवर्क और यूपीआई इकोसिस्टम सहित मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन्स को सुरक्षित करने से संबंधित कुछ प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करने में कुछ खामियां रहीं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, बैंक की केवाईसी/एंटी मनी लॉन्ड्रिंग के नजरिए से एक स्पेशल जांच की गई और आरबीआई द्वारा चुने गए ऑडिटर्स ने बैंक का व्यापक ऑडिट किया। आरबीआई के बयान के मुताबिक रिपोर्ट का निरीक्षण करने के बाद पाया गया कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक पेमेंट सर्विसेज प्रदान करने के लिए शामिल संस्थाओं के बारे में बेनेफिशयरीज को नहीं पहचान सका। बयान में कहा गया कि बैंक ने पेमेंट ट्रांजेक्शन्स की निगरानी नहीं की और पेमेंट सर्विसेज का फायदा उठाने वाली संस्थाओं के रिस्क का निर्धारण नहीं किया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने पेमेंट सर्विसेज का फायदा ले रहे कुछ कस्टमर के एडवांस अकाउंट्स में दिन के आखिर में बैलेंस रकम की रेगुलेटरी लिमिट का उल्लंघन किया।

### सैमसंग का भारत में रेवेन्यू एक लाख करोड़ के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंसेज बनाने वाली दक्षिण कोरिया की दिग्गज कंपनी सैमसंग भारत में एक लाख करोड़ रुपए के सालाना रेवेन्यू के करीब पहुंच गई है। कंपनी ने 27 साल पहले भारत में अपना ऑपरेशन शुरू किया था। सैमसंग के पूर्ण स्वामित्व वाली सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड की 2022-23 में कुल इनकम 98,924 करोड़ रुपए रही। कंपनी ने हाल में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज को दी गई जानकारी में यह जानकारी दी है। सैमसंग इंडिया की फाइनेंशियल ईयर 2023 में सेल दिग्गज एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड से 65 फीसदी और आईटीसी लिमिटेड से 35 फीसदी ज्यादा है। सैमसंग इंडिया की सेल में फाइनेंशियल ईयर में 2023 में 16 फीसदी की तेजी आई जबकि इसका नेट प्रॉफिट गिरकर 3,452 करोड़ रुपए रहा। फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में यह 3,844 करोड़ रुपए रहा था। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही से स्मार्टफोन, टेलीविजन और हाउसहोल्ड अप्लायंसेज की डिमांड में गिरावट आई है। कंपनी ने आरओसी फाइलिंग में फाइनेंशियल ईयर 2023 की अर्निंग परफॉरमेंस के कारणों के बारे में नहीं बताया है। इस बारे में सैमसंग इंडिया को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं आया। लगातार दूसरे साल सैमसंग इंडिया के प्रॉफिट में गिरावट आई है। सैमसंग देश की सबसे बड़ी मोबाइल कंपनी है।

### चीन में इजराइली राजनयिक पर चाकू से जानलेवा हमला

**बीजिंग।** इजराइल और फिलिस्तीन के बीच छिड़ी जंग से पूरी दुनिया में हलचल मची हुई है। दोनों देशों के बीच जारी जंग का असर अब चीन में दिखाना शुरू हो गया है। चीन में इजराइली राजनयिक पर हमला किया गया है। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग में उसके दूतावास के एक कर्मचारी पर शुक्रवार को चाकू से हमला किया गया जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चीन ने हमले के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है। विदेश मंत्रालय ने पत्रकारों को एक बयान जारी करते हुए कहा कि हमला दूतावास की जमीन पर नहीं हुआ। बयान में कहा गया, कर्मचारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसकी हालत स्थिर है।" बयान में अन्य कोई जानकारी नहीं दी गई। बयान में कहा गया कि इजराइली अधिकारी इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि हमला किस वजह से किया गया। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमला किस वजह से किया गया, हालांकि यह हमला उस वक्त हुआ जब इजराइल ने फलस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के हमले के बाद दोनों ओर से जारी संघर्ष के संबंध में चीन की ओर से दिए गए बयान के लिए उसकी आलोचना की थी।

## सितंबर में घरेलू एयर पैसेंजर्स की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

नागर विमानन महानिदेशालय ने गुरुवार को सितंबर 2023 के घरेलू एयर ट्रैफिक के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इस दौरान घरेलू यात्रा करने वाले पैसेंजर्स की संख्या में सालाना आधार पर 18।3 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है और पिछले महीने कुल 1.23 करोड़ यात्रियों ने घरेलू हवाई यात्रा की है। डीजीसीए के डाटा के मुताबिक जनवरी से सितंबर 2023 के बीच घरेलू एयर ट्रैफिक में 29.1 फीसदी तक की बढ़त दर्ज की गई है और कुल 11.28 करोड़ यात्रियों ने इस दौरान यात्रा की है। ध्यान देने वाली बात ये है कि अगर अगस्त 2023 के डाटा की बात करें तो इस दौरान कुल 1.24 करोड़ यात्रियों ने हवाई सेवा का लाभ लिया था, जो सितंबर 2023 में घटकर 1.23 करोड़ हो गया है। ध्यान देने वाली बात ये है कि भारत में हवाई यात्रियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। सितंबर 2019 में घरेलू हवाई यात्रा करने वालों की संख्या 1.15 करोड़ थी। घरेलू मार्केट की सबसे बड़ी एयरलाइंस इंडिगो का दबदबा अभी भी बरकरार है। सितंबर में एयरलाइंस के मार्केट शेयर में 10 बेसिस प्वाइंट्स की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 63.4 फीसदी तक पहुंच गया है। अगस्त में इसका मार्केट शेयर 63।3 फीसदी था। इस दौरान एयरलाइंस ने कुल 77.70 लाख पैसेंजर्स को अपने डेस्टिनेशन तक पहुंचाया है। ध्यान देने वाली बात ये है कि मई में गो फर्स्ट के ऑपरेशन बंद होने के बाद से ही लगातार इंडिगो के मार्केट शेयर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

# विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष भारत की अर्थव्यवस्था में होगी बढ़ोत्तरी

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**



इस विश्व दृष्टि दिवस पर जारी किया गया नवीन शोध यह स्पष्ट करता है कि दृष्टि हानि से बचाव के परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2.2 ट्रिलियन रु.) का इजाफा होगा। लव योर आइज कैंपेन इस बात पर प्रकाश डालने के लिए आँकड़ें जारी कर रहा है कि बेहतर नेत्र स्वास्थ्य आखिर उत्पादकता को किस प्रकार बढ़ावा देता है। साथ ही, यह बिजनेस लीडर्स से आग्रह कर रहा है कि इस विश्व दृष्टि दिवस वे कार्यस्थल के स्वास्थ्य एजेंडा में नेत्र स्वास्थ्य को शामिल करें। उक्त अध्ययन इंटरनेशनल एजेंसी फॉर प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस (आईएपीबी) और जॉन्स हॉपकिन्स के प्रोफेसर केविन फ्रिक द्वारा किया गया। इसके तहत 50 से अधिक उम्र के लोगों के बीच दृष्टि हानि से बचाव की लागत की गणना की गई। इस अध्ययन में सभी देशों की तुलना में भारत में तीसरी सबसे अधिक संभावित बचत दर्ज की गई। जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी के चलते काम करने के तौर-तरीकों में बदलाव देखने को मिल रहे हैं, इसके फलस्वरूप भविष्य की अर्थव्यवस्था के तहत सेवा उद्योगों और कार्यालय-आधारित नौकरियों के वर्चस्व में भी तेजी से इजाफा होगा, जिसमें लंबे समय तक स्क्रीन का उपयोग शामिल होगा। यदि उचित सावधानियां न बरती जाएं तो यह आँखों पर तनाव का बड़ा कारण बन सकता है।

## जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा

**गढ़वा जिला के प्रत्येक पंचायत में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के माध्यम से मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्ष तक के बीमार शिशुओं को निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। इस क्रम में राज्य की प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक ममता वाहन को उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

तदनुसार जिले की प्रत्येक पंचायत, जिनकी विवरणी www.garhwa.nic.inपर देखी जा सकती है, में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

राज्य में ममता वाहन संचालन की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के लिए निम्नांकित व्यवस्थाएँ गई हैः–

**प्रशिक्षणः–**

सभी ममता वाहन चालकों को प्राथमिक उपचार तथा वेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**भुगतान की प्रक्रियाः–**

ममता वाहन के इस्तेमाल के उपरान्त ऑनलाईन/डी0बी0टी0 के माध्यम से तुरन्त भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

ममता वाहन हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया

गूगल प्ले स्टोर से ममता वाहन ड्राइवर ऐप्लिकेशन को अपने Android फोन में इंस्टॉल करें, एप्लिकेशन को इंस्टॉल कर के आपेन करने पर ममता वाहन रजिस्ट्रेशन के लिए एक फॉर्म दिखेगा। इसमें अपनी जानकारी, जैसे अपना नाम तथा कुछ अन्य जानकारी, वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर, ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी अपलोड करें, रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म को सबमिट करें। आपका फॉर्म स्वीकृत/अस्वीकृत हो जाएगा।

**यहाँ सम्पर्क करें**

अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा/ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (मो. नंबर......) से संपर्क करें। जिला स्तरीय कॉल सेन्टर नंबर 7367986005 पर कॉल के द्वारा।

**ममता वाहन की सुविधा प्राप्त करने के लिए 104 कॉल सेन्टर पर कॉल कर सकते है।**

**ममता वाहन आवेदन करने की अंतिम तिथि**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2023 तक।**

ह/0
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO. 309039 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

E-mail- eo.gharhwa.np@gmail.com

### आम सूचना

**"स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता–2023"**

एदद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ एवं पंडालो के इर्द–गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ावा आम बात है। जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास मे आगामी दुर्गा पूजा मे आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु **"स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता"** का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मुल्याकन दिनांक 20.10.2023 से 24.10.2023 के दौरान निकाय अन्तर्गत गठित टीम/समिती के द्वारा नीचे दिये गए तालिका में मापदंडो के आधार पर किया जायेगा। मापदंड निम्नवत हैः–

| क्र0सं0 | मापदंड | अंक |
|---|---|---|
| 01 | पूजा पंडाल/प्रतिमा निर्माण सामग्री में प्रकृति संरक्षण की झलक | 10 |
| 02 | पूजा पंडालों में कागज, पत्ता,जूट या किसी बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने साम्रगी का उपयोग | 10 |
| 03 | पूजा पंडाल में प्रवेश व निकासी द्वार अलग–अलग तथा महिला एवं पुरुष हेतु अलग–अलग कतार की व्यवस्था सुनिश्चित करना | 10 |
| 04 | पूजा पंडाल/परिसर में आस–पास के दुकानदारों एवं आम नागरिकों द्वारा गंदगी ना फैलाने एवं परिसर मे साफ–सफाई के लिये स्वयं से किये गये उपाय करना | 10 |
| 05 | नशा मुक्ति, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करना एवं स्वच्छता से संबंधित होर्डिंग का स्वयं सं अधिष्ठापन से प्रचार एवं ध्वनी विस्तारक यंत्र से प्रचार करना | 10 |
| 06 | विज्ञापन के लिये बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग या फिर होर्डिंग के लिये LED Screen या स्टैंडी का प्रयोग | 10 |
| 07 | पूजा पंडाल के आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला डस्टबीन की व्यवस्था कर आगंतुकों द्वारा उनका प्रयोग | 10 |
| 08 | निकाय द्वारा चिन्हित विर्सजन स्थल में पूजा समिती के तत्वधान में प्रतिमा का विसर्जन | 10 |
| 09 | C.C.TV कैमरा का पंडाल मे अधिष्ठापन करना | 10 |
| 10 | कार्बन डाईऑक्साइड गैस (अग्निशमन यंत्र) सिलेंडर का पूजा पंडालों में अधिष्ठापन करना | 10 |

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 309087 (Urban Development) 23-24 (D)

## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

**परामर्शी नियुक्ति हेतु अल्पकालीन आमंत्रण सुचना संख्या– 28/2023–24**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझिआँव अन्तर्गत सड़क, गार्डवाल, पुल निर्माण, चौक–चौराहा का सौन्दर्यीकरण, पार्को का जीर्णाद्धार/ निर्माण, जलापुर्ति योजना, भवन निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न तलाबो एवं अन्य योजनाओ का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी तथा ख्यातिप्राप्त परामिर्शीयो की 03 वर्श तक नियुक्ति हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक परामर्शी अपना दर, बायोडाटा आदी संलग्न कर मुहर बंद लिफाफे में दिनांक 27.10.2023 के अपराहन 02.00 बजे तक आवेदन कर सकते है एवं उसी दिन 03.00 बजे अपराहन में नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय कक्ष में परामर्शीदात्रियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

**कार्य का विवरण**

| क0 | डी0पी0आर0 की राशी | परामर्शी शुल्क (DPR) | परामर्शी शुल्क (PMC) |
|---|---|---|---|
| 01 | 0–1 करोड़ तक | | |
| 02 | 1–5 कराड़ तक | | |
| 03 | 5–10 करोड़ तक | | |
| 04 | 10 करोड़ से अधिक | | |

**नियम एवं शर्ते**

1. परामर्शीदात्रियों को पेन कार्ड, GST, निबंधंन प्रमाण–पत्र, अधतन आयकर रीटर्न की अभिप्रमाणित छायापति आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
2. परामर्शीदात्रियों को कोटेशन के साथ 5000/– जमानत राशी के रुप मे बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव के पदनाम से मझिआँव मे देय हो को समर्पित करना अनिवार्य होगा तथा बिना जमानत के कोटेशन स्वतः रदद समझा जायेगा।
3. परामर्शीदात्रियों को सरकार के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त के अनुरुप डी0पी0आर0 तैयार करना होगा।
4. सरकारी स्तर पर निर्गत इस तरह के कार्य का डी0पी0आर0 तैयार किए जाने संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र संल्गन करने वाले परामर्शीदात्री के आवेदन पर समान दर रहने की स्थिती में कार्य आवंटन पर प्राथमिकता दी जायगी।
5. प्राप्त भाव पत्र आवेदन का निश्पादन नगर पंचायत मझिआँव मे गठित क्रय समिती द्वारा किया जायगा।
6. परामर्शीदात्री को आवेदन के साथ उनकी संस्था के विरुद्ध किसी प्रकार का कोई कारवाई या रुग्न अवस्था में नही है, का शपथ–पत्र संलग्न करनी होगी ।
7. सफल परामर्शीदात्री के प्रत्येक विपत्र से 5% राशी कटौती की जायेगी Final D.P.R ससमय संतोशप्रद रूप से सक्षम स्तर से स्वीकृत कराने के उपरांत राशी विमुक्त कर दी जायेगी।
8. अन्य जानकारी के लिए प्रत्येक कार्यदिवस में कार्यअवधि तक नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।
9. बिना कारण बताये परामर्शी नियुक्ति आमंत्रण को रदद करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 309043 (Urban Development) 23-24 (D)

## देश का निर्यात सितंबर में 2.6% घटकर 34.47 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात इस साल सितंबर में 2.6 प्रतिशत घटकर 34.47 अरब डॉलर रहा। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 35.39 अरब डॉलर था। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में आयात भी 15 प्रतिशत घटकर 53.84 अरब डॉलर रहा। पिछले साल इसी महीने में यह 63.37 अरब डॉलर था। इससे व्यापार घाटा सितंबर 2023 में 19.37 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-सितंबर के दौरान निर्यात 8.77 प्रतिशत घटकर 211.4 अरब डॉलर रहा।

## जिला खनन कार्यालय, लातेहार

**खनिज परिवहन वाहनों में GPS लगाने की अनिवार्यता के संबंध में सूचना**

एतद् द्वारा लातेहार जिला अंर्तगत खनिज परिवहन में संबंधित सभी वाहनधारक/खनन पटटेधारी, खनिज अनुज्ञप्तिधारियों, खनिज परिवहनकर्ता एवं खनिज व्यवसायियों को यह निदेश दिया जाता है कि "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining,Transportation and Storage) Rule,2017 के नियम 5(ii) के अनुसार खनिज परिवहन में प्रयुक्त होने वाले सभी Minerals Carrying Vehicle पर GPS/RFID Vehicle Tracking Device लगाये जाने की अनिवार्यता है। अतः सभी खनिज ढुलाई वाहनों पर अगले तीन माह के अंदर MoRTh द्वारा अधिकृत किसी भी Supplier से AIS 140 Certification युक्त GPS Vehicle Tracking Device (VTD) को Install किया जाय। Vendor द्वारा उपकरण की e-SIM Validity, गुणवता एवं Warranty को भी बनाया रखा जाय, साथ ही GPS VTD Devices को खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा विकसित Vehicle Tracking Solution (VTS) से Integrate किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार

PR 309054 Mines and Geology(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-05/2023-24**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 27.10.2023 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 28.10..2023 के अपराहृन 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 28.10..2023 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा ।<br>2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय, हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा ।<br>2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय, हजारीबाग । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Watch Tower in DC residence campus at Chatra, Dist-Chatra | 22,05,800.00 | 44500.00 | 5000.00 | 03Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR309083 (Building)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –01/2023–24**

**चतुर्थ आमंत्रण**

पूर्व का पी0 आर0 संख्या–308054

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 17/10/2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 25/10/2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान) – 26/10/2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला एवं अधीक्षण अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 26/10/2023 के अपराहन 5.00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई–प्राक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963
10. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation and maintenance of Gumla urban W/S/S by outsourcing agency including providing all manpower's, chemicals, reagents different materials etc. required for successful operation of the scheme including repair of all civil structures (Intake well, Infiltration wells, gallery, WTP, ESR), Rising & Distribution pipelines, mechanical & electrical equipments etc. all complete job on "Turn-key basis" to provide drinking water confirming WHO norms for the Year 2023-24 (01-11-23 to 31-3-24) | 21,01,382 | 42,500 | 5000.00 | 31-03-2024 |

निविदा की नियम एवं शर्ते :–कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 309092 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा

*Phone- 06541-223994, E-mail-electonoffice.chatra@gmail.com*

**मतदान केन्द्र के स्थल परिवर्तन की आम सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–64/पूर्व. अनु.–1/झार/2023, दिनांक–10.10.2023 द्वारा दी गई सहमति तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–02/नि0म0के0पु0–18–01/2023/5025, राँची, दिनांक–10.10.2023 के द्वारा दी गई संसूचना के आलोक में सूचित किया जाता है कि चतरा जिला अंतर्गत दोनों विधानसभा 26–सिमरिया (अ0जा0) एवं 27–चतरा (अ0जा0) के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्त्तन हुए हैंः–

| क्र0 | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | पूर्व में स्थापित मतदान केन्द्रों का संख्यांक तथा नाम | नव अनुमोदित/परिवर्तित मतदान केन्द्रों के संख्यांक तथा नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 26–सिमरिया (अ0जा0) | 74–पंचायत भवन सिमरिया | 74–नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कुट्टी |
| 2 | | 86–ऑगनबाड़ी केन्द्र पगार | 86–पंचायत सचिवालय पगार |
| 3 | | 99–पंचायत भवन एदला (प0) | 99–पंचायत सचिवालय एदला |
| 4 | | 111–उ0म0वि0 पीरी | 111–पंचायत सचिवालय पीरी |
| 5 | | 401– म0वि0 बडगाँव प0 | 401–पंचायत भवन बडगाँव |
| 6 | | 414–उ0प्रा0वि0 हेंजदा उ0 | 414 नव सृजित प्रा0 वि0 हेंजदा उ0 |
| 7 | | 415– उ0प्रा0वि0 हेंजदा द0 | 415– नव सृजित प्रा0 वि0 हेंजदा द0 |
| 8 | | 416– पूर्व उ0म0वि0 सफी टोला कुटकी | 416–रा0उ0म0वि0 कुटकी |
| **क्र0** | **विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम** | **पूर्व में स्थापित मतदान केन्द्रों का संख्यांक तथा नाम** | **नव अनुमोदित/परिवर्तित मतदान केन्द्रों के संख्यांक तथा नाम** |
| 1 | 27–चतरा(अ0जा0) | 209– पंचायत भवन प्रतापपुर | 209– बालिका म0 वि0 प्रतापपुर (प0 भाग) |
| 2 | | 269– उ0 प्रा0 वि0 सिधाबारी, कोजरम | 269– नव0 प्रा0 वि0 कोजरम |
| 3 | | 386–म0 वि0 तुलबुल (उत्तरी भाग) | 386– +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुलबुल (उत्तरी भाग) |
| 4 | | 387– म0 वि0 तुलबुल (दक्षिणी भाग) | 387– +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुलबुल (दक्षिणी भाग) |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR309093 (Election)23-24*D

# विचार प्रवाह



इस धरती पर ऐसा कोई इंसान नहीं है जिसके पास कोई समस्या नहीं है और ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका कोई समाधान नहीं ।

– अज्ञात



## झारखंड की धरती व संभावनायें

झारखंड की धरती रत्नगर्भा से भरी है। कोडरमा और गिरिडीह से निकलने वाले अभ्रक की चमक कभी पूरी दुनिया तक पहुंचती थी। अब इंटरनेशनल मार्केट में न तो अभ्रक की डिमांड रही और न ही उसकी खदानें बचीं। लेकिन इसी धरती के भीतर खोजे गये बेशकीमती खनिज लिथियम के बड़े भंडार ने देश में इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए अपार संभावनाएं जगाई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। इंटरनेशनल मार्केट में अगर किसी कारणों से हालात खरात हुए हैं तो उसकी पड़ताल जरूरी है। बहरहाल आज भी यहां अनेक प्रकार की संभावनायें हैं। बस जरूरत है उसे लागू करने की। ऐसे में राज्य टक्टकी लगाये सरकार की ओर देख रहा है। नेशनल मिनरल ट्रस्ट ने भू-तात्विक सर्वेक्षण में पाया है कि कोडरमा और गिरिडीह में लिथियम के अलावा कई दुर्लभ खनिजों का बड़ा भंडार है। पूरी दुनिया में आने वाले वर्षों में जीरो कार्बन ग्रीन एनर्जी के जिन लक्ष्यों पर काम चल रहा है, उसमें लिथियम को गेमचेंजर मिनरल के तौर पर देखा जा रहा है। लिथियम का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों के अलावा मेडिकल टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, मोबाइल फोन, सौर पैनल, पवन टरबाइन और अन्य रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी में किया जाता है। जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने हाल में कर्नाटक में 1600 टन और इसके बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में 59 लाख टन लिथियम का भंडार खोजा था। अब झारखंड के कोडरमा, गिरिडीह के अलावा पूर्वी सिंहभूम और हजारीबाग में इस बेशकीमती धातु के उत्खनन की संभावनाओं पर काम चल रहा है। झारखंड के कोडरमा जिले के तिलैया ब्लॉक और उसके आसपास जियोकेमिकल मैपिंग में यहां उपलब्ध लिथियम, सीज़ियम और अन्य तत्वों में हाई कन्स्ट्रेशन पाया गया है। फिलहाल देश का इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग अभी भी अपनी लिथियम आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। अभी हम लिथियम का आयात मुख्य तौर पर चीन से करते हैं। भारत सरकार ने 2030 तक ईवी को 30 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में लिथियम सबसे आवश्यक धातु है। इसलिए लिथियम के उत्खनन की संभावनाओं पर सरकार का खास तौर पर फोकस है। ऐसे में कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर के बाद झारखंड में लिथियम के भंडार की खोज को भविष्य की दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। जीएसआई के सर्वे के अनुसार झारखंड के कोडरमा के तिलैया ब्लॉक और ढोढ़ाकोला-कुसुमा बेल्ट में लिथियम के अलावा सिजियम, गिरिडीह के गांवा ब्लॉक और कोडरमा के पिहरा बेल्ट में एलआई (ली), सिजियम, आरईई और आरएम जैसे धातुओं का भंडार होने की संभावनाएं हैं। झारखंड सरकार के भूतात्विक पर्षद की उच्चस्तरीय बैठक में राज्य में लिथियम की खोज के परिणामों पर चर्चा की गई। सरकार ने राज्य में लिथियम खनन की संभावनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। निवेशकों ने भी इसे लेकर अपनी रुचि प्रदर्शित की है। बहरहाल लोहा-कोयला के बाद झारखंड में लिथियम का भंडार मिलने के बाद यहां के हालात और सुधरेगें। इसी उम्मीद के सहारे अपना झारखंड पूरी दुनिया में नंबर वन बनेगा। सरकार इन विषयों पर ध्यान दे।

**नेशनल मिनरल ट्रस्ट ने भू-तात्विक सर्वेक्षण में पाया है कि कोडरमा और गिरिडीह में लिथियम के अलावा कई दुर्लभ खनिजों का बड़ा भंडार है। पूरी दुनिया में आने वाले वर्षों में जीरो कार्बन ग्रीन एनर्जी के जिन लक्ष्यों पर काम चल रहा है, उसमें लिथियम को गेमचेंजर मिनरल के तौर पर देखा जा रहा है।**

## एशियाई खेल : देश की खेल राजधानी बनने की तैयारी में यूपी





आर.के.सिन्हा

*चीन* के हांगझू शहर में हाल ही में समाप्त हुए एशियाई खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन के बीच इस बात को याद रखना होगा कि इन खेलों ने उत्तर प्रदेश (यूपी) को एक शक्तिशाली खेल राज्य के रूप में स्थापित किया है। भारत को 107 में से 55 पदक एकल स्पर्धा में मिले और शेष बाकी खेलों में। हरियाणा के खिलाड़ी 14 पदक लेकर सबसे आगे रहे। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी सात पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। यह सबको हैरान करने में सफल रहे। देखिये हरियाणा तो लंबे समय से खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। पर उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन से साफ है कि राज्य में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अब तेजी से फोकस किया जा रहा है। सफल खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ अच्छे तरीके से पुरस्कृत भी किया जा रहा है। हरियाणा के बाद उत्तर प्रदेश और फिर तेलंगाना, केरल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के हिस्से में 4-4 मेडल आये। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और दिल्ली के खिलाड़ी मात्र दो-दो पदक जीत सके। राजस्थान, ओडिशा, मणिपुर, असम, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के खिलाड़ी एक-एक ही पदक दिलवा सके। ये सभी पदक एकल स्पर्धाओं में जीते गये। भारत की टोली में उत्तर प्रदेश से 36 खिलाड़ी थे। इनमें से छह अकेले मेरठ जिले से ही थे। उनमें से दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। बेशक, एशियाई खेलों में उत्तर प्रदेश के एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया। यह पहला मौका था जब उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की झोली में इतने सारे पदक आये हों। उत्तर प्रदेश की खेल राजधानी मेरठ जिले के खिलाड़ियों ने सबसे चौंकाने वाला प्रदर्शन किया है। पारुल चौधरी मेरठ जिले की बेटी है। उन्होंने 5000 मीटर और 3000 मीटर स्टीपलचेज में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। मेरठ के बहादुरपुर गांव की रहने वाली अन्नू रानी ने भाला फेंक में गोल्ड जीता। लंबी दूरी की दौड़ और गोला फेंक में क्रमशः कांस्य पदक हासिल करने वाले गुलवीर सिंह और किरण बालियान का भी मेरठ से नाता है। इन सभी ने अपने-अपने शहरों और जिलों में उपलब्ध सुविधाओं के बल पर ही शानदार प्रदर्शन किया। अलीगढ़ के गुलवीर सिंह ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। तो कैसे उत्तर प्रदेश में खेल संस्कृति अचानक विकसित हुई? दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के बाद सभी राज्य के खेलों से जुड़ी एसोसिएशन और कोच कसकर मेहनत करने लगे हैं। इसी कड़ी मेहनत का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी एथलीट दुनिया में नाम कमा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाये हैं। राज्य सरकार खेलों को गति देने को लेकर कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लग सकता है कि अब गांवों के स्कूलों में भी कोचिंग की व्यवस्था शुरू हो गई है। जिन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में पदक जीते हैं, उनकी झोलियां भरने जा रही है इनामों से। स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को क्रमशः 3 करोड़ रुपये, 1.5 करोड़ रुपये और 75 लाख रुपये पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। ओलंपिक खेल में एकल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर 6 करोड़ रुपये, रजत पदक में 4 करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक में 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। टीम प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक पर 3 करोड़ रुपये, रजत पदक पर 2 करोड़ रुपये, कांस्य पदक पर 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। राष्ट्रमण्डल खेलों में भी स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 1.50 करोड़ रुपये, 75 लाख रुपये और 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। यही नहीं, उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का निर्माण भी मेरठ में करवा रही है, जिसमें अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की सभी खेल गतिविधियों के प्रशिक्षण की सुविधा होगी। यहां अब उत्तर प्रदेश के कुछ उन खिलाड़ियों की भी बात करेंगे जो एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने में कामयाब रहे। उदाहरण के रूप में क्रिकेट में रिंकू सिंह (अलीगढ़), महिला क्रिकेट में दीप्ति शर्मा (आगरा), हॉकी में ललित कुमार उपाध्याय (वाराणसी), शूटिंग में अखिलेश श्योरन (बागपत), कबड्डी में अर्जुल देशवाल (मुजफ्फरनगर) आदि शामिल हैं। दरअसल उत्तर प्रदेश में खेलों के विकास से जुड़े बहुत से जानकारों से बातचीत करने पर यह समझ आया कि राज्य में खेलों की संस्कृति अपने पैर जमा चुकी है। अब अभिभावक भी खुलकर अपने बच्चों को प्रेरित करते हैं कि वे खेलों में अपना करियर बनाये। वे अपनी बेटियों को खेलों के संसार में सफल होने के लिए भी भेज रहे हैं। अब आप देख लें कि इस बार जिन बेटियों ने पदक जीते हैं, उनका संबंध खांटी ग्रामीण पृष्ठभूमि से है। उन्हें उनका अपना परिवार और ग्रामीण समाज खेलों में लंबी छलांग लगाने के अवसर दे रहा है। उनके रास्ते में अवरोध नहीं खड़ा कर रहा है। यह वास्तव में खेलों की प्रगति के लिये बहुत सुखद और सकारात्मक स्थिति है। हालांकि, कुछ साल पहले तक यह स्थिति नहीं थी। इसके अलावा, अब उत्तर प्रदेश का समाज मात्र क्रिकेट को ही खेल नहीं मानता। अब यहां पर तमाम दूसरे खेलों में भी नौजवान अपने हिस्से का आसमान छूने का ख्बाव देखने लगे हैं। यकीन मानिए कि सरकार के प्रयासों और जिन खिलाड़ियों ने हालिया एशियाई खेलों में अपनी सफलता के झंडे गाडे हैं उनसे राज्य के हजारों-लाखों नौजवान प्रेरित होकर खेलों की दुनिया में आयेंगे। अंत में एक बात कहने का मन कर रहा है कि राजधानी दिल्ली में अनेक बड़े स्टेडियम होने के बावजूद गिनती के पदक विजेताओं का ही निकलना चिंता का कारण है। इस तरफ सोचने की जरूरत है। इसी तरह से बिहार और झारखंड से सफल खिलाड़ियों का न निकलना निराश करता है। बिहार में उभरती हुई प्रतिभाओं को अधिक सुविधायें देनी होंगी। झारखंड से बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी खास तौर पर निकलते रहे हैं। इन दोनों राज्यों में खेलों की संस्कृति को विकसित करने के लिए ठोस योजनाएं बनानी होंगी। इन्हें उत्तर प्रदेश से सीखना होगा जो देश की खेल राजधानी बनने की तरफ बढ़ रहा है।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

**भारत को 107 में से 55 पदक एकल स्पर्धा में मिले और शेष बाकी खेलों में। हरियाणा के खिलाड़ी 14 पदक लेकर सबसे आगे रहे। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी सात पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। यह सबको हैरान करने में सफल रहे।**

**इन दिनों**

### बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

**ॐ क्रों ह्रीं आं वैं वै वस्वताये धर्मराजाय भक्तानुग्रह कृते नमः**
किसी भी पवित्र शास्त्र में इस मंत्र का कोई प्रमाण नहीं मिलता है। वही पवित्र श्रीमद्भगवद गीता अध्याय 16 श्लोक 23-24 में मनमानी पूजा को निषेध बताया गया है। गीता अध्याय 17 श्लोक 23 स्पष्ट करता है कि जप करने का एकमात्र मंत्र 'ओम-तत्सत' जा सांकेतिक है; और केवल तत्वदर्शी संत ही इसकी व्याख्या कर सकते हैं, जिसका जाप करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, बाकी सभी मंत्रों का फल व्यर्थ होता है। सच्चिदानंदघन ब्रह्म के अमृत वाणी में उल्लेख किया गया है कि त्रिदेवों ब्रह्मा, विष्णु और शिव की पूजा व्यर्थ है और साधकों को मुक्ति नहीं दे सकती है। फिर धर्मराज या यमराज जैसे अन्य देवता कैसे पूजनीय हो सकते हैं? सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान की कमी के कारण निर्दोष साधक अपने बहुमूल्य मानव जन्म को मनमाने ढंग से पूजा करने में बर्बाद कर देते हैं जो बेकार है। धर्मराज मोक्ष देने वाला नहीं है, वह अमर भी नहीं है। वह भी जन्म-मरण के चक्र में है। श्रीमद्भगवद् गीता अध्याय 8 श्लोक 16 में काल (ज्योति निरंजन) कह रहा है कि 'हे अर्जुन! ब्रह्मलोक तक के सभी लोक पुर्नवर्त्ति में हैं। लेकिन हे कुंती के पुत्र, जो यह नहीं जानते, वे मुझे प्राप्त करके भी पुर्नजन्म लेते हैं'। इसलिए, भक्तों को सलाह दी जाती है कि वे तुरंत शास्त्र विरुद्ध साधना छोड़ कर और यह पता लगाने का प्रयास करें कि कौन पूज्य भगवान है जो मोक्ष प्रदान कर सकता है। आइये हम उन साक्ष्यों का अध्ययन करें जो यह जानकारी प्रदान करते हैं - पूज्य भगवान कौन है? धर्मराज (यम) जो काल की दुनिया में एक महत्वपूर्ण पद नियुक्त हैं, पूर्ण परमात्मा के दरबार में एक साधारण कार्यकर्ता की तरह हैं। कहा गया है कि **धर्मराज (यम) दरबानी चेरा, सुर-असुरों का करै निबेरा सत का राज धर्मराय करहीं, अपना किया सभैडण्ड भरहीं**

*(क्रमशः)*

## संकट में फंसे नागरिकों के प्रति मोदी सरकार की संवेदनशीलता



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

*दुनिया* में कहीं भी संकट आया हो, भारत सरकार ने अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस स्वदेश लाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है और इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए इजरायल में फंसे हजारों भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश वापस लाने के लिये ऑपरेशन 'अजय' हम सभी के सामने है। केंद्र की मोदी सरकार यह कार्य ऐसे संकटकालीन समय में कर रही है जब हमास के आतंकवादियों ने इजरायल में घुस कर आम नागरिकों, यहां तक कि बच्चों को भी हैवानियत के साथ कत्ल किया है। देखा जाय तो इजरायल में करीब 18 हजार भारतीय नागरिक काम या पढ़ाई के सिलसिले में रह रहे हैं। यहां रहने वाले भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा देखभाल करने वालों के रूप में काम करता है, लेकिन वहां लगभग एक हजार छात्र, कई आईटी पेशेवर और हीरा व्यापारी भी हैं, जिन्हें सुरक्षित निकालने का सिलसिला मोदी सरकार ने शुरू किया है। मौजूदा हालत में भारतीय लोगों की सहायता के लिए इमरजेंसी नंबर जारी हुए हैं और भारतीय नागरिकों का भारत लौटना भी शुरू हो गया है। भारत लौटने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही है, जैसे कि अब वे सभी चिंताओं से मुक्त हो गये हैं। लैंड होते ही यात्रियों ने भारत माता की जय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के भी नारे भी लगाये। भारत लौटी रांची की विनिता, उत्तराखण्ड के आरती जोशी, आयुष मेहरा हों या मनोज कुमार, स्वाति पटेल एवं अन्य भारतीय, सभी आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भारत सरकार द्वारा उनकी फिक्र किये जाने के लिए हर्षित हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने यह स्पष्ट कहा भी है, ''हमारी सरकार किसी भी भारतीय को कभी पीछे नहीं छोड़ेगी। हमारी सरकार, प्रधानमंत्री उनकी सुरक्षा के लिए, उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' वे यहां तक कहते हैं कि हम विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, विदेश मंत्रालय की टीम, एयर इंडिया के चालक दल के भी आभारी हैं जिन्होंने हमारे बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ घर वापस लाया और उनके प्रियजनों के पास वापस पहुंचाया। वस्तुतः यह पहला अवसर नहीं है जब किसी विदेशी धरती से भारत अपने नागरिकों को संकटकालीन समय में सुरक्षित स्वदेश लेकर आया है। इससे पहले भी कई बड़े ऑपरेशन सफलता पूर्वक कर चुका है। भारत ने हमेशा अपने एक-एक नागरिक के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यूक्रेन-रूस युद्ध के समय भी हमने देखा, वॉर छिड़ने के तुरंत बाद, पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन गंगा' नामक एक बहु-आयामी निकासी अभियान शुरू किया था । यूक्रेन में कीव, ल्वीव, चेर्निंत्सि से भारतीयों का आना आरंभ हुआ, फिर इस निकासी प्रक्रिया को तेज करने के लिए, विदेश मंत्रालय ने पोलैंड में वॉरसा, शेहिनी-मेडिका और क्राकोविएक सीमा पार, हंगरी में जाहोनी, किप टायसा सीमा पार, स्लोवाक गणराज्य में विस्ने नेमेके सीमा पार और रोमानिया में सुसेवा सीमा पार पर अपनी टीमें तैनात कर दी थीं, ताकि किसी भी भारतीय को स्वदेश लाने में कोई दिक्कत न आये। संकटग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को 'ऑपरेशन कावेरी' चलाकर सुरक्षित भारत लाया गया । यहां से आये भारतीयों ने तो स्पष्ट बताया कि सूडान में सबसे पहले भारत ही अपने नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए पहुंचा था। वहां स्थिति काफी खतरनाक थी मोदी सरकार से इस बचाव अभियान को भी बड़ी ही तेजी के साथ चलाया था । इससे पहले अफगानिस्तान में चले गृहयुद्ध को भी याद किया जा सकता है, जब तालीबानियों ने आम लोगों को अपना निशाना बनाया, तब भी भारतीय वायुसेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आते रहे।

**भारत लौटी रांची की विनिता, उत्तराखण्ड के आरती जोशी, आयुष मेहरा हों या मनोज कुमार, स्वाति पटेल व अन्य भारतीय, सभी आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व व भारत सरकार द्वारा उनकी फिक्र किये जाने के लिए हर्षित हैं।**

**संवेदनशीलता**

### फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

ख़ुशी दुनिया की सर्वोतम दवा है
इसलिए खुद भी
खुश रहे और दुसरो को खुशिया
बांटे।

## आसान नहीं मुख्यमंत्री शिवराज का श्राद्ध



प्रमोद भार्गव

*विधानसभा* चुनाव के महासंग्राम की शुरूआत होते ही कांग्रेस एवं भाजपा में श्राद्ध को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। दरअसल सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गंगा नदी के किनारे निश्चिंत व निर्लिप्त बैठे हुए एक चित्र जारी हुआ था। इसमें शिवराज चुनाव की चिंता और मुख्यमंत्री बनने की इच्छा से मुक्त नजर आ रहे थे। वास्तव में वे ऋषिकेश में स्थित परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानंद मुनि के आश्रम में समय बिताने पहुंचे थे। वे यहां गंगा दर्शन कर गंगा आरती में शामिल हुए और संतों का आशीर्वाद लिया। इस पल चित्र सोशल मीडिया पर किसी ने डालकर लिख दिया, 'मामा का श्राद्ध, श्राद्ध में भाजपा ने दिया शिवराज मामा को टिकट।' इसे कांग्रेस की हरकत बताते हुए शिवराज ने कहा कि सनातन धर्म को अपशब्द कहने वाली कांग्रेस सत्ता की भूखी है। जबकि कांग्रेस को अपनी कुंठित सोच और कुसंस्कारों का श्राद्ध करने की जरूरत है। मैं मर भी जाऊंगा तो राख के ढेर से फीनिक्स पक्षी की तरह फिर से पैदा हो जाऊंगा, जनता की सेवा के लिए।' हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शालीनता बरतते हुए कहा कि 'शिवराज जी ईश्वर आपको दीघार्यु दे। मेरी समझ में नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है? श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।' मिथकों में फीनिक्स को एक मायावी पक्षी माना जाता है। अरब, ईरानी, मिश्र और भारतीय दंत-कथाओं में ऐसे विलक्षण पंछी का उल्लेख मिलता है। धारणा है कि इसका जीवन चक्र 500 से 1000 वर्ष का होता है। उम्र पूरी होने पर वह जल जाता है और फिर अपनी ही राख से पुनः जीवन प्राप्त कर लेता है। यह अवधारणा भारतीय दर्शन के पुर्नजन्म से मेल खाती है। श्रीमद् भगवत गीता के इस दर्शन को दुनिया के अनेक वैज्ञानिक भी अब यह मानने लगे हैं। दरअसल पदार्थगत रूपांतरण को ही पुर्नजन्म माना जाता है। पदार्थ और ऊर्जा दोनों ही परस्पर परिवर्तनशील है। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती है, परंतु रूपांतरित होकर अदृश्य हो जाती है। इसीलिए डीएनए यानी महा रसायन मृत्यु के बाद भी संस्कारों के रूप में अदृश्य अवस्था में उपस्थित रहता है और नये जन्म के रूप में पुनः अस्तित्व में आ जाता है। इसीलिए सनातन दर्शन मृत्यु के साथ मनुष्य का पुर्णतः अंत नहीं मानता है। बल्कि मृत्यु के माध्यम से आत्मा को शरीर से अलग होकर वायुमंडल में विचरण करना मानता है। यही आत्मा मनुष्य के जीवित रहते हुए भी स्वप्न अवस्था में शरीर से अलग होकर भ्रमण करती है, लेकिन शरीर से उसका अंतसर्बंध बना रहता है। बीमारी की स्थिति में भी आत्मा और शरीर का अलगाव बना रहता है। परंतु मृत्यु के बाद आत्मा शरीर से पृथक हो जाती है। ऋग्वेद में कहा भी गया है कि 'जीवात्मा अमर है और प्रत्यक्षतः नाशवान है।' इसे ही और अधिक विस्तार से गीता में उल्लेखित करते हुए कहा है, 'आत्मा किसी भी काल में न तो जन्मती है और न ही मरती है। जिस तरह से मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्याग कर नये वस्त्र धारण कर लेता है, उसी अनुरूप जीवात्मा मृत शरीर को त्याग कर नये शरीर में प्रवेश कर जाती है।' इसलिए हमें बिना पढ़ी-लिखी या अल्पशिक्षित होने के बावजूद अनेक ऐसी प्रतिभाएं देखने में आती हैं, जिनके ज्ञान को देखकर आश्चर्य होता है। दरअसल वे पूर्व जन्म के संचित ज्ञान का ही प्रतिफल होती हैं। इसीलिए कहा जा सकता है कि जीवात्मा वर्तमान जन्म के संचित संस्कारों को साथ लेकर ही अगला जन्म लेती हैं। यहां यह भी रेखांकित किया जाना जरूरी है कि जींस (डीएनए) में पूर्व जन्म यह पैतृक संस्कार मौजूद रहते हैं।

**श्रीमद् भगवत गीता के इस दर्शन को दुनिया के अनेक वैज्ञानिक भी अब यह मानने लगे हैं। दरअसल पदार्थगत रूपांतरण को ही पुर्नजन्म माना जाता है। पदार्थ और ऊर्जा दोनों ही परस्पर परिवर्तनशील है।**

**श्राद्ध**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### सिख गुरुओं का ऋणी है देश : शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश सिख गुरुओं का ऋणी है। समाज और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका वंदनीय है। शाह ने शुक्रवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से आईसीएआर कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिख पंथ की गुरु परंपरा को वह शीश झुका कर प्रणाम करते हैं। सिख पंथ की 10 पीढ़ियों की गुरु परंपरा ने आक्रान्ताओं के सामने अन्याय और बर्बरता के खिलाफ संघर्ष और बलिदान का उत्कृष्ट उदाहरण दुनिया के सामने रखा है। शाह ने कहा कि गुरुनानक देव जी ने अपने जीवन में "चार उदासियां" से कई देशों के अंदर सर्वधर्म समभाव का उपदेश दिया। कर्नाटक से लेकर मक्का तक उनके चरण मिले हैं। बिना किसी स्वार्थ के प्रेम के संदेश के लिए उस जमाने में पैदल चल कर इतनी यात्रा करने की थी। सालों पहले जब सभी मजहब अपने-अपने पंथ को लेकर युद्ध लड़ रहे थे, उस दौरान नानक देव साहब से लेकर दशम पिता तक जो उपदेश दिए, उन उपदेशों पर आज पूरी दुनिया चल रही है। शाह ने कहा कि सिख समुदाय धर्म व कर्म दोनों को समान रूप से लेकर आगे चलता है। धर्म के लिए जान देने की बारी आती है, तो एक सच्चा सिख कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखता। देश की आजादी से लेकर आज देश की सुरक्षा तक सिख भाइयों का बलिदान सबसे अधिक है।

### भाजपा ने किरेन रिजिजू को बनाया मिजोरम का चुनाव प्रभारी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने



मिजोरम में 7 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही नगालैंड के उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन और राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी को सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। शुक्रवार को भाजपा महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चंडीगढ़ भाजपा इकाई में बदलाव करते हुए जतिंदर पाल मल्होत्रा को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू होंगी।

# आतंकवाद मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध : प्रधानमंत्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित पार्लियामेंट 20 का आगाज किया और दुनिया को शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय विकास और कल्याण का है और यह शांति बिना संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने आतंकवाद को लेकर एक बार फिर विश्व को चेताया की यह मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध है और इस पर दोहरे मानदंड नहीं होने चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया की सबसे अमीर अर्थव्यवस्था वाले जी-20 देश के संसदीय प्रतिनिधिमंडल को यहां यशोभूमि द्वारका में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत की 5000 साल पुरानी सभ्यता और उसमें रचे बसे लोकतंत्र का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि हजारों साल पहले भी हमारे यहां संवाद वा चर्चा के माध्यम से जनहितैषी व्यवस्था काम करती थी। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में चल रहे रूस-यूक्रेन और इसराइल-हमास संघर्ष के बीच अपने शांति संदेश में कहा कि संकट भरी दुनिया किसी के हित में नहीं है। शांति के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि आज शाम दुनिया भर से आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत की संसद की यात्रा करेंगे और वहां स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को श्रद्धांजलि देंगे। साथ ही उन्होंने यहां आतंकवाद की उस घटना का भी जिक्र किया जिसमें भारतीय संसद पर आतंकियों ने हमला किया था। इसी क्रम में उन्होंने आतंकवाद के खतरे के प्रति दुनिया को आगाह कराया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि दुनिया अभी तक आतंकवाद की परिभाषा पर आम सहमति नहीं बन पाई है। उन्होंने कहा कि इस रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं।

### वैश्विक चुनौतियों पर एकजुटता का प्रमाण है पी20 : लोस अध्यक्ष



**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों पर हम (जी20 देश) एकजुट हैं। हम साझा चुनौतियों को लेकर गंभीर हैं और समाधान चाहते हैं। इस दिशा में पी20 शिखर सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। बिरला ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, आतंकवाद सहित सभी वैश्विक समस्याओं पर हमें मिलकर समाधान निकालना होगा। जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी कई साझा समस्याओं पर सार्थक संवाद हुआ और भारत की अध्यक्षता में जी 20 लीडर समिट में नई दिल्ली डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। ये हमारे वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। बिरला ने कहा कि लोकतंत्र हमारी सबसे अमूल्य विरासत है। लोकतंत्र हमारी जीवनशैली, आचार, विचार, व्यवहार में है। एक तरह से ये हमारी संस्कृति और संस्कार में आत्मसात है। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान भारत की संसद से पास हुए महिला आरक्षण विधेयक के बारे में भी मेहमानों को अवगत कराया।

## वायु सेना में जल्द शामिल होगी स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल



▶▶ मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और नौसेना के मिग-29ए विमानों में लगेगी मिसाइल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वायु सेना के हथियार खजाने में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल हो जाएगी। इन मिसाइलों के थोक उत्पादन के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) को मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है। वायु सेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए बीडीएल के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। अब स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल की क्षमता 100 किमी. से बढ़ा कर 160 किमी. कर दी गई है। साथ ही दोहरे पल्स रॉकेट मोटर की सहायता से 160 किमी. की विस्तारित सीमा के साथ एस्ट्रा एमके-2 को विकसित किया जाना है। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किया जा रहा है। बीडीएल को स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों के थोक उत्पादन की मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। वायु सेना के हथियार खजाने में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल हो जाएगी। वायु सेना एस्ट्रा एमके-2 का स्टेटिक फायर करके परीक्षण कर चुकी है। आने वाले वर्षों में एस्ट्रा एमके-1 और एमके-2 एयर टू एयर क्षेत्र में भारतीय वायु सेना का मुख्य हथियार होंगे। भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान पहले ही एस्ट्रा मिसाइलों के साथ एकीकृत है और इसका उत्पादन भारत डायनामिक्स लिमिटेड कर रही है। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद दोनों सेनाओं के लिए 248 स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया गया था। इसमें 200 मिसाइलें वायु सेना के लिए और 50 नौसेना के लिए थीं। बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप भारतीय वायु सेना को अक्टूबर, 2020 में मिली थी। यह मिसाइल इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेशर्स से लैस है, इसलिए दुश्मन के प्रयासों को नाकाम करके अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है। एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल 3.6 मीटर (12 फीट) लंबी है और 4.5 मैक की गति तक अधिकतम 20 किमी. (66 हजार फीट) की ऊंचाई से संचालित हो सकती है।

## जटिल रोगों के ऑपरेशन की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक की याचिका पर केंद्र को नोटिस

**आरएनएम। नई दिल्ली**


इन दिनों कई अस्पतालों में जटिल रोगों के ऑपरेशन की लाइव स्ट्रीमिंग की जाने लगी है। जिस पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया है कि लाइव सर्जरी प्रसारण से कानूनी और नैतिक मुद्दे उत्पन्न हो रहे हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ ने दिल्ली के कुछ लोगों की तरफ से दायर याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अब इस मामले में तीन हफ्ते बाद सुनवाई होगी। मालूम हो कि यह मामला मेडिकल साइंस के साथ-साथ ऑपरेशन थियेटर के विचलित करने वाले नजारों को आम नागरिकों तक पहुंचाने का है। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को सर्जरी के लाइव प्रसारण की नियमित निगरानी करने का निर्देश देने की मांग की है। याचिकाकर्ता इस संबंध में दिशा निर्देश तैयार करने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग कर रहे हैं। इस मामले में अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

## इजरायल से 212 भारतीयों को लेकर विमान दिल्ली पहुंचा

**नई दिल्ली।** हमास-इजरायल के बीच शुरू हुए युद्ध को आज 7 दिन हो चुके हैं। भारत सरकार ने इजरायल में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए प्रयास किए। ऑपरेशन अजय तहत शुक्रवार को 212 भारतीयों को लेकर सुबह 5.59 बजे दिल्ली पहुंचा।

## विधायकों के अयोग्यता मामले में विस अध्यक्ष की देरी से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**आरएनएम । नई दिल्ली**



सर्वोच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कई विधायकों की अयोग्यता से संबंधित याचिका पर फैसला करने में देरी को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि वे शीर्ष अदालत के आदेशों की अनदेखी नहीं कर सकते। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने कहा, किसी को विधानसभा अध्यक्ष को यह सलाह देनी होगी कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अनदेखी नहीं कर सकते। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इस मुद्दे पर निर्णय लेने की समय सीमा के बारे में शीर्ष अदालत को अवगत कराने को कहा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला अगले विधानसभा चुनाव से पहले लेना होगा, नहीं तो पूरी प्रक्रिया निरर्थक हो जाएगी। पीठ ने कहा कि यदि वह विधानसभा अध्यक्ष की समय सीमा से संतुष्ट नहीं होती, तो वह निर्देश देगी कि निर्णय दो महीने के भीतर लिया जाए। मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली इस पीठ ने कहा, भारत के संविधान के विपरीत फैसला होने पर इस अदालत की व्यवस्था को माना जाना चाहिए। बेंच ने संकेत दिया कि वह याचिका पर सोमवार या मंगलवार को सुनवाई कर सकती है। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने बीते 18 सितंबर को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दिया था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले के लिए समय सीमा बताएं। लेकिन इस मुद्दे पर पत्रकारों से विधानसभा अध्यक्ष ने कहा था कि उचित समय पर निर्णय लेंगे। इनके इस कहे से टाल मटोल करते हुए लंबा खींचते जाने का संकेत जा रहा है।

## सिंधिया के रास चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ कांग्रेस नेता गोविंद सिंह की याचिका में हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है। गोविंद सिंह ने 19 जून, 2020 को हुए सिंधिया की उम्मीदवारी को इस आधार पर चुनौती दी थी कि शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र जमा करते समय उन्होंने भोपाल में दर्ज एफआईआर के संबंध में जानकारी का खुलासा नहीं किया था। यह तर्क दिया गया कि सिंधिया ने अपने नामांकन पत्र में एफआईआर का खुलासा न कर तथ्यों को छुपाया जो धोखाधड़ी और भ्रष्ट आचरण के बराबर है और उनके चुनाव को शून्य घोषित किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिका में तर्क दिया गया कि हाई कोर्ट ने चुनाव याचिका की समीक्षा करने से इसलिए इनकार कर दिया था कि केवल एफआईआर दर्ज करना एक 'लंबित आपराधिक मामला' नहीं बनता है जिसका खुलासा नामांकन पत्रों में किया जा सके। सिंधिया ने हाईकोर्ट में कहा था कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक केस नहीं है और तर्क दिया था कि केवल एफआईआर दर्ज कर लेने से अपराध साबित नहीं हो जाता।

## FILMY हलचल

### विक्की कौशल ने अपनी फिल्म 'सैम बहादुर' का टीजर वीडियो शेयर किया

**अभिनेता** विक्की कौशल पिछले कुछ महीनों से अपनी आगामी फिल्म




सैम बहादुर को लेकर चर्चा में हैं। फैंस भी विक्की की फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस फिल्म से जुड़ी अपडेट्स शेयर करते रहते हैं। अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने इस फिल्म की तैयारी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपने फैंस को दिखाया। कल विक्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सैम बहादुर' का फर्स्ट लुक शेयर किया था, जिसे दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लोगों ने उनके लुक पर कमेंट किए और दिलचस्पी दिखाई। अब विक्की कौशल ने टीजर वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। टीजर में विक्की कौशल फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस रोल के लिए विक्की ने इतनी मेहनत की है। यह साफ दिख रहा है कि उनके डायलॉग्स और बॉडी लैंग्वेज परफेक्ट हैं।

### अभिनेत्री भैरवी वैद्य का निधन



**अभिनेत्री** भैरवी वैद्य का निधन हो गया है। उन्होंने 67 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। करीब 45 साल से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहीं भैरवी अब तक कई हिंदी व गुजराती सीरियल और फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वह पिछले छह महीने से कैंसर से लड़ रही थीं। इस बीच जानकारी सामने आई है कि उनकी मौत 8 अक्टूबर को हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भैरवी पिछले 6 महीने से कैंसर से पीड़ित थीं। प्रतीक गांधी ने भैरवी वैद्य के साथ पुरानी यादें ताजा कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे फिल्म "वेंटिलेटर" में उनके साथ काम करने का मौका मिला। हमारे बीच अच्छी बॉन्डिंग थी। वह बहुत प्यारी थी। मैं उनका मुस्कुराता हुआ चेहरा कभी नहीं भूल सकता।'

## 2023 वैश्विक भूख सूचकांक — भारत 111वें स्थान पर

# सरकार ने रिपोर्ट को बताया 'त्रुटिपूर्ण'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है, जो पिछले साल से चार स्थान फिसल गया है। हालांकि, सरकार ने रिपोर्ट को त्रुटिपूर्ण और गलत बताते हुए खारिज कर दिया है। आयरलैंड और जर्मनी के गैर-सरकारी संगठनों क्रमशः कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा गुरुवार को जारी वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है, 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ, भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर है। 2022 में भारत 125 देशों में से 107वें स्थान पर था।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में दावों का खंडन किया और कहा कि सूचकांक भूख का एक त्रुटिपूर्ण माप बना हुआ है और भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है।

जीएचआई रिपोर्ट में पाकिस्तान को 102वें, बांग्लादेश को 81वें, नेपाल को 69वें और श्रीलंका को 60वें स्थान पर रखा गया है। दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका सबसे अधिक भूख स्तर वाले क्षेत्र थे।

मंत्रालय ने कहा, सूचकांक भूख का एक गलत माप है और गंभीर पद्धतिगत मुद्दों से ग्रस्त है। सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं और पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते।

इसमें कहा गया है, चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक 'कुपोषित (पीओयू) आबादी का अनुपात' 3,000 के बहुत छोटे नमूना आकार पर किए गए एक जनमत सर्वेक्षण पर आधारित है। इस बीच, रिपोर्ट में भारत को दुनिया की सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत बाल कमजोरी दर के साथ गिना गया है, जो तीव्र कुपोषण का संकेत देता है।

भारत में अल्पपोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 58.1 प्रतिशत है।

## संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी तीन दिन की ईडी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जज ने उन्हें 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सिंह ने शुक्रवार को ही अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। हाईकोर्ट सिंह की याचिका पर शुक्रवार को ही सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया जब उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की खंडपीठ के समक्ष मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया।

## प्रभास की फिल्म से डर रहे हैं शाहरुख खान



**बॉक्स ऑफिस** पर इस वक्त धमाल देखने को मिल रहा है। साल के अंत तक कई बड़े बजट की फिल्में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हो रही हैं। शाहरुख खान की 'डंकी' से लेकर प्रभास की 'सालार' और रणबीर कपूर की 'एनिमल' तक कई बड़ी फिल्में आने वाली हैं। वहीं, प्रभास की फिल्म 'सालार' की सीधी टक्कर शाहरुख खान की 'डंकी' से हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख खान अपनी फिल्म 'डंकी' को लेकर बड़ा फैसला लेने की तैयारी में हैं। संभावना है कि शाहरुख अपनी फिल्म रिलीज में देरी कर सकते हैं। फिल्म ट्रेड विश्लेषकों ने भी राय जताई है कि अगर दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगी तो भारी नुकसान होगा। इसीलिए शाहरुख खान 'सालार' से सीधे मुकाबले से बचने के लिए अपनी फिल्म 'डंकी' की रिलीज में देरी कर सकते हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित शाहरुख खान की 'डंकी' दिसंबर 2023 की बजाय अगले साल की शुरूआत यानी 2024 में रिलीज हो सकती है। इससे दो बड़े बजट की फिल्मों से सीधी टक्कर भी नहीं होगी और नए साल में एक बार फिर शाहरुख खान का जादू देखने को मिलेगा। शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' ने साल 2023 की धमाकेदार शुरूआत की है। ऐसे में नए साल में भी उनकी फिल्म से उम्मीदें हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज टालने को लेकर शाहरुख खान, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट या राजकुमार हिरानी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि यह घोषणा जल्द ही हो सकती है। शाहरुख खान की 'डंकी' और प्रभास की 'सालार' 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। दोनों फिल्मों की रिलीज का ऐलान पहले ही हो चुका है।






# न्यूजीलैंड ने लगाई जीत की हैट्रिक

## बांग्लादेश को हराकर टॉप पर पहुंची टीम





**एजेंसी। चेन्नई**

वर्ल्ड कप 2023 के 11वें मैच में न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हरा दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 245 रन बनाए। कीवी टीम ने 246 रन का टारगेट 42.5 ओवर में हासिल कर लिया। यह उसकी लगातार तीसरी जीत थी। वह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। बांग्लादेश की ओर से मुशिफकुर रहीम ने 75 गेंद पर 66 रन बनाए। महमूदुल्लाह 41 रन बनाकर नाबाद रहे। शाकिब अल हसन ने 40 और मेहदी हसन मिराज ने 30 रन बनाए। लॉकी फर्ग्युसन ने 3 विकेट लिए। इसके अलावा ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी ने 2-2 विकेट लिए। मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स ने 1-1 विकेट लिए। केन विलियमसन ने इंटरनेशनल क्रिकेट में छह महीने बाद वापसी करते हुए शानदार बल्लेबाजी की। वह 78 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। डेरिल मिचेल 89 रन और ग्लेन फिलिप्स 16 रन बनाकर नाबाद रहे। डेवोन कॉन्वे ने 45 रन बनाए। मुस्तफिजुर रहमान और शाकिब अल हसन ने 1-1 विकेट लिए। केन विलियमसन की ओपनर विल यंग की जगह प्लेइंग 11 में आए। बंग्लादेश की टीम में महमूदुल्लाह की महेदी हसन की जगह प्लेइंग 11 में वापसी हुई। कीवी टीम शानदार फॉर्म में है। उसने पहले मैच में इंग्लैंड को हराया। दूसरे मैच में उसने नीदरलैंड्स को पटखनी दी। अब बांग्लादेश को हराया। बांग्लादेश की टीम 3 में से 2 मैच हार चुकी है।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लिटन कुमार दास | 0 | 1 | 0 | 0 |
| तंजिद हसन | 16 | 17 | 4 | 0 |
| मेहदी हसन मिराज | 30 | 46 | 4 | 0 |
| नजमुल शान्तो | 7 | 8 | 1 | 0 |
| शाकिब अल हसन | 40 | 51 | 3 | 2 |
| मुशफि कुर रहीम | 66 | 75 | 6 | 2 |
| मो. तौहीद हृदोय | 13 | 25 | 0 | 0 |
| महमुदउल्लाह | 41 | 49 | 2 | 2 |
| तस्किन अहमद | 17 | 19 | 0 | 2 |
| मुस्तफि जुर रहमान | 4 | 10 | 0 | 0 |
| शोरिफुल इस्लाम | 2 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 9, **कुल :** 245/9 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-0, 2-40, 3-56, 4-56, 5-152, 6-175, 7-180, 8-214, 9-225
**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 10-0-45-2, मैट हेनरी 10-0-58-2, लॉकी फर्ग्युसन 10-0-49-3, मिचेल सैंटनर 10-1-31-1, ग्लेन फि लिप्स 2-0-13-1, रचिन रविंद्र 7-0-37-0, डैरिल मिचेल 1-0-11-0

| न्यूजीलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे | 45 | 59 | 3 | 0 |
| रचिन रविंद्र | 9 | 13 | 2 | 0 |
| केन विलियमसन | 78 | 107 | 8 | 1 |
| डैरिल मिचेल | 89 | 67 | 6 | 4 |
| ग्लेन फि लिप्स | 16 | 11 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त :** 11, **कुल :** 248/2 (42.5 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-12, 2-92, 2-200*. डीआरएस
**गेंदबाजी :** मुस्तफि जुर रहमान 8-0-36-1, शोरिफुल इस्लाम 7.5-1-43-0, तस्किन अहमद 8-0-56-0, शाकिब अल हसन 10-0-54-1, मेहदी हसन मिराज 9-0-58-0

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.604 |
| सा. अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | +2.360 |
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | +1.500 |
| पाकिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.927 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.553 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.699 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.161 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.800 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.846 |
| अफगानिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.907 |

## भारत-पाक मैच से पहले होगा जश्न

### अरिजीत सिंह से शंकर महादेवन तक कई सिंगर्स करेंगे परफॉर्म




**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि सिंगर अरिजीत सिंह भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप 2023 के रोमांचक मुकाबले से पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में परफॉर्म करेंगे, जिससे क्रिकेट फैंस का मजा डबल होने वाला है। वर्ल्ड कप 2023 की शुरूआत में कोई ओपनिंग सेरेमनी नहीं हुई थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के महा-मुकाबले से पहले रंगारंग कार्यक्रम होगा और अब इस खबर पर बीसीसीआई ने मोहर भी लगा दी है। इस कार्यक्रम में संगीत की दुनिया के दिग्गज कलाकार शंकर महादेवन और सुखविंदर सिंह का भी नाम शामिल है। बॉलीवुड, राजनीति और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी मशहूर हस्तियों की लंबी लिस्ट भी इस हाई-प्रोफाइल विश्व कप मुकाबले की शोभा बढ़ाते नजर आएंगे। मौजूदा टूर्नामेंट में दोनों टीमों के प्रदर्शन की बात करें तो भारत और पाकिस्तान ने अपने सभी मैचों में जीत हासिल की है। जहां भारत ने अलग-अलग मैदानों पर अपना कौशल दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की, वहीं पाकिस्तान नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ विजयी हुआ। एकदिवसीय विश्व कप मैचों में भारत ने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सभी सात मुकाबले जीतकर एक शानदार रिकॉर्ड बनाए रखा है और शनिवार के मैच में भी इसे कायम रखने के इरादे से मैदान में उतरेगा।

## भारत को हराकर फैंस के सामने हीरो बनने का सुनहरा मौका : बाबर आजम



**एजेंसी। अहमदाबाद**

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई वोल्टेज मुकाबले को लेकर चल रहे प्रचार और दबाव के बीच, कप्तान बाबर आजम को लगता है कि यह मैच उनकी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करके हीरो बनने का सुनहरा मौका है। दुनिया के बेस्ट स्टेडियम में गिने जाने वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मैच का लुत्फ उठाने करीब 1,32,000 की भारी संख्या में फैंस के आने की उम्मीद है। इस मैच से पहले पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हां, भारत-पाकिस्तान मैच एक बड़ा मुकाबला है। मैंने टीम से बस यही कहा है कि वो अपना बेस्ट दें। एक खिलाड़ी के रूप में, एक टीम के रूप में यह हमारा विश्वास है और हम इस मैच में अपनी पूरी जान झोंक देंगे।

मुख्य बात हमारी योजनाओं को लागू और खुद पर विश्वास करना है। अहमदाबाद एक बड़ा स्टेडियम है और बहुत सारे प्रशंसक आ रहे हैं। इसलिए, यह हमारे लिए प्रशंसकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने और हीरो बनने का एक सुनहरा अवसर है। वनडे में आमने-सामने के रिकॉर्ड में पाकिस्तान भारत से 73-56 से आगे है। लेकिन जहां तक 50 ओवर के विश्व कप का सवाल है तो कहानी अलग है, क्योंकि भारत ने 1992 से लेकर अब तक अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सभी सात मुकाबलों में जीत हासिल की है। बाबर आजम ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं अतीत पर ध्यान केंद्रित नहीं करता। मैं भविष्य पर फोकस करने की कोशिश करता हूं।

### पाक के लिए खतरनाक साबित होंगे कुलदीप यादव : रमीज राजा



**पाक** के पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा का मानना है कि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव पाकिस्तान के बल्लेबाजों को खूब परेशान कर सकते हैं, क्योंकि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते देखा गया है। भारत के विश्व कप-2023 के शुरूआती मैच में कुलदीप ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की। फिर, अफगानिस्तान के खिलाफ भी वो किफायती नजर आए। इस साल 2023 में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के नाते, उम्मीद है कि वह शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा एंड कंपनी के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। रमीज राजा ने कहा, ऱ्मेरा मानना है कि विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होंगे और निश्चित रूप से महत्वपूर्ण प्रदर्शन करेंगे क्योंकि वह उनके खिलाफ शानदार रहे हैं। साथ ही, पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण भी कोहली के अनुकूल है।

## तीरंदाजी में डीएवी गांधीनगर की अनुष्का ने जीता राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल सी सी एल गांधीनगर की तीसरी कक्षा की छात्रा अनुष्का तिवारी ने तेरहवीं एन टी पी सी चेरुकेरी लेनिन वोल्गा मिनी अंडर 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्णपदक प्राप्त कर झारखंड का नाम रौशन किया है। वहीं इसने पांचवीं एन टी पी सी लेनिन तीरंदाजी के नौ वर्ष के कम आयु वर्ग में व्यक्तिगत स्पर्धा में दो कांस्य पदक भी प्राप्त किये हैं। इसके अलाव पंद्रहवीं झारखंड राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता के 10 मीटर एवं 15 मीटर की स्पर्धा में स्वर्ण के साथ ओवर ऑल स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया है । ध्यातव्य हो कि अनुष्का की माता अंकिता तिवारी भी राष्ट्रीय तीरंदाज रही है। उन्होंने राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर 34 पदक प्राप्त किया है। 12 अक्टूबर को मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन ने दो लाख पचास हजार की राशि देकर इस उभरती तीरंदाज को उत्साह भी बढ़ाया है। छात्रा की इस सफलता पर प्राचार्य एस के सिन्हा ने बच्ची की माता और बच्ची को सम्मानित कर बधाई दी है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भारत-पाक मैच से पहले शुभमन गिल बने 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ'



**एजेंसी। दुबई**

भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को विश्व कप से पहले वनडे मैचों में दबदबा बनाने के बाद सितंबर 2023 के लिए आईसीसी पुरुष खिलाड़ी ऑफ द मंथ चुना गया है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुभमन गिल ने सितंबर के दौरान 80 की औसत से 480 वनडे रन बनाने के बाद पुरस्कार का दावा करने के लिए टीम के साथी मोहम्मद सिराज और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज डेविड मलान को पीछे छोड़ दिया। युवा खिलाड़ी ने 2023 में शानदार फॉर्म का नजारा दुनिया के सामने रखा, जिससे उन्हें आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भी बढ़त मिली है और अब वो पाकिस्तान के बाबर आजम से कुछ ही अंक पीछे हैं। इस सलामी बल्लेबाज ने एशिया कप में 75.5 की औसत से सर्वाधिक 302 रन बनाए, जिसमें नाबाद 27 रन भी शामिल थे, जिससे भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हरा दिया। एशिया कप के समापन के बाद गिल एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखला में चमके। उन्होंने मोहाली में 74 रन और इंदौर में 104 रन बनाए। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने के बाद शुभमन गिल ने कहा, मुझे सितंबर महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतकर खुशी हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और टीम के हित में योगदान देना एक बड़ा सौभाग्य है।

## केंट क्रिकेट क्लब के कप्तान नियुक्त हुए डेनियल बेल-ड्रमंड



**लंदन।** केंट ने डेनियल बेल-ड्रमंड को सैम बिलिंग्स के स्थान पर क्लब का कप्तान नियुक्त किया है - हालांकि बिलिंग्स टी20 टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। 30 वर्षीय बेल-ड्रमंड, केंट अकादमी से आए और उन्होंने क्लब के लिए सभी प्रारूपों में 369 मैच खेले, उन्होंने बिलिंग्स की अनुपस्थिति में कई मौकों पर टीम की कप्तानी भी की है। पिछले सीजन में, उन्होंने नॉर्थहेम्पटनशायर के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 300 रन की पारी खेली। क्लब का कप्तान नियुक्त किये जाने पर बेल-ड्रमंड ने कहा, मैं सात साल की उम्र से केंट क्रिकेटर रहा हूं; मुझे क्लब बहुत पसंद है।

## खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जरूर जीतेंगे : मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने अमेठी की स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा अमेठी मे सांसद खेल प्रतियोगिता-2023 के आयोजन के लिए उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि अमेठी के भी युवा खिलाड़ी आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मेडल जरूर जीतेंगे। अमेठी सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन सत्र को वीडियो संदेश के जरिए पीएम संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि देश में खेलों के लिए ये महीना बड़ा शुभ है। हमारे खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स में मेडल की सेंचुरी लगा दी है। इन आयोजनों के बीच अमेठी के खिलाड़ियों ने भी खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी खिलाड़ियों को वे बधाई देते हैं। इस प्रतियोगिता से आपको जो नई ऊर्जा और आत्मविश्वास मिला है, उसे आप भी महसूस करते होंगे, पूरे क्षेत्र के भी लोग महसूस करते होंगे। पीएम ने कहा कि बीते 25 दिनों में आपको जो अनुभव मिला है, वो आपके स्पोर्टिंग करियर की बहुत बड़ी पूंजी है। वे आज हर उस व्यक्ति को भी बधाई देते हैं, जिसने शिक्षक की भूमिका में, निरीक्षक की भूमिका में, स्कूल एवं कॉलेज के प्रतिनिधि की भूमिका में, इस महा अभियान से जुड़कर इन युवा खिलाड़ियों को समर्थन एवं प्रोत्साहन दिया है। एक लाख से ज्यादा खिलाड़ियों का जुटना, वो भी इतने छोटे से एरिया में यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है और इसके लिए वह विशेष रूप से अमेठी की सांसद बहन स्मृति ईरानी को शुभकामना देते हैं, जिन्होंने इस आयोजन को इतना सफल बनाया। प्रधानमंत्री ने भाजपा सांसदों द्वारा चलाए जा रहे अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के सैकड़ों सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर समाज और देश के विकास का नया रास्ता तैयार किया है। इन प्रयासों का परिणाम देश को आने वाले वर्षों में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। उन्हें विश्वास है कि अमेठी के भी युवा खिलाड़ी आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेडल जरूर जीतेंगे और इसमें इस प्रतियोगिता से मिला अनुभव भी बहुत काम आएगा। प्रधानमंत्री ने खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए आगे कहा कि जब कोई खिलाड़ी मैदान में उतरता है तो उसका सिर्फ एक ही लक्ष्य होता है वो कैसे खुद को, अपनी टीम को विजयी बनाए। आज पूरा देश खिलाड़ियों की तरह ही सोच रहा है। खिलाड़ी भी जब खेलते हैं तो राष्ट्र प्रथम की सोच रखते हैं। उस क्षण वो सब कुछ दांव पर लगाकर देश के लिए ही खेलते हैं, इस समय देश भी एक बड़ा लक्ष्य लेकर चल रहा है।

## भारत मिस्र में विश्व कैडेट शतरंज चैम्पियनशिप से हटा

**चेन्नई।** इजराइल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष का असर भारतीय शतरंज पर पड़ा है और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने 14 से 23 अक्टूबर तक मिस्र के शर्म अल शेख में होने वाली विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की है। एआईसीएफ ने घोषणा की, इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में चल रही स्थिति और प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए, उचित विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि हमारा प्रतिनिधिमंडल विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप-2023 में भाग नहीं लेगा। भारतीय शतरंज निकाय ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ियों की सुरक्षा के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया क्योंकि गाजा पट्टी शर्म अल शेख से केवल 397 किलोमीटर दूर है और संघर्ष अल्प सूचना पर मध्य पूर्व में वाणिज्यिक एयरलाइनों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है।

### 2028 ओलंपिक — भारोत्तोलन, आधुनिक पेंटाथलॉन को मिली मंजूरी

## मुक्केबाजी अभी भी संदेह के घेरे में



**एजेंसी।** 2028 में लॉस एंजेलिस ओलंपिक में खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करना अभी भी अनिश्चित है, भले ही अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने भारोत्तोलन और आधुनिक पेंटाथलॉन को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। ये तीन खेल उन 28 खेलों में से नहीं थे जिन्हें आईओसी ने इस साल फरवरी में लॉस एंजेलिस 2028 के लिए मंजूरी दी थी। अब यह सिफारिश सोमवार (15 अक्टूबर) से मुंबई में होने वाले 141वें आईओसी सत्र के दौरान रखी जाएगी।

आईओसी ईबी ने शुक्रवार को ओलंपिक में एक खेल के रूप में मुक्केबाजी की स्थिति पर चर्चा की क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) की मान्यता रद्द कर दी गई है और उसने फैसला किया है कि उसके लिए टोक्यो 2020 की तरह प्रतियोगिताओं का आयोजन करना संभव नहीं है और 2024 पेरिस में भी आयोजन नहीं हो पायेगा। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा कि चूंकि उसके पास मुक्केबाजी के लिए कोई मान्यता प्राप्त भागीदार नहीं है, इसलिए ईबी ने 2028 में लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में इस खेल को शामिल करने पर रोक लगाने का फैसला किया है।

बाक ने शुक्रवार को मुंबई में कार्यकारी बोर्ड की दो दिवसीय बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आईबीए की मान्यता वापस लेने के आईओसी सत्र के फैसले के बाद, आईओसी ने ओलंपिक मुक्केबाजी के लिए किसी अन्य शासी निकाय को मान्यता नहीं दी है। इसलिए, 2028 खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करने के संबंध में किसी भी निर्णय को रोक दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा डोपिंग रोधी प्रबंधन को अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को सौंपने और 2028 के अंत तक कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) को इसकी मंजूरी देने पर सहमति के बाद ईबी ने 2028 में भारोत्तोलन को शामिल करने की सिफारिश की है।

आईओसी ने शुक्रवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद जारी एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्लूएफ) द्वारा अपने डोपिंग रोधी प्रबंधन को अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) को सौंपने और खेल पंचाट न्यायालय (सीएएस ) को इसकी मंजूरी देने के फैसले के बाद ईबी ने 2028 खेल कार्यक्रम में इसे शामिल करने की सिफारिश की है।

इसमें कहा गया है, पेरिस 2024 ओलंपिक योग्यता और ओलंपिक प्रतियोगिता के लिए डोपिंग रोधी कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर आईओसी द्वारा बारीकी से नजर रखी जाएगी, साथ ही आईडब्ल्यूएफ द्वारा अपनाए गए शासन और सांस्कृतिक परिवर्तनों के कार्यान्वयन पर भी नजर रखी जाएगी। ईबी ने 2028 खेल कार्यक्रम में आधुनिक पेंटाथलॉन को शामिल करने की भी सिफारिश की, क्योंकि इस खेल के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ ने घुड़सवारी को, जो इस खेल में शामिल पांच विषयों का हिस्सा है, बाधा दौड़ के साथ बदलने पर सहमति व्यक्त की है। 2028 कार्यक्रम में इसे शामिल करने का एक अन्य कारण लागत और जटिलता को कम करने के लिए इंटरनेशनल मॉडर्न पेंटाथलॉन यूनियन (यूआईपीएम) द्वारा किया गया अनुकूलन कार्य था।

आईओसी के बयान में कहा गया है, घुड़सवारी को बाधा दौड़ से बदले बिना, इस खेल को कार्यक्रम में शामिल नहीं किया जाता। 2028 में आधुनिक पेंटाथलॉन प्रतियोगिताओं में अब बाधा दौड़, तलवारबाजी, पिस्तौल शूटिंग, फ्रीस्टाइल तैराकी और क्रॉस-कंट्री दौड़ शामिल होगी।

## चोट की चिंताओं के बीच फॉर्म में नजर आए मेसी



**एजेंसी। ब्यूनस आयर्स**

लियोनल मेसी ने विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना की पराग्वे पर 1-0 की घरेलू जीत में दूसरे हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। मेसी, जो इन दिनों मांसपेशियों की समस्या से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह दक्षिण अमेरिकी जोन 2026 विश्व कप क्वालीफायर में 53वें मिनट में जूलियन अल्वारेज के सबस्टिट्यूट के रूप में मैदान में आए। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने अंतिम 20 मिनट में दो बार वुडवर्क पर हमला कर तत्काल प्रभाव डाला। इस दौरान टीम ने पराग्वे पर 1-0 से घरेलू जीत दर्ज की। मेसी ने कहा, मुझे अच्छा लग रहा है। मैं इतनी देर खेलने में सक्षम था, ये मौका मुझे लंबे समय के बाद मिला। मैं इस तरह महसूस करना जारी रखने के लिए जितना संभव हो सके प्रशिक्षण लेना चाहता हूं। मौजूदा विश्व चैंपियन अब अपना ध्यान मंगलवार को लीमा में पेरू के खिलाफ अपने अगले क्वालीफायर पर लगाएंगे।

# हाई कोर्ट में 1984 के सिख दंगा पीड़ितों के मुआवजे पर हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किया जा सका। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई एक नवंबर निर्धारित की है। कोर्ट ने पूर्व में स्टेटस रिपोर्ट सरकार को बताने को कहा था कि सिख दंगा के पीड़ितों को मुआवजा देने के कमीशन की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई है। मुआवजा की राशि किन-किन जिलों में दी जानी है। मुआवजा भुगतान को लेकर क्या पहल की जा रही है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सिख दंगा को लेकर जो प्राथमिकी दर्ज हुई थी उसे पर क्या कार्रवाई हुई है, इस पर भी राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से बताया गया था की तीन जिलों रांची, पलामू और रामगढ़ में पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरूआत कर दी गई है जबकि बोकारो में मुआवजा वितरण के लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता है। इस पर कोर्ट ने मामले में मुआवजा भुगतान से संबंधित अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट राज्य सरकार से मांगा था। पूर्व में ही याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कमीशन ने चार जिलों में सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा भुगतान करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के आदेश पर सिख दंगा मामले को लेकर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में गठित वन मैन कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को दी है, जिसमें झारखंड के सिख दंगे से प्रभावित चार जिलों रांची, रामगढ़, बोकारो, पलामू के लोगों को मुआवजा देने के संबंध में आदेश पारित किया गया है।




## नवाब चिश्ती और शकील उर्फ कारू से जेल में होगी पूछताछ

**रांची।** रांची हिंसा के आरोपी नवाब चिश्ती और मोहम्मद शकील उर्फ कारू से सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) की टीम जेल में पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। सीआईडी दोनों से डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 से जुड़े मामले में पूछताछ करेगी। रांची हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं। उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गई प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत 22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया। वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल इस केस की जांच सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) कर रही है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि सोची- समझी साजिश के तहत 10 जून को रांची के मेन रोड में हिंसा की गई।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक......................../दिनांक........................

**आम सूचना**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत् सभी Desluding/Septic tank Operator को सूचित किया जाता है कि Desluding/Septic tank सफाई का कार्य किये जाने से पूर्व नगर निगम में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। सभी Desluding/Septic tank Operator नगर निगम कार्यालय में दिनांक 25.10.2023 तक अपना पंजीकरण निर्धारित शुल्क रूपए 20000/– (बीस हजार रूपए) भुगतान करते हुए एक वर्ष के लिए पंजीकृत कराना सुनिश्चित करेंगे।

दिनांक 25.10.2023 के पश्चात् अगर कोई भी Desluding/Septic tank Operator बिना पंजीकृत किये हुए नगर निगम क्षेत्र में सफाई का कार्य करते हुए पाये जाते हैं तो उनके विरूद्ध झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011के अन्तर्गत विधि सम्वत् कार्रवाई की जाएगी।

ह0/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक,
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.309047 District(23-24):D


## सीएम को ईडी के दरवाजे पर जाना ही होगा : भाजपा

**रांची।** भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को ईडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका रद्द होने के बाद ने प्रतिक्रिया जारी की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चाहे कितने भी दरवाजे खटखटा लें, अंतत उनको ईडी के दरवाजे पर जाना ही होगा। वे सुप्रीम कोर्ट गए कोई रिलीफ नहीं मिली। आज हाई कोर्ट ने भी उनकी याचिका को खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि हेमंत ईडी के समान के खिलाफ जिस तरह से भागते दिख रहे हैं, उससे क्लियर मैसेज जा रहा है कि इस प्रदेश में 70000 करोड़ का घोटाला हुआ है और उसके तार सीधे तौर पर उनसे जुड़े हुए हैं।प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ईडी के समन को फेस करें। दुनिया की कोई भी एजेंसी किसी भी निर्दोष व्यक्ति को फंसा नहीं सकती।

## उपायुक्त ने सात अपराधियों के खिलाफ अभियोजन की दी स्वीकृति

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को सुखदेवनगर थाने से संबंधित आर्म्स एक्ट के मामले में सात अपराधियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी है। इनमें संतोष राय, रवि कुमार, दीपक कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, अल्तमस अंसारी, सूरज कुमार और सुजित कुमार शामिल हैं। बताया गया कि यह मामला 28 अगस्त का है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पंडरा बाजार समिति के एक व्यवसायी से लूटपाट करने के उद्देश्य से कई दिनों से कुछ अपराधियों के जरिये रेकी की जा रही है। सूचना के बाद वरीय अधिकारी के निर्देश पर नवाटोली चौक के पास स्थित एक घर में छापेमारी कर सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही हथियार और गोली बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे सभी पंडरा बाजार समिति के एक व्यवसायी से लूटपाट करने की फिराक में थे।

## श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी काल्पनिक मंदिर करेगी निर्माण

**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित गोंदा इलाके में श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी इस वर्ष काल्पनिक मंदिर का प्रारूप तैयार कर रही है। कमेटी के सचिव नकुल तिर्की ने शुक्रवार को बताया कि बंगाल के कारीगर मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने में जुटे हैं, जिसकी ऊंचाई 12 फीट होगी। पूरे आयोजन पर करीब 20 लाख रुपये खर्च का अनुमान है। यह पंडाल देखने में काफी आकर्षक लगेगा। इस देखने के लिए लोग काफी उत्साहित होंगे। जिस तरह से इसका निर्माण हो रहा है यह देखने में काफी अकर्षक होगा। पंडाल का उद्घाटन 20 अक्टूबर को होगा। सप्तमी को डांडिया नाइट, अष्टमी को जागरण, नवमी को भंडारा, नृत्य और शंखनाद प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा सप्तमी से लेकर महानवमी तक भोग वितरण किया जायेगा। विजयादशमी को मां की प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि बदलते समय के साथ पूजा का स्वरूप भी बदल गया है। षष्ठी को सीसीएल के सीएमडी पंडाल का उद्घाटन करेंगे।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में अमृत कलश यात्रा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के आह्वान पर चल रहे राष्ट्रव्यापी मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में अमृत कलश यात्रा आयोजित की गई। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की पहल पर यात्रा बीएयू मुख्यालय स्थित स्वर्गीय कार्तिक उरांव की प्रतिमा के पास से प्रारंभ हुई और रांची कृषि महाविद्यालय भवन तक गई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। आगे आगे विद्यार्थीगण राष्ट्रीय ध्वज तथा अमृत कलश लेकर चल रहे थे जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा लाई गई मिट्टी एवं चावल को रखा गया था। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डा बीके झा ने बताया कि यात्रा विश्वविद्यालय मुख्यालय के निकट राष्ट्रगान से प्रारंभ हुई तथा पंच प्रण प्रतिज्ञा के साथ पूरी हुई। समापन स्थल पर छात्र- छात्राओं ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ ली।





## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लातेहार

सुनहरा अवसर सुनहरा अवार

**रिक्ति की सूचना**

एक दिवसीय रोजगार मेला / Placement Drive – 2023

दिनांक: 16/10/2023

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक : 16.10.2023 दिन सोमवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला/Placement Drive 2023 का आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification: Essential | Qualification: Desirable | Experience | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HERITAGE TOYOTA CHIYANKI, DALTONEGANJ PALAMU | SALES EXECUTIVE | 03 | GRADUATION | - | 1 | 22-25 | 10.000-15.000 |
| 2 | VPR-BGR-PLR CONSORTIUM MAGADH OCP CCL LATEHAR | HELPER | 05 | - | 10TH | - | 18-30 | 7000+Food+ |
| 3 | INDIGO SECURITY FORCE LATEHAR | SECURITY GUARD | 05 | 10Th | - | - | 21-35 | 7000-10000 |
| 4 | CONSTRUCTION INDUSTRY DEVELOPMENT COUNCIL R.k Palce Lake Road Kishoreganj Chok Harmu Ranchi | GENERAL WORK SUPERVISOR | 50 | 12Th | 12TH/ITI/DIPLOMA | FRESHER | 18-32 | CTC- 12K To 15K Per Month |
| | | FRAMEWORK TECHNICIAN | 150 | 10TH | 12TH/ITI/DIPLOMA | FRESHER | 18-32 | CTC- 12K To 15K Per Month |
| | | ELECTRICIAN | 50 | 10TH | 12TH/ITI/DIPLOMA | FRESHER | 18-32 | CTC- 12K To 15K Per Month |
| | | PLUMBER | 50 | 10TH | 12TH/ITI/DIPLOMA | FRESHER | 18-32 | CTC- 12K To 15K Per Month |
| 5 | L.I.C OF INDIA LATEHAR | INSURANCE ADVISAR | 20 | 10TH | - | - | 18-50 | Commission Bases |
| 6 | SGRS ACADEMIC PVT.LTD 3rd Floor sri Mohan Building main Road Railway Overbridge Sita Compound. Ranchi Jharkhand 834001 | DOMAIN TRAINER (Electrician. Fitter. Welding. Automotive.Electrician.S amart Phone assembling) | 12 | B.E / B. Tech (Civil Engineering / Mechaincal Engineering / Electrical Engineering Diploma (Civil Engineering or mechanical Engineer ing 12th Class with ITI Plumber, Electricina, Welder. Fitter,) | - | 3 | 21+ | 15100-21100 |
| | | SET TRAINER (SELF EMPLOYED TAILOR) SMO TRAINER (SEVING MACHINE OPERATOR | 20 | Diploma in relevant trade of minimu m 1 year duration ITI in the relevant trade, Certificate in relevant trade of minimum 6 months duration , 10th pass with supervisory experience in relevant trade, diploma In relevant trade of minimum 1 year duration 10th pass with supervisory experienc e in relevant trade6, ITI in the re levant tread 2, Graduate in the relevant trade 2, Certificate in relevant trade of minimum 6 month duration | - | 3 | 21+ | 15100-21100 |
| | | IT TRAINER CUM HARDWARE | 02 | B. Sc IT/ B.C.A or ADCA | - | 3 | 21+ | 15100-21100 |
| 7 | MILLENNIUM SKILL ASSESSORS P.V.T PLOT. 14 SECTOR 44 GURUGRAM | SECURITY GUARD | 500 | 10TH PASS | - | YES | 18-40 | 14000-21000 |
| 8 | SAHU MOTORS MAIN ROAD KARKAT, LATEHAR | MECHANIC | 05 | 12TH PASS | - | 2 | 18+ | 10000 |
| 9 | JOBS. COM 2ND FLOOR, NEW MARKET COMPLEX H.B ROAD THARPAKNA, RANCHI | MARKETING | 25 | GRADUATION | GOOD COMMUNICATION | 1 | 21-35 | 15000-25000 |
| | | SALES PERSON | 25 | INTER | - | 1 | 18-30 | 8500-14000 |
| | | ACCOUNTANT | 20 | B.COM | TALLY AND MS OFFICE | 1 | 20-35 | 15000-30000 |
| | | CUSTOMER RELATIONSHIP EXECUTIVE | 25 | GRADUATION | GOOD COMMUNICATION | 1 | 21-35 | 10000-15000 |
| | | TELE CALLER | 25 | INTER | - | - | 18-35 | 8000-12000 |
| | | GNM | 10 | GNM | | 1 | 18-35 | 12000-16000 |
| | | COMPUTER OPERATOR | 10 | GRADUATION | COMPUTER KNOWLEDGE | 1 | 20-35 | 12000-16000 |
| | | SUPERVISOR | 10 | INTER | - | 1 | 18-35 | 10000-15000 |
| | | COOK | 10 | MATRIC | - | 1 | 18-35 | 10000-15000 |
| | | WAITER | 25 | MATRIC | - | 1 | 18-35 | 8000-12000 |
| 10 | SADAC INDIA PVT LTD,NOIDA FLAT NO B 103 FIRST FLOOR SAI APPARTMENT, 2 SAI ENCLAVE SHYAM COLONY BAROLA, NOIDA, GAUTAM BUDHA NAGAR UP- 201301 | OFFICE STAFF | 3 | 10th | - | - | 18-35 | 8000-10000 |
| | | ACCOUNTANT | 2 | B.COM | - | - | 18-35 | 9000-11000 |
| | | COMPUTER OPPERATOR | 5 | 12+CCC | - | - | 18-35 | 8000-9000 |
| | | SERVEY EXE | 88 | 10TH | - | - | 18-35 | 16500 |
| | | SALES EXE | 70 | GRADUATION DIPLOMA | - | - | 18-35 | 15000-17000 |
| | | H.R EXE | 5 | GRADUATION DIPLOMA | - | - | 18-45 | 19000-31500 |
| | | H.R MANAGER | 1 | MBA.M.COM,M.A,M.SC | - | - | 18-45 | 25000-35000 |
| | | CCTV/RO TECHNICIAN | 12 | 10TH ,ITI | - | - | 18-45 | 10000-16500 |
| | | TELECALLER | 15 | 10TH | - | - | 18-45 | 10000-16000 |
| | | SUPERVISOR | 5 | BA | - | - | 18-45 | 25000-30000 |
| 11 | ARCTIC INDUSTRIES PVT.LTD DIMNA ROAD KHADIA VASTI ROAD NO 05 JAMSHEDPUR JHARKHAND | SALE MANAGER | 6 | GRADUATE | - | - | 18-45 | 15000-25000 |
| | | SALE EXECUTIVE | 100 | INTER | - | - | 18-45 | 15000-20000 |
| | | SERVY EXECUTIVE | 180 | HIGH | - | - | 18-45 | 15000-20000 |
| | | RO TECHNICIAN | 70 | HIGH ITI | - | - | 18-45 | 15000-17000 |
| | | CCTV TECHNICIAN | 50 | HIGH ITI | - | - | 18-45 | 15000-17000 |
| | | COMPURER PPERATOR | 5 | HIGH + CCC+DCA | - | - | 18-45 | 15000-20000 |
| | | TELECALLER | 50 | HIGH | - | - | 18-45 | 10000-15000 |
| | | SENIOR HR MANAGER | 5 | POST GRADUATE | - | - | 18-45 | 15000-25000 |
| | | HR EXECUTIVE | 50 | GRADUATE | - | - | 18-45 | 15000-20000 |
| | | ACCOUNTANT | 10 | B. COM | - | - | 18-45 | 15000-20000 |
| 12 | EDIQUE SOLUTIONS PVT.LTD SKYLINE COMPLEX, 5007-08 KADRU, RANCHI NEAR JP HYUNDAI (CAR SHOEROOM) | ICT INSTRUCTORS | 21 | (1) Minimum qualification Graduate in any discipline with minimum pne-year PGDCA Certificate / Diploma in AI/ pg Diploma in IT infrastructure, Pass "o" Level/Alevel/b Level or higher- level course of National Instutute of Electronics and Information (2) Graduate / Post Graduation with one of the compulsory subjects of computer application / science/information technology, MCA/BCA/B.SC. IT/ B.E./B.TECH/ M.TECH (3) Not: All the above certificate valid from any recognized recognized university | Not Mandatory | - | 21-40 | 10000 CTC PER MONT |
| 13 | SIS LTD. SIS BELCHAMPA GARHWA | S.G | 150 | 10TH | - | - | 21-36 | 10000-18000 |
| | | CTT | 70 | 12TH | - | - | 20-30 | 10000-15000 |
| | | S.S | 110 | 12TH | - | - | 21-36 | 15000-20000 |
| 14 | PANIIT ALUMNI REACH FOR INDIA FOUNDATION RANCHI, JHARKHAND | WIRE HORNESS | 100 | 10TH | 10+2 | - | 18-28 | 14000 |
| | | SMO | 50 | 7TH | 10+2 | - | 18-28 | 10000 |
| | | AMD | 50 | 10TH | 10+2 | - | 18-28 | 14000 |

**नोटः– एक दिवसीय रोजगार मेले में आने वाले कम्पनियों की संख्या घट/बढ़ सकती है।**

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा (2कॉपी), नियोजनालय का निबंधन कार्ड व स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र का छाया प्रति के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है। इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। उक्त मेले में कोविड–19 के नियमों (SOP) का दृढ़ता पूर्वक अनुपालन किया जाएगा।

नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in /जिला नियोजनालय, लातेहार के सूचना पठ पर देखी जा सकती है।

आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 309096 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/06/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 30.10.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 31.10.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 31.10.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
   3. In the Office of Assistant Engineer, Subdivision No-01, Daltonganj.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Haratua Under Block Nilamber-Pitambarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 2. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Darudih Under Block Nilamber-Pitambarpur, Palamu. | 1185500.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 3. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Juru Under Block Nilamber-Pitambarpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 4. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Naudiha Under Block Nilamber-Pitambarpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 5. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay Bhajaniya, Panchayat- Bhajaniya Under Block Mohammadganj, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 6. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay Mohammadganj, Panchayat- Mohammadganj Under Block Mohammadganj, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 7. | Construction of P.C.C Road, NH-75 to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Ketatkala Under Block Bishrampur, Palamu. | 568500.00 | 11500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 8. | Construction of P.C.C Road, Railway Fatak to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Tolra Under Block Bishrampur, Palamu. | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 9. | Construction of P.C.C Road, NH-75 to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Bhandar Under Block Bishrampur, Palamu. | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 10. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Pagar Khurd Under Block Panki, Palamu. | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 11. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Pakariya Under Block Panki, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 12. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Panki Purwi Under Block Panki, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 13. | Construction of P.C.C Road, Ashok Saw House to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Karso Under Block Chainpur, Palamu. | 592700.00 | 12000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 14. | Construction of P.C.C Road, Dayal Pandey House to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Rajwadih Under Block Sadar Medininagar, Palamu. | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 15. | Construction of N.D.P.S District Maalkhana in A- Block and Paver Laying in Parking Area in Collectorate Building, Palamu at Daltonganj | 1468700.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 16. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Samudayik Bhawan Cum Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Lotaniya Under Block Hussainabad, Palamu. | 1185600.00 | 12000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 17. | Construction of P.C.C Road, Dangawar Main Road toPanchayat Sachiwalay, Panchayat- Belbigaha Under Block Hussainabad, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 18. | Construction of P.C.C Road, Aahar Tola School Bohita to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Bohita Under Block Satbarwa, Palamu. | 1039800.00 | 21000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 19. | Construction of P.C.C Road, Pani Tanki Jora to Baldev Singh House to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Dulsulma Under Block Satbarwa, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 20. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Palhe Kala Under Block Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 21. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Hisra Barwadih Under Block Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 22. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Meral Under Block Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 23. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Jaghansi Under Block Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 24. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Rudidih Under Block Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 25. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Kashwakhar Under Block Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 26. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Nawakhas Under Block Patan, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 27. | Construction of P.C.C Road, Sarsawa Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat- Chiru Under Block Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 28. | Construction of P.C.C Road, Ashok Yadav House to Panchayat Bhawan, Panchayat- Kalapahar Under Block Chhattarpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 29. | Construction of P.C.C Road, Arjundih Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat- Kaual Under Block Chhattarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 30. | Construction of P.C.C Road, Main Road Kawal to Panchayat Bhawan, Panchayat- Kawal Under Block Chhattarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 31. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat- Naudiha Under Block Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 32. | Construction of P.C.C Road, NH-98 Road to Panchayat Bhawan, Panchayat- Sildag Under Block Chhattarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 33. | Construction of P.C.C Road, Babalu Prasad Saw House to Panchayat Bhawan, Panchayat- Sushiganj Under Block Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 34. | Construction of P.C.C Road, Udaygarh Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat- Bagaiya Under Block Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 35. | Repair of B-Type Quarter Building in Civil Surgeon Quarter Campus, at Daltonganj | 2443300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 36. | Construction of P.C.C Road, Middle School Kaurhiya to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Kaurhiya Under Block Sadar Medininagar, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 37. | Repair of Office of the District Planning Officer, General Section Office and Aluminum Railing at 1st & 2nd Floor of A-Block, Collectorate Building, Palamu at Daltonganj for the year 2023-24 | 2074300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 38. | Renovation of ASP Cum SDPO Residence in View blocker on Boundary wall Shed and Modular Kitchen at Daltonganj, Palamu | 2431300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 39. | Constructoins of Public toilets Boundary wall raising and Fencing, Electrification of Hospital Building and Perver Block work at and other miscellenuous works in the campus of Aayush Hospital Chainpur , Palamu, Daltonganj. | 1027200.00 | 21000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 40. | Laying of Paver Block and miscellaneous work in Civil Surgeon Office campus Daltonganj | 2371200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |

**Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.**

PR 309090 Building(23-24)D









## कुछ यादें राष्ट्रीय नवीन मेल के सफरनामे पर

# शानदार 30वें वर्ष में प्रवेश

आज के दौर में पत्रकारिता एक गंभीर चुनौती है। इस फील्ड में काम कर रहे पत्रकारों के लिए खबरों का चयन और उनकी प्रस्तुति काफी मायने रखती है। ऐसे में अखबार की विश्वनीयता भी काफी मायने रखती है। ऐसे में सवाल उठता है कि सबसे अच्छा अखबार कौन सा है? उसका सहज उत्तर होगा जो सटीक एवं निष्पक्ष समाचार देता हो। ऐसे में झारखंड के पलामू से 29 वर्षों से लगातार प्रकाशित हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल का नाम ईमानदारी से लिया जा सकता है। यह किसी के लिए अच्छा तो किसी के लिए बुरा भी है। कारण यह खबरों के साथ कभी बेईमानी नहीं करता है। इस सच्चाई से मुंह भी नहीं मोड़ा जा सकता है। राष्ट्रीय नवीन मेल का जन्म 14 अक्तूबर 1994 कों हुआ है। उस जमाने में पलामू में कई विषमताओं ने डेरा जमा लिया था। उसे समाप्त करने की दिशा में इसे कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इस बात को मीडिया घराने भी स्वीकार करते हैं। उस दौर में यहां अखबार पटना से से आते थे। वह भी लेट। आज कई अखबार यहां आने लगे हैं। किसी खबर को मैनेज करना राष्ट्रीय नवीन मेल की उपस्थिति में अन्य अखबारों के लिए मुश्किल साबित हुआ है। यही कारण है कि झारखंड के जीवन का यह एक समृद्ध पथ आज तक बना हुआ है। दूसरी तरफ अखबार के संचालक द्वारा कभी भी किसी कर्मी को




दबाव नहीं दिया जाता है। यही कारण है कि अखबार में सच्ची खबरों का समावेश होता है। इसकी यात्रा की पगडंडियों में कई साथी जुड़े। उनका स्मरण आना स्वभाविक है। वैसे कई साथी कार्य करने के उपरांत छोड़ गये हैं। जिनके नाम भी याद नहीं आते हैं। इसकी खास वजह यहां का वातावरण रहा है। ऐसे भी पलामू जिसे रास आ जाता है,वह छोड़कर नहीं जाना चाहता है। इसमें कुछ साथी दिवंगत भी हो गये। बहरहाल हम सब जानते हैं कि 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। उसकी वजह यह है कि हिन्दी भाषा में उदन्त मार्तण्ड नाम से पहला समाचार पत्र 1826 में निकाला गया था। ऐसे ही पलामू के इतिहास में 14 अक्तूबर के दिन को खास बनाने के लिए तमाम लोगों को एक मंच पर आने की जरूरत है। कारण इसी दिन राष्ट्रीय नवीन मेल का प्रकाशन शुरू हुआ था। यह तारीख मेदिनीराय की धरती पर खास है। ऐसे भी बाहर जाने पर कोई किसी से प्रबुद्ध वर्ग एक सवाल करता है कि आपके शहर से किसी दैनिक का प्रकाशन होता है कि नहीं? अब गर्व से लोग कहते हैं कि हमारे यहां से एक दैनिक 29 सालों से प्रकाशित हो रहा है। कहने का अभिप्राय यह कि किसी शहर की पहचान अखबार से भी होती है। इससे पता चलता है कि उस जगह के लोग जागरूक हैं। ऐसे में पलामू के विकास यात्रा का सहचर रहा यह अखबार आज भी उम्मीदों का ऐसा आकाश है,जहां रोज नया होता है।राष्ट्रीय नवीन मेल का आकाश इतनी अवधि में काफी बड़ा हो चला है। इसने समय-समय पर झारखंड ही नहीं पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कराया है। सबसे पहले पशुचारा घोटाले की खबर इसने ही प्रकशित की थी। इसके बाद ही लोगों को पता चला कि यह घोटाले में कौन-कौन संलिप्त हैं। 3600 साल पहले पलामू के कबराकला में बसा था एक नगर। यहां की गौरवशाली विरासत की झलक पुरातत्वविदों को खुदाई में मिले थे। साथ ही मौर्यकालीन अवशेष। जिसे मेल ने सबसे पहले छाप कर इस ओर सब का ध्यान आकृष्ट कराया। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन की खबरों के माध्यम से देश को बताया कि क्यों है अलग राज्य जरूरी। पलामू की सुन्दरता,खनिज की प्रचूरता और सम्यता है बेमिसाल नाम से कई बार आलेख प्रकाशित हुए। पलामू दसशीशानाथ महादेव सोन -कोयल समेत तीन


राष्ट्रीय नवीन मेल
विस्फोटक पदार्थ का जखीरा बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार
अज्ञात अपराधियों ने वृद्ध को गोली मारकर किया घायल
www.rastriyanaveenmail.com
गागर में सागर

नदियों के बीच अनूठा है मंदिर। यहां मान्यता है कि रावण ने सोन में स्थापित किया था शिवलिंग। देश की सबसे बड़ी डार्क साइट है पीटीआर में। यहां सबसे अंधेरी रातें होती हैं कारण यहां प्रदूषण नहीं है। नेतरहाट की पहाड़ियों पर बादलों का बसेरा। झारखंड की जीवन धारायें- लोध फॉल,सुग्गा फॉल,सुखलदरी फॉल इत्यादि ऐसी खबरों के माध्यम से लोगों के साथ सरकार का ध्यान आकृष्ट इसी अखबार ने कराया है। यह दीगर बात है कि बाद में अन्य अखबारों ने इसकी नकल की है। शायद यह बात यहां कहना सही नहीं लगता,लेकिन सच्चाई से मुंह भी नहीं मोड़ा जा सकता। इस बाबत प्रधान संपादक बार-बार कहते हैं कि नयी तकनीक का युग है। रोज-रोज नयी चीजें पत्रकारों को सीखनी चाहिए। तभी आप बाजार में खड़ा हो सकते हैं। झारखंड के विभिन्न जिलों में अवस्थित धार्मिक स्थल, पर्यटन, शैक्षणिक संस्थान, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय नवीन मेल बराबर खबरों को छापता रहता है। यह अखबार सरकार के सामने एक सेतु का कार्य कर रहा है। वह सरकार के साथ ही प्रशासन को यह बतलाता रहता है कि यहां कार्य करने की जरूरत है। ताकि गरीबों, असहायों को मदद मिल सके। एक प्रकार से यह अखबार गाइड की भूमिका में अपना कार्य करते हुए आगे बढ़ रहा है। आखिर कोई अखबार 29 सालों से लगातार प्रकाशित हो रहा है तो कुछ न कुछ बात है न.... सोचिए और हमारी यात्रा में शामिल होइये,अभी बहुत कुछ समाज के लिए करना बाकी है।

# पत्रकारों की फैक्ट्री है राष्ट्रीय नवीन मेल

आज से 29 साल पहले 14 अक्टूबर 1994 को राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार का प्रकाशन सुरेश बजाज सर के द्वारा किया गया था। उस समय मेरी उम्र लगभग 10 वर्ष थी। 2015 में जब मैं राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के लिए रिपोर्टिंग की शुरूआत की तो हमें अखबार से संबंधित कुछ भी लिखना पढ़ना नहीं आता था। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के स्थानीय संपादक ओमप्रकाश अमरेंद्र सर ने हमें अखबार में लिखने और किसी भी खबर को समझ कर लिखने की जानकारी दी। वह हमारे गुरु से कम नहीं हैं। आज हमें अखबार से संबंधित जो भी ज्ञान प्राप्त हुआ है उसका श्रेया उन्हीं को जाता हैं। बताते चलें कि पत्रकारिता के दौरान 4 वर्ष पहले हाउसिंग कॉलोनी निवासी छात्र नेता चंदन सिंह को अपराधियों ने अगवा कर उसकी हत्या कर दी थी। परंतु लाख प्रयास के बाद भी पुलिस चंदन सिंह के शव को ढूंढने में असफल रही। इसी घटना के बीच रिर्पोटिंग के लिए मैं डालटेनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां पर मेरे एक मित्र मुकेश कुमार जीआरपी थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने हमें एक अज्ञात शव की तस्वीर व्हाट्सएप के माध्यम से दिखायी हमने उसकी तुरंत पहचान कर ली। वह शव छात्र नेता चन्दन सिंह का था। जीआरपी थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने हमें बताया कि चंदन का शव सासाराम जीआरपी थाना मालगाड़ी के डिब्बे में मिली है। इसके बाद हमने इसकी जानकारी पूर्व डीएसपी प्रभात रंजन बरवार और पूर्व शहर थाना प्रभारी संजय कुमार मालवीय को दी। डीएसपी ने मुझे बुलाया और चंदन का फोटो अपने व्हाट्सएप पर भेजने का आग्रह किया। फोटो को जब व्हाट्सएप पर भेजा गया तो डीएसपी ने चंदन के परिजनों को शहर थाना बुलाकर फोटो को दिखाया। परिजन फोटो देखकर




चंदन की पहचान लिए। पुलिस परिजन को लेकर सासाराम रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां पता चला कि काफी दिनों से शव की पहचान नहीं होने पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। छात्र नेता चंदन हत्याकांड की खबर सबसे पहले राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में प्रकाशित हुई थी। अखबार के माध्यम से ही लोगों को चंदन हत्याकांड के कारणों का पता चल पाया। उस समय यह अखबार काफी चर्चा में रहा। बता दें कि हमारे राष्ट्रीय नवीन अखबार के मालिक सुरेश बजाज और हर्षवर्धन बजाज सामाजिक व्यक्ति हैं। उन्होंने मेदिनीनगर शहर के सभी जरूरतमंद लोगों का तहे दिल से मदद किया है। इसके अलावा इनका धार्मिक आस्था मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा में भी अहम योगदान रहा है। वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना महामारी के समय जब झारखंड सरकार के द्वारा जिले में संपूर्ण लॉकडाउन लगाया गया था। उस विकट परिस्थिति में राष्ट्रीय नवीन मेल के मालिक सुरेश बजाज जी के द्वारा सैकड़ों गरीब असहाय लोगों के बीच सूखा भोजन का वितरण कराया गया था। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के पाठक अपने पलामू की सभी खबरों को विस्तृत से पढ़ सकें इसके लिए अखबार में एक अलग से अपना शहर पेज को बढ़ाया गया है। पाठक इस पेज को काफी पसंद भी कर रहे हैं।

❖ उपेन्द्र कुमार

# तूफान से निकल कर आया राष्ट्रीय नवीन मेल


आज हमारा झारखंड पलामू सहित पूरे गांव कस्बों में राष्ट्रीय नवीन मेल लोगों के लिए यह अखबार अनमोल माना जाता है क्योंकि इस अखबार में हर तरह की खबरें छपी रहती है। जो गांव-गांव तक बहुत आसानी से खबर लोगों को पहुंचती आ रही है। यह अखबार का 14 अक्टूबर 1994 को मुख्य संपादक सुरेश बजाज के द्वारा यह राष्ट्रीय नवीन मेल समाचार पत्र की शुरूआत हुई थी। अनजान सी समाचार पत्र उन्होंने कभी सोचा नहीं था। राष्ट्रीय नवीन मेल के अच्छे दिन शुरू हो जाएंगे। हालांकि यह झारखंड पलामू की सबसे पुरानी बहुभाषी अखबारों में एक है। यह लोगों की नजरों से ओझल कभी भी नहीं रहा। उनके कड़ी मेहनत से 29 वर्ष का सफर तय करते हुए आज इस अखबार 30 वर्ष में प्रवेश कर रहा है। जब से मेदिनीनगर स्थानीय संपादक ओमप्रकाश अमरेंद्र के आते ही रातों-रात इसका इस अखबार का चर्चा बाजार में इसकी सुनाई देने लगी। इसका परिणाम यह हुआ कि आज पलामू की सबसे बड़ी प्रिंट मीडिया में यह अखबार गांव कस्बा में खबरों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है यह अखबार न सिर्फ सपना देख रहा है बल्कि तेजी से उन्होंने सपने को हकीकत में बदलने की राह पर दौड़ भी रहा है। दशकों पुराने राष्ट्रीय नवीन मेल समाचार का इस तेजी से कायाकल्प होना कुछ मूलभूत सवालों को जन्म देता है। राष्ट्रीय नवीन मेल समाचार के माध्यम से खबरों की दुनिया में अपनी वैसी ही पैठ बनाना चाहता है जैसी प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में उसने शिशु मंदिर और विद्या मंदिर स्थापित करके पलामू ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड भर में बनाई है। सालों से मरणासन्न पड़े ऐ समाचार में हाल-फिलहाल क्या बदलाव हुए हैं, कितने लोग इसमें कार्यरत हैं, कितने राज्यों में इसकी मजबूत पकड़ है और भविष्य में इसका स्वरुप कैसा होने जा रहा है। यह सब बातों को लेकर हमेशा से प्रगतिशील अखबार रहे हैं। नए झारखंड के साथ आगे बढ़ते हुए हिंदी के हमारे प्रमुख अखबार नवीन मेल ने आज के हिंदी पाठकों की जरूरतों को देखते हुए इसमें तमाम बदलाव किए हैं। इस संस्थान के वर्तमान और भविष्य से जुड़े इन तमाम सवालों के जवाब के साथ ही इस अखबार का चर्चा हर जगह इतिहास के पन्ने में है।

**यह अखबार न सिर्फ सपना देख रहा है बल्कि तेजी से उन्होंने सपने को हकीकत में बदलने की राह पर दौड़ भी रहा है। दशकों पुराने राष्ट्रीय नवीन मेल समाचार का इस तेजी से कायाकल्प होना कुछ मूलभूत सवालों को जन्म देता है।**

❖ गुड्डू कुमार

# नवीन मेल अखबार हमेशा खोजी पत्रकारिता सिखाया है

राष्ट्रीय नवीन मेल एक ऐसा संस्थान है जो पत्रकारों के लिए ट्रेनिंग सेंटर माना जाता है। एक अच्छा पत्रकार बनने के लिए आपको समसामयिक घटनाओं की जानकारी यह समाचार पत्र के द्वारा पत्रकारिता में सिखाया है। प्रिंट अखबारों में पत्रिकाओं तक, पत्रकारिता के पेशे को सफल होने के लिए कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तित्व गुणों और महत्वपूर्ण कौशल की आवश्यकता होती है। जो मीडिया समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार हमेशा पत्रकार को खोजी पत्रकारिता करना सिखाया है। ताकि कई मायनों में समाज के लिए महत्वपूर्ण है। यह जनता को बुराइयों और अन्यायों के बारे में सूचित करने के अलावा, गलत काम करने वालों की मुखबिरी करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एक ऐसी भूमिका है जिसके माध्यम से कुछ प्रकार के अन्याय के बारे में अज्ञात तथ्यों को सबसे पहले अपने प्रिंट मीडिया में प्रसारित किया





है।क्योंकि रिपोर्ट को मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने से पहले गहन शोध करना पड़ता है। इसलिए पत्रकारों ने विभिन्न स्त्रोतों पर शोध करने में बहुत समय बिताया ताकि जांच के विषय के बारे में विस्तृत सच्चाई सामने आ सके। एक पत्रकार के लिए सूचना के स्त्रोतों की रक्षा की करना सिखाया है। पत्रकार को जो सबसे जरूरी सलाह दे सकता है और कुछ महत्वपूर्ण कोई बड़ी सलाह दे सकता है तो वह राष्ट्रीय नवीन मेल संस्थान। उसका उद्देश्य कभी न भूलें। एक पत्रकार किसी रिपोर्टर पर काम करते समय भावनाओं पर नहीं, तथ्यों और सबूतों पर भरोसा करता है। एक आदर्श पत्रकार को चौकस रहना चाहिए और किसी स्थिति का आकलन करने के लिए उसके पास मजबूत विश्लेषणात्मक कौशल होना चाहिए, अगर उसमें कुछ और भी हो। चाहे बात सूत्रों की विश्वसनीयता की पुष्टि करने की हो या किसी घटना का आकलन करने की, एक पत्रकार को किसी स्थिति को गंभीरता से लेना आना चाहिए। कहानी का मंसौदा तैयार करने से पहले जानकारी को सत्यापित करने का ठोस निर्णय भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पत्रकारिता के विभिन्न रूप हैं जो काफी हद तक प्रसारित किए जा रहे संदेश की सामग्री और प्रकृति पर निर्भर करते हैं। और यह सब बातें राष्ट्रीय नवीन मेल कवार में स्थानीय संपादक द्वारा बताए जाते हैं और कुछ महत्वपूर्ण बातें भी शामिल है।

❖ बजरंगी कुमार

# 29 वर्षों की यात्रा में राष्ट्रीय नवीन मेल को पाठकों ने स्नेह दिया है

राष्ट्रीय नवीन मेल हमेशा से प्रगतिशील अखबार रहे हैं। नए झारखंड के साथ आगे बढ़ते हुए हिंदी के हमारे प्रमुख अखबार नवीन मेल ने आज के हिंदी पाठकों की जरूरतों को देखते हुए इसमें तमाम बदलाव किए हैं। साथ ही पत्रकारों को भी इस संस्था से अच्छे-अच्छे मुकाम पर है। इसका शुभारंभ 1914 में हुआ था। झारखंड की भूमि पर राष्ट्रीय पत्रकारिता को मजबूती देने के लिए जो समाचार पत्र शुरू किया गया, आज वह एक विशाल मीडिया समूह के रूप में पूरे झारखंड में न सिर्फ अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है, बल्कि लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ता चला जा रहा है। राष्ट्रीय नवीन मेल पहली बार झारखंड का सबसे अधिक पढ़ा जानेवाला हिंदी का अखबार बना। तब से लेकर अब तक यानी बीते 29 वर्षों से लगातार राष्ट्रीय नवीन मेल पाठकों की पसंद के पहले पायदान पर मजबूती के साथ डटा हुआ है। यह अखबार में प्रकाशित होनेवाली सामग्री से पाठकों की जीवन शैली और सोच में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश की जाती हैं। इस अखबार की कोशिश यही होती है कि राष्ट्रीय नवीन मेल समाचार-विचार सामग्री पाठकों को सकारात्मक सोच से लैस करने के साथ जानकारीपरक, समाधानपरक, मानवीय संवेदनायुक्त, दिशा देने वाली और राष्ट्र के प्रति निष्ठा को बढ़ाने वाली हो। पलामू सहित पूरे झारखंड राज्य में सबसे लोकप्रिय समाचार पत्रों में से एक होने के नाते, राष्ट्रीय नवीन मेल पूरे क्षेत्र में हिंदी पाठकों तक पहुंचने का सबसे अच्छा विकल्प है। राष्ट्रीय नवीन मेल माध्यम व्यक्ति और व्यवसाय लक्षित दर्शकों तक पहुंचा है। साथ ही रिपोर्ट की खबरें



प्रसारित करने से पहले गहन शोध करता है। इस संस्था में जितने भी पत्रकार काम किया हैं आज के समय में राष्ट्रीय स्तर पर अपना झंडा फहरा रहे हैं। यहां पत्रकारों की खुलकर खबरों की लोग स्वेच्छा से किसी निश्चित मुद्दे के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। समाज में घोटालों और कदाचारों के उजागर बराबर होने की कोशिश करते हैं। पत्रकार को अपने स्त्रोत उजागर करने की खुली आजादी है। समय सीमा को पूरा करना, नियमित कामकाजी घंटों से पहले काम करने के लिए तैयार होना और संपादकों की आलोचना स्वीकार करने का साहस रखना। साथ ही, सफल होने के लिए पत्रकारों को आत्मविश्वास दिखाना लोग इस अखबार व संपादकों से सिखा है। हालांकि, आपको हमेशा अपनी सीमाओं से सीखने और अपने कौशल को बढ़ाने के लिए उत्सुक रहना सिखाया है।

❖ धनंजय कुमार